■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com ■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 335
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शनिवार
10 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1857:** भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम आरंभ हुआ था।
**1993:** संतोष यादव एवरेस्ट पर दो बार पहुंचने वाली विश्व की पहली महिला पर्वतारोही बनी।
**1995:** दक्षिण अफ्रीका की सोने की एक खान में लिफ्ट पर ट्रेन गिरने से 104 मजदूरों की मौत।
**2005:** लाहौर-अमृतसर बस सेवा शुरू करने पर भारत और पाकिस्तान सहमत।

**जिंदगी को खुश रहकर जियो क्योंकि रोज शाम सिर्फ सूरज ही नहीं ढलता, आपकी अनमोल जिंदगी भी ढलती है।**

# ऑपरेशन सिंदूर : पाकिस्तानी मीडिया का दुष्प्रचार बेनकाब, सच्चाई पर झूठ का पर्दा डालने की साजिश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत द्वारा पहलगाम हमले के जवाब में 7 मई को शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पाकिस्तानी मीडिया ने एक बार फिर तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया है। भारत ने अपनी प्रतिक्रिया को सीमित, सटीक और आतंकवाद विरोधी कार्रवाई बताया है, वहीं पाकिस्तान के समाचार चैनलों ने इसे भावनात्मक राष्ट्रवादी प्रचार में बदलने की कोशिश की है। पाकिस्तानी मीडिया का दावा है कि उसने भारतीय मानवरहित विमान (ड्रोन) को मार गिराया। जियो न्यूज ने बिना किसी प्रमाण के 25 से 29 मानवरहित विमानों को बीच में ही रोकने की बात कही, दुनिया न्यूज ने इसे बढ़ाकर 32 बताया, जबकि एआरवाई न्यूज ने इस्राइल निर्मित हारोप मानवरहित विमान का उल्लेख कर दावे को और सनसनीखेज बना दिया। इन चैनलों ने जान बूझकर इस तथ्य को नजरअंदाज किया कि इन विमानों का निशाना आतंकी अड्डे थे, न कि रिहायशी क्षेत्र। इसके अतिरिक्त, हम समाचार और समा टीवी ने आपातकालीन कक्ष के दृश्य और नागरिकों के साक्षात्कारों को दिखाकर भारत की कार्रवाई को आम लोगों पर हमला साबित करने की कोशिश की, जबकि वास्तविकता यह है कि




निशाना बनाए गए ढांचे जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों से जुड़े थे। डॉन न्यूज जैसे प्रतिष्ठित चैनल भी पाकिस्तान की ओर से आतंकवादियों को पनाह देने से इनकार करते हैं। एआरवाई और दुनिया न्यूज ने जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान की संलिप्तता को लेकर भारतीय समाचारों को 'झूठी ख़बर' और 'प्रचार' कहा तथा आतंकवादियों के मारे जाने की सूचना को पूरी तरह नज़रअंदाज़ कर दिया। एक और चौंकाने वाला दावा एक्सप्रेस न्यूज ने किया, जिसने कराची बंदरगाह पर भारतीय प्रक्षेपास्त्र (मिसाइल) हमले का आरोप लगाया, परंतु कोई प्रमाण नहीं प्रस्तुत किया। वहीं जियो न्यूज ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजनयिक प्रयासों का उल्लेख किया, लेकिन हमलों की पृष्ठभूमि, 22 अप्रैल का पहलगाम नरसंहार का कोई ज़िक्र नहीं किया। भारतीय सेना ने 8-9 मई की मध्यरात्रि को दृश्य सामग्री (वीडियो) जारी कर पाकिस्तानी मानवरहित विमानों को मार गिराने की पुष्टि की और यह स्पष्ट किया कि विमानों तथा प्रक्षेपास्त्रों से हमला पाकिस्तान की ओर से पहले किया गया था। नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम के उल्लंघनों और घुसपैठ के प्रयासों के भी साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। पाकिस्तानी मीडिया की यह प्रस्तुति न केवल भ्रामक है बल्कि क्षेत्रीय अस्थिरता को बढ़ावा देने वाली भी है। सत्य यही है–भारत ने उत्तरदायी कार्रवाई की, वह भी स्पष्ट चेतावनी और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप। पाकिस्तानी मीडिया की भूमिका देशभक्ति नहीं बल्कि झूठे प्रचार का औज़ार बन गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### फांसी लगाकर छात्रा ने की आत्महत्या

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले के इंद्रपुरी थाना क्षेत्र स्थित एक पॉलिटेक्निक कॉलेज के हॉस्टल में पंखे से लटका एक छात्रा का शव बरामद हुआ है। इंद्रपुरी के पटनवा खुर्द स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के हॉस्टल से शुक्रवार सुबह छात्रा का शव बरामद होने से कॉलेज प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। घटना की जानकारी पुलिस के साथ-साथ परिजनों को भी दे दी गई है। मृतका 19 वर्षीया छात्रा शाल्वी कुमारी अरवल जिले के नादीखुर्द गांव की निवासी रंजय सिंह की पुत्री बताई जाती है। मृत छात्रा पॉलिटेक्निक कॉलेज के दूसरे वर्ष की छात्रा थी, जो कॉलेज के आवासीय परिसर स्थित एक कमरे में अकेले रहती थी।

### युवक की मौत

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिउर मोड़ के पास गुरुवार की देर रात सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रोहतास जिले के कनक सेमरिया गांव निवासी गोलू चौरसिया के रूप में हुई है। गोलू एक शादी समारोह में शामिल होने बिउर आया था। समारोह से लौटते वक्त बिउर मोड़ के पास उनकी बाइक को अज्ञात बस ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआ रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ट्रेन से कटकर युवती ने दी जान

**बिहारशरीफ (नबिटा ब्यूरो)।** राजगीर-बख्तियारपुर रेलखंड पर दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत तुंगी हाल्ट के पास शुक्रवार को एक युवती ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। मृतका की पहचान रहुई थाना क्षेत्र के गंजपर निवासी सुनील कुमार की पुत्री अभिलाषा कुमारी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतका के पिता सुनील कुमार ने बताया कि उनकी बेटी रामचंद्रपुर में किराए के कमरे में रहकर पॉलिटेक्निक की तैयारी कर रही थी। शुक्रवार की सुबह पैसे को लेकर बातचीत हुई थी। इसके बाद 15 सौ रुपए ऑनलाइन खाते में ट्रांसफर किया था। पुलिस की ओर से सूचना मिली कि तुंगी हाल्ट के पास ट्रैक के पास क्षत विक्षत हालत में बॉडी मिली है।

### तिब्बती नागरिक धराया

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** एसएसबी जवानों ने भारत-नेपाल की सीमा पर एक तिब्बती नागरिक को अवैध तरीके से भारत से नेपाल की ओर जाते हुए पकड़ा है। जवानों के द्वारा पूछताछ में पकड़े गये संदिग्ध की पहचान ल्हुंडुप देचेन(45 वर्ष) के रुप में हुई है। किशनगंज में जवानों ने संदिग्ध को रानीडांगा अंतर्गत गलगलिया के भातगांव के पास से पकड़ा है। तिब्बती संदिग्ध ल्हुंडुप देचेन को एसएसबी के जवानों ने उस वक्त गिरफ्तार किया, जब वह अवैध तरीके से भारत की सीमा पार कर नेपाल की ओर जा रहा था। जब वह सीमा स्तंभ संख्या-101 के पास से अनधिकृत रोड के जरिए नेपाल जा रहा था, उसी दौरान एसएसबी के जवानों ने उसे संदिग्ध पाकर रोक लिया और पूछताछ की। संदिग्ध ठीक से हिंदी नहीं बोलकर तिब्बती बोल रहा था, जिसके बाद एसएसबी के जवानों ने उसे हिरासत में ले लिया।

### नौ बांग्लादेशी गिरफ्तार

**किशनगंज(नबिटा ब्यूरो)।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद बिहार के इंडो-नेपाल की सरहद को अलर्ट कर दिया गया है। इसी बीच बिहार के किशनगंज से सटे भारत बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए 9 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से एक वर्ष पूर्व भारत में प्रवेश कर राजस्थान में मजदूरी का काम कर रहे थे। भारत पाकिस्तान के बीच छिड़ी जंग को देखते हुए सभी बांग्लादेशी नागरिक राजस्थान से वापस अपने वतन बांग्लादेश वापस जाने के फिराक में थे।

### मुख्यमंत्री ने किया 107 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास

# सरकार के महत्वपूर्ण निर्णयों से आगे बढ़ रहीं महिलाएं : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेघड़ा प्रखंड के ग्राम पंचायत पिढ़ौली में डा. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोलों में आयोजित विशेष विकास शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने ई-श्रम कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, आधार कार्ड, बास भूमि-वासगीत पर्चा, लेबर कार्ड, कुशल युवा कार्यक्रम/कौशल विकास कार्यक्रम सहित कुल 22 योजनाओं से आच्छादित लाभुकों को प्रमाण पत्र/स्वीकृति पत्र प्रदान किया। विभिन्न विभागों एवं जीविका दीदियों द्वारा लगाए गए स्टाल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना का सांकेतिक चेक, बिहार भवन एवं अन्य तन्ननिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (विवाह सहायता) का सांकेतिक चेक, बिहार शताब्दी असंगठित कार्य क्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना, आयुष्मान कार्ड, 1946 जीविका स्वयं सहायता समूहों के 23352 दीदियों के लिए बैंकों से ऋण संबंधी 58 करोड़ 32 लाख रुपये का सांकेतिक चेक आदि लाभुकों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने



रिमोट के माध्यम से 64 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से 107 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 12 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से 102 योजनाओं का उद्घाटन तथा 51 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत से 5 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने तेघड़ा प्रखंड के पिढ़ौली ग्राम पंचायत में आयोजित 'महिला संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। महिला संवाद कार्यक्रम में जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करने के दौरान मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए गए कार्यों तथा महत्वपूर्ण निर्णयों से काफी लाभ हुआ है। आपके कार्यों एवं महत्वपूर्ण निर्णयों से महिलाएं न सिर्फ काफी आगे बढ़ रही हैं बल्कि ये आत्मनिर्भर भी बन रही हैं। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदीयों से बातचीत करते हुए कहा कि पहले बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या काफी कम थी। वर्ष 2006 में हमने विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ानी शुरूकी। हमलोगों ने ही स्वयं सहायता समूहों का नाम 'जीविका दिया। इनसे जुड़ी महिलाएं बिहार में जीविका दीदी कहलाती हैं। हमलोगों के इस काम से प्रेरित होकर उस समय की केंद्र सरकार ने इसे अपनाते हुये पूरे देश में लागू किया और इसका नाम 'आजीविका रखा। मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी आदि उपस्थित थे।

# सहकारिता से राज्य की अर्थव्यवस्था मिलेगी को नई गति : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि राज्य का समग्र विकास सहकारिता के मजबूत ढांचे के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार में सहकारी आंदोलन न केवल कृषि क्षेत्र बल्कि पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, सब्जी और शहद उत्पादन जैसे विविध ग्रामीण व्यवसायों को नई ऊर्जा दे रहा है। डॉ. कुमार ने नवबिहार टाइम्स से विशेष बातचीत में कहा कि राज्य सरकार ''समृद्ध सहकारिता, समृद्ध पैक्स'' के सिद्धांत पर काम कर रही है। अब प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) को बहुउद्देशीय स्वरूप में विकसित किया जा रहा है। इन पैक्स को वन स्टॉप शॉप के रूप में तैयार किया जा रहा है, जहां ग्रामीण जनता को बैंकिंग, खाद-बीज, जन औषधि, ई-गवर्नेंस सेवाएं, पेट्रोल-डीजल आउटलेट जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर मिलेंगी। उन्होंने बताया कि बहुउद्देशीय पैक्स न केवल किसानों के लिए बल्कि डेयरी, सब्जी और मछली पालन जैसे क्षेत्रों से जुड़े ग्रामीणों के लिए भी आय के नए अवसर सृजित कर रहे हैं। सब्जी उत्पादकों को 'वेजफ़ेड' के माध्यम से बेहतर विपणन सुविधा मिल रही है, वहीं शहद प्रसंस्करण एवं विपणन



फ़ेडरेशन के गठन से शहद उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। राज्य सरकार सहकारी बैंकों को डिजिटल बना रही है, जिससे कोर बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, गोल्ड लोन व आधुनिक सेवाएं आसान होंगी। दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम से गांवों में रोजगार बढ़ा है और अब बिहार का दूध, लस्सी, मिठाई, आइसक्रीम देशभर में पहुंच रहा है। डॉ. कुमार ने कहा कि बहुउद्देशीय पैक्स ग्रामीण विकास का केंद्र बनेंगे, जहां से न केवल वित्तीय समावेशन होगा, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की ओर भी ठोस कदम बढ़ेंगे।

## बिहार पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** गृह विभाग के निर्देश पर केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने बिहार पुलिस का परिणाम घोषित कर दिया है। बिहार पुलिस में सिपाही पद की 21,391 रिक्तियों के विरूद्ध अंतिम रूप से चयन हेतु अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया गया है। शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं प्रमाण-पत्रों के सत्यापन के आधार पर सफल अभ्यर्थियों की अंतिम चयन सूची/परीक्षाफल प्रकाशित गया। उक्त 32,489 सफल अभ्यर्थियों में से मेधा क्रमानुसार तथा रिक्ति के अनुसार आरक्षण कोटि वार अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की संख्या 21,391 है। इनमें बिहार पुलिस के लिए 19958 और बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के लिए 1433 उम्मीदवारों को स्थान मिला है। 30 गृहरक्षक और 68 स्वतंत्रता सेनानी आश्रित भी चयनितों में शामिल हैं।

# लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर करें विशेष गाड़ियों का परिचालन : रेल मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** जम्मू और चंडीगढ़ एयरपोर्ट के बंद होने के चलते जो पैसेंजर फंसे थे, उनके लिए भारतीय रेल द्वारा विशेष गाड़ियों की व्यवस्था की गई है। रेल परिचालन हेतु की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। स्थिति का पूर्ण जायजा लेने के बाद उन्होंने रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभिन्न सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों की सहायता के लिए गाड़ियों का परिचालन किया जाए। नियमित गाड़ियों के साथ-साथ आवश्यकतानुसार विशेष गाड़ियों का भी परिचालन किया जाए। रेल मंत्री के निर्देश पर 9 मई को जम्मू तथा उधमपुर से चार विशेष गाड़ियों का परिचालन किया गया। रेलवे ने पहली विशेष गाड़ी 04612 का परिचालन जम्मू स्टेशन से सुबह 10:45 बजे किया



जिसमें 12 कोच अनारक्षित श्रेणी के और 12 रिज़र्व क्लास के लगाए गए। 20 कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस दिन में 12:45 बजे उधमपुर से रवाना हुई और जम्मू तथा पठानकोट के रास्ते नई दिल्ली आई। 22 एलएचबी कोच वाली विशेष गाड़ी का परिचालन संध्या 7:00 बजे जम्मू स्टेशन से किया गया। एक और वंदे भारत विशेष गाड़ी का परिचालन किया गया जो दिन में 3:30 पीएम बजे जम्मू से खुली और संध्या में नई दिल्ली स्टेशन पहुंचेगी।

# भारत-पाक में युद्ध जैसे हालात को देखते हुए बिहार में अलर्ट

## सुरक्षा सख्त, अधिकारियों की छुट्टियां रद्द | नेपाल की सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत और पाकिस्तान के बीच बने जंग जैसे हालात के मद्देनजर बिहार के सभी जिले हाई अलर्ट पर हैं। सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध करने और सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। सूबे के आला अधिकारियों को सभी सीमावर्ती जिलों में पूरी तरह चौकसी रखने को कहा गया है। इस बीच आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने




शुक्रवार को बैठक की। इसमें नागरिक सुरक्षा के महानिदेशक परेश सक्सेना भी मौजूद थे। बैठक में भारत-नेपाल के सीमावर्ती जिले पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही पूर्णिया, कटिहार, बेगूसराय, पटना और गया में नागरिक सुरक्षा और स्वयंसेवक बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें ट्रेनिंग देने की बात भी कही गई है। प्रत्यय अमृत ने इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की बैठक की। इसमें सभी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के सुपरिटेंडेंट मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट रहने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के निर्देश पर बिहार में भी तैयारी की जा रही है। अस्पताल, एंबुलेंस, दवा, ऑक्सीजन को लेकर अस्पतालों को निर्देश दिए गए हैं। भारत सरकार आगे जैसे भी निर्देश देगा, हम उसका पालन करते रहेंगे।

जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
medanta THE MEDICITY
एवं अमरशहीद बिपीन सिंह फ़ाउंडेशन



सुविधाएं:- वजन, ब्लड प्रेशर, रैंडम ब्लड शुगर, Spo2, ई.सी.जी. (डॉक्टर परामर्श पे) एवं डॉक्टर परामर्श
नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर
समय :– 11:00 से 2:00 बजे तक
दिनांक :–
स्थान :–
आयोजक :– युवा संघ बौरही (धनरूआ)
बिहार प्रदेश अध्यक्ष विवेक सिंह | उपाध्यक्ष प्रकाश यादव | महा सचिव विवेक रंजन | सचिव अभिषेक पासवान | राष्ट्रीय अध्यक्ष रणविजय सिंह चौहान
Reg. No.: 2024NPL071328
AMARSAHID BIPIN SINGH FOUNDTION
Sahid Bipin Singh Bhawan, West Lohanipur, Kadam Kuan, Patna- 800003
www.amarsahidbsf.com @amarsahidbsf.com amarsahidbsf@gmail.com 7050185050, 7217824922

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine | DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE: MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine | BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE: MD (Acu Yoga) MD (TM) MD (EH) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE: BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE: MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

# राष्ट्र के प्रति महाराणा प्रताप का समर्पण प्रेरणादायक : जायसवाल

## भाजपा ने आयोजित किया राणा-भामा सम्मेलन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज कहा कि महाराणा प्रताप की जिम्मेदारी के प्रति समर्पण का उद्देश्य हमें राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। बिहार भाजपा की ओर से आज वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर पटना के बापू सभागार में राणा-भामा सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. जायसवाल सहित भाजपा के दिग्गज नेताओं ने महाराणा प्रताप की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर आयोजित इस सम्मेलन में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के शौर्यबल को रेखांकित करते हुए उनके युद्ध कौशल और उनके राष्ट्रवाद के प्रति सोच की प्रशंसा की गई।इस समारोह की अध्यक्षता बिहार सरकार के मंत्री नीरज कुमार बबलू ने की।





डॉ. जायसवाल ने महाराणा प्रताप के शौर्य बल और पराक्रम की चर्चा करते हुए कहा कि आज देश और देश की सेना अपनी वीरता का परिचय देते हुए आतंकवाद को समाप्त करने का काम कर रही है। उन्होंने पाकिस्तान के साथ जारी संघर्ष की चर्चा करते हुए कहा कि आज भी हम युद्ध की स्थिति में हैं, फिर भी यह कार्यक्रम हो रहा है।उन्होंने कहा कि इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भी पहुंचना था, लेकिन आज जो स्थिति है उसमें वे इस मौके पर नहीं उपस्थित होने के लिए बिहार के लोगों से क्षमा मांगी है। उन्होंने बिहार के लोगों को शुभकामना भी दी।

डा. जायसवाल ने महाराणा प्रताप की वीरगाथा की चर्चा करते हुए कहा कि उनकी जिम्मेदारी के प्रति समर्पण का उद्देश्य हमें प्रेरणा देता है। उन्होंने इस मौके पर कहा कि यह समारोह आने वाली पीढ़ी को भी महाराणा प्रताप की जीवनी को समझने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि इतिहास उसी को याद करता है जो इस देश और समाज के लिए कुछ कर के जाता है। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने लोगों से महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान करते हुए कहा कि लोग उनके जीवन से न केवल सीख लें बल्कि देश के स्वाभिमान के लिए अपनी सहभागिता भी दें।उन्होंने आगे कहा, 'देश हमें देता है सबकुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें'। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को बुलंदियों पर ले जाने में अपना योगदान देने की अपील की।

इस कार्यक्रम में दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिंहा, सांसद राधा मोहन सिंह, राजीव प्रताप रूड़ी, पूर्व सांसद सुशील सिंह, बिहार सरकार के मंत्री मंगल पांडेय, संतोष सिंह, राजू सिंह, जिवेश मिश्रा, नितिन नवीन, केदार गुप्ता, विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, राणा रणधीर सिंह, संजीव चौरसिया, संजय सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री रितुराज सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, अमृता भूषण राठौर, प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम सिंह, जितेंद्र नीरज, राजकुमार सिंह, राजेश सिंह, पूनम सिंह सहित कई नेता और प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय जनता दल ने किया सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** राष्ट्रीय जनता दल सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन कैमूर जिले के रामगढ़ विधान सभा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व मंत्री सह विधायक सुरेंद्र राम, पूर्व विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष विजेंद्र यादव, राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव अदीब रिजवी साहब, आरा जिला परिषद की पूर्व अध्यक्षा आरती देवी जी एवं युवा राजद के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी बेलाल खान ने प्रशिक्षक के तौर पर शिरकत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष रामव्यास बिंद द्वारा किया गया मंच संचालन तौहीद खान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अकलू राम, प्रधान महासचिव भोला नाथ यादव, युवा अध्यक्ष ब्रजेश यादव, जगनारायण यादव, लॉरिक यादव, बिरजू पटेल रामगढ़ विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी अजीत सिंह आदि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में पार्टी द्वारा निर्धारित विषयों पर प्रशिक्षकों द्वारा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में विधान सभा के प्रकोष्ठों के प्रखंड के अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष एवं राजद के वरीय नेता कार्यकर्त्ता एवं युवा साथी उपस्थित थे।

## राज्य में 1180.98 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश प्रस्तावों को सैद्धांतिक सहमति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के उद्योग विभाग की अध्यक्षता में शुक्रवार को राज्य निवेश प्रोत्साहन परिषद सचिवालय की बैठक आयोजित की गई जिसमें विभिन्न उद्योगों के पूंजी निवेश प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में 2 करोड़ रुपये से अधिक पूंजी निवेश वाले 19 स्टेज-1 प्रस्तावों को सैद्धांतिक सहमति प्रदान करने के लिए राज्य निवेश प्रोत्साहन परिषद की आगामी बैठक में भेजने की अनुशंसा की गई। इन प्रस्तावों में कुल 1180.98 करोड़ रुपये का संभावित पूंजी निवेश शामिल है। बैठक में कुल 09 इकाइयों के लिए 78.24 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने की अनुशंसा भी की गई। इसके अतिरिक्त 02 करोड़ रुपये तक पूंजी निवेश वाले स्टेज-1 के 14 प्रस्तावों को सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई जिसमें 15.21 करोड़ रुपये का संभावित पूंजी निवेश है। साथ ही 04 इकाइयों में 4.89 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति देने की अनुशंसा की गई।

# राज्य में गठित होंगी मखाना और गन्ना सहकारी समितियां : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने गुरुवार को सचिवालय में विभागीय अधिकारियों के साथ राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मखाना और गन्ना के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन को लेकर नई सहकारी समितियां गठित करने तथा निष्क्रिय समितियों को पुनः सक्रिय करने के निर्देश दिए गए। बैठक में दरभंगा, पूर्णिया, कोसी और तिरहुत प्रमंडलों के संयुक्त निबंधकों को विशेष दिशा-



निर्देश दिए गए कि मखाना और गन्ना आधारित सहकारी ढांचे को स्थानीय जरूरतों के अनुसार मजबूत किया जाए। दरभंगा प्रमंडल के अधिकारियों ने बताया कि मधुबनी और दरभंगा जिलों के दस-दस प्रखंडों में मखाना की खेती प्रचुर मात्रा में होती है। इनमें से 12 प्रखंडों में पहले ही किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) गठित किए जा चुके हैं। बैठक में निर्देश दिया गया कि शेष प्रखंडों में भी शीघ्र ही सहकारी समितियों का गठन किया जाए। गन्ना आधारित समितियों की समीक्षा में यह सामने आया कि गोपालगंज जिले में कई समितियां लंबे समय से चुनाव न होने के कारण निष्क्रिय हैं। इस पर सहकारिता मंत्री ने जिला सहकारिता पदाधिकारी और सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया कि प्राथमिकता के आधार पर चुनावी प्रस्ताव निर्वाचन प्राधिकारी को भेजे जाएं। साथ ही इन समितियों की परिसंपत्तियों का मूल्यांकन कर व्यवसाय विकास की योजना तैयार की जाए। सहकारिता मंत्री ने बैठक में कहा कि सहकारिता विभाग के माध्यम से किसानों, ग्रामीणों और समितियों के जरिये लगातार राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य हो रहे हैं। समितियों को सशक्त बनाने के लिए उनमें आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया जा रहा है और उन्नत कृषि के लिए कृषि यंत्र भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन संसाधनों की गुणवत्ता और रखरखाव पर सतत निगरानी रखी जाए और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि योजनाओं का सीधा लाभ किसानों को मिले। बैठक में अभय कुमार सिंह (अपर सचिव), प्रभात कुमार (अपर निबंधक), सुभाष कुमार, भरत कुमार, निसार अहमद, संजय कुमार (सभी संयुक्त निबंधक), अमर झा (उपनिबंधक) सहित अन्य वरीय पदाधिकारी, सभी प्रमंडलीय संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियां और जिला सहकारिता पदाधिकारी मौजूद थे।

## देश को अपने प्रधानमंत्री व सेना के पराक्रम पर पूरा भरोसा : संतोष सुमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने आतंकिस्तान पाकिस्तान के कायराना हमले का भारतीय सेना द्वारा मुंह तोड़ जवाब देने पर कहा है कि भारत को अपने प्रधानमंत्री व सेना के पराक्रम पर पूरा भरोसा है। डॉ. सुमन ने कहा कि अत्याधुनिक सैन्य हथियारों, फाइटर जेट व डिफेंस सिस्टम से लैस भारतीय सेना अपने बुलंद हौसलें व सशक्त राजनीतिक नेतृत्व से प्रेरित होकर दुश्मनों को न केवल मुंहतोड़ जवाब दे रही है, बल्कि घर में घुस कर आतंकियों को नेस्तनाबूद भी कर रही है। उन्होंने कहा कि बदले हुए नया भारत की सेना ने पाकिस्तान के सारे हवाई हमलों को नाकाम किया जिनमें जेएफ-17, एफ-16 फाइटर जेट्स, ड्रोन और मिसाइलें भी शामिल थीं। इससे आज हर भारतीय गौरवान्वित है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब से लेकर गुजरात तक पाकिस्तान के नापाक हमलों को भारतीय सेना की एस-400 डिफेंस प्रणाली और एयर डिफेंस यूनिट्स ने नाकाम कर दुश्मन के सभी प्रयासों को असफल कर दिया। भारतीय सेना ने अपने प्रधानमंत्री के हर एक शब्द को सार्थक किया है जो उन्होंने पहलगाम के कायराना आतंकी हमले के बाद अपनी प्रतिक्रिया में बिहार की धरती से कहा था।

## मंत्री डॉ सुनील कुमार ने किया पौधारोपण, नाम रखा सिंदूर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गोपालगंज।** राज्य के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ सुनील कुमार अपने चार दिवसीय यात्रा के अंतिम पड़ाव में बेतिया के बाद शुक्रवार को गोपालगंज पहुंचे जहां उन्होंने थावे मंदिर में माता का दर्शन एवं पूजा अर्चना की। उसके बाद मंत्री ने थावे मंदिर के पीछे स्थित पार्क में पौधारोपण किया। मंत्री ने भारत द्वारा पाकिस्तान में हुए ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर पौधे का नाम सिंदूर रखा। मौके पर मंत्री ने कहा हमारे देश के मजबूत, संकल्पित और




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चला कर आतंकवादियों के ठिकानों को सफाया कर दिया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। इस अवसर पर आज हमने माता थावे वाली का दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेकर ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर यहां के पार्क में हमने सिंदूर का पौधा लगाया है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि बिहारवासी हरित बिहार बनाने में विभाग का साथ दें। सभी अपने-अपने घर में एक-एक पौधा अवश्य लगाएं। पर्यावरण संरक्षण में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि भोजन, खाना पकाने का तेल, दवाइयां, सौंदर्य प्रसाधन, ऊर्जा आदि अनेक महत्वपूर्ण आवश्यकताएं प्रकृति से ही प्राप्त होती हैं, इसलिए प्रकृति की रक्षा करना, ग्रीन कवर प्राप्त करना तथा जैव विविधता को बढ़ाना हमारा कर्तव्य है। इस मौके पर डी एफ ओ मेघा यादव मौजूद थे।

## राज्य में नया एकीकृत बिलिंग सॉफ्टवेयर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने हेतु मौजूदा बिलिंग सॉफ्टवेयर को अपडेट किया जा रहा है। इस दिशा में एकीकृत बिलिंग सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है जिसे पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर चार प्रमंडलों, पटना ग्रामीण, गया ग्रामीण, बेनीपुर एवं शिवहर में लागू किया जाएगा। उक्त प्रमंडलों में अवधि 11 मई से 20 मई 2025 तक बिलिंग संबंधित सेवाएं अस्थायी रूप से स्थगित रहेंगी। अर्थात इस अवधि में नया बिजली बिल जारी नहीं होगा, न ही लोड बढ़ाने या घटाने से संबंधित कोई प्रक्रिया की जाएगी। हालांकि उपभोक्ता पूर्व में जारी किए गए बिलों का भुगतान सामान्य रूप से कर सकेंगे एवं किसी भी बकाया राशि का निपटारा किया जा सकेगा। इस अवधि में बिजली आपूर्ति यथावत सुचारू रूप से जारी रहेगी।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में राज्य के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लिए अलग-अलग बिलिंग सॉफ्टवेयर कार्यरत हैं। पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद राज्य भर में नया एकीकृत सॉफ्टवेयर लागू किया जाएगा जिससे सभी क्षेत्रों में एक ही प्रणाली के माध्यम से बिलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बीमा आयुक्त (पूर्वी क्षेत्र), प्रणय सिन्हा एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स रॉयल इंन्टरप्राइजेज प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति सुनील पासवान जो एन.टी.पी.सी. प्लांट, कहलगांव में कांट्रेक्ट वर्कर के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पत्नी-यशोदा देवी को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. सुनील पासवान की मृत्यु 18मई 2023 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा इएसआइसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 245.40 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु. 7623/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 175329/-रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है।



## दानापुर मंडल ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए कृतसंकल्पित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ट्रेनों के परिचालन में समय पालन के साथ-साथ उनका सुरक्षित परिचालन भी दानापुर मंडल की प्राथमिकता है। इस कार्य के लिए विशाल मानव बल के साथ-साथ कई आधुनिक मशीनें भी अनवरत रूप से कार्यरत हैं। उन्हीं में से एक है यूएसएफडी मशीन जो भारतीय रेल में पटरियों की देखभाल में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस मशीन के माध्यम से ध्वनि तरंगों का उपयोग करके पटरियों की आंतरिक संरचना एवं उनके जोड़ों की जांच की जाती है जो ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन में अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जांच के दौरान उनमें त्रुटि पाए जाने पर अविलंब उस दोष का निवारण किया जाता है। दानापुर मंडल में वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान किऊल-बख्तियारपुर रेलखंड में 3, पटना-आरा रेलखंड में 2, रामपुर डुमरा-बरौनी रेलखंड में 8 सहित कुल 13 स्थानों पर रेल पटरियों में जांच के दौरान खराबी पाए जाने पर तुरंत उनको बदल दिया गया। इसके साथ ही जसीडीह-किऊल रेलखंड के बीच 3 स्थानों पर रेल जोड़ को तुरंत बदल दिया गया। दानापुर रेल मंडल सदैव अपने यात्रियों की सुविधा के साथ-साथ उनकी सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखता है।

## महाराणा प्रताप की जयंती पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** महान शूरवीर महाराणा प्रताप की जयंती पर शुक्रवार को पटना के फ्रेजर रोड स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा स्थल पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। महाराणा प्रताप सिंह सिसोदिया (ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया रविवार विक्रम संवत 1597 तदनुसार 9 मई 1540-19 जनवरी 1597) उदयपुर, मेवाड़ में सिसोदिया राजवंश के राजा थे। उनका नाम इतिहास में वीरता, शौर्य, त्याग, पराक्रम और दृढ प्रण के लिये अमर है। उन्होंने मुगल बादशाह अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की और कई सालों तक संघर्ष किया। अंततः अकबर महाराणा प्रताप को अधीन करने में असफल रहा। महाराणा प्रताप की नीतियां शिवाजी महाराज से लेकर ब्रिटिश के खिलाफ बंगाल के स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनीं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, विधान पार्षद संजय सिंह विधायक संजीव चौरसिया, पूर्व विधायक अशोक सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी महान शूरवीर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जदयू की सलाहकार समिति के शिव शंकर निषाद, अमर सिंह, पंकज पटेल, डॉ अनिल अनल आदि ने भी महाराणा को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग द्वारा आरती पूजन, भजन-कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

## टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस के शुभ अवसर पर बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मातृ दिवस का आयोजन किया गया। बच्चों ने मां के लिए ग्रीटिंग कार्ड, कविता पाठ, आलेख एवं नृत्य-नाटिका की प्रस्तुति दी। मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इतना ही नहीं, मांओं के लिए भी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। स्कूल के डायरेक्टर राजीव भार्गव और प्रधानाचार्या शिवानी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। साथ ही उन्होंने बताया कि यह आयोजन पूरे सप्ताह चला। इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से मां और बच्चों के बीच आपसी घनिष्ठता बढ़ती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेवा भार्गव, वकार फात्मा, जागृति, निक्की और शिक्षिकाओं का भरपूर योगदान रहा।

## दलित नेता अमर आजाद ने सैकड़ों समर्थकों के साथ ली कांग्रेस की सदस्यता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बोचहां विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी और दलित अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले अमर आजाद ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित मिलन समारोह में प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारू एवं अध्यक्ष राजेश राम के समक्ष अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित मिलन समारोह में अमर आजाद ने प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष के हाथों अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस की विधिवत सदस्यता ग्रहण की। बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि अमर आजाद के आने से पार्टी का वंचित समाज में जनाधार बढ़ेगा और उन्होंने हमारे शीर्ष नेतृत्व के कार्यों को देखते हुए पार्टी के प्रति



अपनी आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी ने दलित अधिकारों की रक्षा के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान छेड़ रखा है और उसी के कारण सभी वंचित समुदाय के लोग कांग्रेस के प्रति आकर्षित होकर जुड़ रहे हैं। उनके सदस्यता ग्रहण करने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि अमर आजाद ने दलित हितों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष किया है और उनके आगमन से कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के सामाजिक न्याय के लड़ाई को बल मिलेगा। साथ ही पार्टी में दलित अधिकारों की लड़ाई को गति भी मिलेगी। कांग्रेस में शामिल होने के बाद अमर आजाद ने कहा कि वर्तमान सरकार में दलित हितों की रक्षा संभव नहीं है। दलित वर्ग को रोजगार और सामान अधिकार से वंचित रखा आज रहा है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने लगातार विभिन्न मंचों से दलित और वंचित वर्ग के हक की आवाज उठाई है। मैं उनके संघर्ष से प्रभावित होकर कांग्रेस से जुड़ा हूं। उनके साथ सदस्यता ग्रहण करने वालों में कई अन्य युवा भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान विधानमंडल दल में कांग्रेस नेता डॉ शकील अहमद खान, प्रदेश कांग्रेस के सदस्यता प्रभारी ब्रजेश प्रसाद मुनन, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ नेता मोतीलाल शर्मा, अजय चौधरी, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ शकीलुर रहमान सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।

## भारत-तिब्बत सहयोग मंच का स्थापना दिवस समारोह संपन्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत-तिब्बत सहयोग मंच दक्षिण बिहार प्रांत के महामंत्री डॉ मुकेश कुमार ओझा के नेतृत्व में पटना स्थित राजकीय बांकीपुर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में भारत तिब्बत सहयोग मंच का 26 वां स्थापना दिवस समारोह संपन्न हुआ। डॉ मुकेश कुमार ओझा ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा संकल्प कैलाश मानसरोवर की मुक्ति, तिब्बत की आजादी, पर्यावरण की सुरक्षा तथा भारत की सुरक्षा है। इसके लिए यह मंच निरन्तर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या किरण कुमारी, मुरलीधर शुक्ल, अलका कुमारी, श्वेता कुमारी ने भी मंच के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण के क्षेत्र में भारत-तिब्बत सहयोग मंच सतत सक्रिय है। ऋतु कुमारी, सोफिया कुमारी, सिमरन कुमारी, नेहा कुमारी आदि छात्राओं ने भी विचार व्यक्त किए। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका जया प्रभा कुमारी ने की।

# अन्तरजिला बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, नौ अभियुक्त गिरफ्तार

## चोरी की आठ मोटरसाइकिलें बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह के नौ सदस्यों को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से आठ मोटरसाइकिल भी बरामद की है। यह जानकारी देते हुए एसपी रौशन कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जिले के रोहतास, नौहट्टा एवं चुटिया थाना क्षेत्र में कई मोटरसाइकिल चोरी की घटना का काण्ड प्रतिवेदित कराये गये। मोटरसाइकिल चोरी की घटना की रोकथाम एवं मोटरसाइकिल चोरी के काण्डों का उद्भेदन तथा बरामदगी के लिए पुलिस अंचल निरीक्षक, अमझोर के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमें थानाध्यक्ष रोहतास,



चुटिया एवं नौहट्टा को शामिल किया गया। 06.05.25 को गठित पुलिस टीम को आसूचना प्राप्त हुई कि कैमूर के कुदरा थाना में चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो विधि-विरूद्ध बालक को निरूद्ध किया गया है। इस आसूचना पर गठित पुलिस टीम के द्वारा कुदरा थाना पर पहुंचकर निरूद्ध किये गये दोनों बालक से विधि पूर्वक पूछताछ की गई। विधि-विरूद्ध बालक से पूछताछ में मिली जानकारी एवं उनके निशानदेही पर पुलिस टीम के द्वारा नौहट्टा थाना क्षेत्र के चौखरा गांव में छापेमारी की गयी जहां से चोरी की एक अपाची मोटरसाइकिल के साथ पवन कुमार, रवि कुमार, श्रीकांत कुमार को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावे एक विधि-विरूद्ध बालक को भी निरूद्ध किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम के द्वारा गिरफ्तार व्यक्तियों से पूछताछ की गयी तो इनलोगों के द्वारा मोटरसाइकिल चोर गिरोह का खुलासा करते हुए बताया गया कि इस गिरोह में कई लड़के शामिल हैं जो रोहतास एवं कैमूर जिले में सक्रिय है एवं इनलोगों के द्वारा इन स्थानों से कई मोटरसाइकिल की चोरी की गई है। गिरफ्तार व्यक्तियों की निशानदेही पर चुटिया थाना क्षेत्र से चोरी गई स्पलेण्डर प्लस मोटरसाइकिल को रोहतास थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव से बरामद किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों के निशानदेही पर चुटिया थाना क्षेत्र से चोरी गई पल्सर मोटरसाइकिल को रोहतास थाना क्षेत्र के उचैला गांव से बरामद किया गया। एएसपी सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कोटा किरण कुमार ने बताया कि इस मामले में पवन कुमार सा.-चौखड़ा थाना नौहट्टा जिला-रोहतास, रवि कुमार सा.-चौखड़ा थाना नौहट्टा जिला-रोहतास, श्रीकांत कुमार सा.-चौखड़ा थाना-नौहट्टा जिला-रोहतास, प्रिंस कुमार सोनी सा.-अकबरपुर सब्जी बाजार थाना-जिला-रोहतास, चंदेश्वर शर्मा सा.-रसुलपुर थाना जिला-रोहतास, शुभम कुमार सा.-रसुलपुर थाना+जिला-रोहतास, सुजीत यादव सा.-पाली भेड़िया थाना-चैनपुर जिला-कैमूर, आदित्य कुमार सा.-मुबारकपुर थाना-मोहनियां जिला-कैमूर, उमेश कुमार पे.-तेजु विंद सा.-बरहीया थाना-चांद जिला-कैमूर एवं तीन विधि-विरूद्ध बालक को भी निरूद्ध किया गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त के पास से 10 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं।

# बिहार में माई समीकरण ध्वस्त : कक्कू खान

## कक्कू खान 11 मई को थामेंगे रालोमो का दामन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा के कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रहे चर्चित युवा नेता जाहिद परवेज उर्फ कक्कू खान ने जक्खी बीघा स्थित अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि आगामी 11 मई को हजारों गाड़ियों से 5 हजार लोगों ने अपने समर्थकों के साथ पटना में राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के समक्ष आयोजित मिलन समारोह में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में माई समीकरण ध्वस्त हो गया है। राजद छोड़ने के सवाल पर कक्कू खान ने स्पष्ट रूप से कहा तेजस्वी यादव ने युवाओं से जो वादे किए थे, वे उन पर खरे नहीं उतरे। हमने बदलाव के सपने देखे थे, लेकिन हकीकत कुछ और निकली। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा के



बेहतर विचारधारा के साथ जुड़ने का संकेत क्षेत्र की जनता मतदाता मालिकों ने दिया है। यह विचार हमारे मतदाता भाइयों, नौजवानों एवं पूरे शाहाबाद क्षेत्र की जनता का विचार है। पार्टी सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा के द्वारा मिले प्यार, स्नेह, दुलार, सम्मान और आशीर्वाद से हम पार्टी ज्वाइन कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा फिलहाल मैं एक कार्यकर्ता की तरह पार्टी की सेवा में जुड़ रहा हूं। अगर पार्टी नेतृत्व का निर्देश होगा तो चुनाव मैदान से पीछे नहीं हटूंगा। अपनी प्राथमिकताओं की चर्चा करते हुए कक्कू खान ने कहा अगर सत्ता में आने का अवसर मिला तो शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही वर्षों से बंद पड़े डालमियानगर कारखानों को पुनः शुरू कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। कक्कू खान के इस फैसले से डिहरी विधानसभा क्षेत्र की सियासत में नई हलचल तेज हो गई है। मौके पर दानिश खान, शाहनवाज खान, राजू सहित काफी संख्या में समर्थक उपस्थित थे।

# हथियारबंद अपराधियों ने बाइक सवार को मारी गोली, मौत

## तीन अपराधी गिरफ्तार, एक फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुर्गावती।** थाना क्षेत्र के खजुरा बाजार में शुक्रवार को बलेनो कार में सवार हथियारबंद अपराधियों ने बाइक सवार को मारी गोली जिससे उसकी मौत हो गई। बाइक पर दो लोग सवार थे। घटना के बाद हथियारबंद अपराधियों ने खजुरा बाजार में फायरिंग व हथियार लहराते हुए दुर्गावती से रामगढ़ की तरफ भागे। सूचना मिलते ही पुलिस ने अपराधियों का पीछा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक अपराधी भागने में सफल रहा। फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। मौके पर एसडीपीओ प्रदीप कुमार, थानाध्यक्ष गिरीश कुमार भी पहुंच कर मामले की जांच की। यूपी-बिहार के बोर्डर कैमूर जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र के खजुरा बाजार में शुक्रवार की शाम फायरिंग की सनसनीखेज मामला सामने आया है।

# डीडीयू मंडल में चला सघन टिकट चेकिंग अभियान, 1092 व्यक्ति धराए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू मंडल द्वारा पूर्व निर्धारित टिकट चेकिंग मेगा ड्राइव के आलोक में डीडीयू, गया, सासाराम, डिहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, भभुआ एवं जपला आदि स्टेशन पर फोर्ट्रेस चेक प्रातः 6.00 से 22 बजे तक करने का निर्णय लिया गया था जिसमें मंडल के समस्त स्क्वाड-स्टैटिक एवं स्लीपर के टिकट जांच कर्मी, वाणिज्य निरीक्षक/ पर्यवेक्षक सहित सभी वाणिज्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यतः बक्सर - डीडीयू खंड, वाराणसी- डीडीयू,



सासाराम - डीडीयू, आरा-सासाराम खंड, गढ़वा रोड- डिहरी ऑन-सोन, किउल-गया, गोमो - गया एवं पटना-गया खंड से आने एवं जानेवाली सभी ट्रेनों को लक्ष्य कर गहन जांच किया गया जिसमें प्रीमियम एवं मेल/एक्सप्रेस के साथ-साथ पेसेंजर ट्रेन को भी चेक किया गया तथा बिना टिकट/अनुचित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़े गए व्यक्तियों से नियमानुसार जुर्माने की राशि वसूल की गयी। सभी स्टेशनों पर किलाबंदी जांच कर बिना टिकट/अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों को नियमित टिकट लेकर चलने हेतु प्रेरित किया गया। अपराह्न 2 बजे अंतिम सूचना तक डीडीयू मंडल द्वारा लगभग 1092 बिना टिकट व अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया है जिनसे जुर्माने के रूप में लगभग 5 लाख 20 हजार रुपये की राशि वसूली गयी है। मेगा ड्राइव जारी है जो रात्रि दस बजे तक चलेगा। इस तरह के टिकट चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेंगे। सभी से अनुरोध है कि सदैव उचित टिकट लेकर संबंधित श्रेणी के कोच में ही यात्रा करें एवं अन्य यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखें।

# पॉलिटेक्निक छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी थाना क्षेत्र स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज (पटनवा) की छात्रा का गर्ल्स हॉस्टल में शुक्रवार को फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका अरवल जिला के करपी थाना क्षेत्र के नदी खुर्द गांव के रंजय सिंह की 19 वर्षीय पुत्री साल्वी कुमारी है। थानाध्यक्ष करण कुमार ने बताया कि मृतका फांसी लगाकर आत्महत्या की है। मृतका के कमरे और मोबाइल की आधुनिक अनुसंधान करते हुए जांच किया जा रहा है। अंत्यपरीक्षण कराकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सुपुर्द किया गया है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके जब तक अंत्यपरीक्षण प्रतिवेदन नहीं आता है जब तक कुछ बताना मुश्किल है। घटना से पूर्व वीडियो काल पर बात करने का भी मामला पता चल रहा है।

# उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हुरका में भव्य तिथि भोज का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हुरका में शुक्रवार को तिथि भोज का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रवींद्र कुमार ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई। बच्चों ने एक से बढ़कर एक गीत और संगीत की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। उनकी मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और माहौल को उल्लासमय बना दिया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि



रवींद्र कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रजनीश कुमार, प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, शिक्षक प्रवीण कुमार सहित अन्य शिक्षकों एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ सामूहिक भोज में भाग लिया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रजनीश कुमार ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं सामाजिक सहभागिता की भावना का विकास होता है। उन्होंने विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक एवं स्थानीय ग्रामीण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और कार्यक्रम का आनंद उठाया।

# 175 गर्भवती महिलाओं की शिविर में स्वास्थ्य जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व वंदना योजना के तहत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड की गर्भवती माताओं के लिए विशेष जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों से पहुंची लगभग 175 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान चिकित्सक डॉ. रमेश कुमार, डॉ रितेश कुमार, स्वास्थ्य मैनेजर जयप्रकाश सिंह, अर्चना कुमारी ने गर्भवती महिलाओं का रक्तचाप, वजन, हीमोग्लोबिन, यूरिन, एचआईबी, शुगर, एलबोमिना आदि



अन्य बीमारियों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवा और जरूरी सलाह दिए। चिकित्सा प्रभारी डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि गर्भवती महिलाओं की जांचोपरांत आवश्यकतानुसार दवा, विटामिन, आयरन, केल्शियम व फोलिक एसिड का टेबलेट, कैल्शियम आदि दवा का मुफ्त में वितरण किया गया।

# हैदराबाद ऑडिटोरियम में सम्मानित हुए मुखिया अनिल कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान हैदराबाद ऑडिटोरियम में समापन होने पर प्रमाण पत्र से सम्मानित हुए डिहरी प्रखंड क्षेत्र के मझिआंव पंचायत के मुखिया अनिल कुमार। एनआईआरडीपी हैदराबाद पहुंचे डिहरी प्रखंड क्षेत्र के मुखिया का प्रशिक्षण संपन्न हो गया। प्रशिक्षण संपन्न होने के बाद हैदराबाद ऑडिटोरियम में समापन समारोह में मझिआंव पंचायत के मुखिया अनिल कुमार को डा. अनजन कुमार भनजा, असिस्टेंट प्रोफेसर एनआईआरडीपीआर हैदराबाद के द्वारा विशेष प्रशिक्षण में प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने के बाद अनिल कुमार ने कहा कि बिहार के मुखिया देश में सबसे



बेहतर कार्य करते हैं। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कुछ ग्राम पंचायतों के दौरा करने के उपरांत पाया कि बिहार के मुखिया का कार्य सबसे बेहतर है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के ग्राम पंचायत को विशेषाधिकार के साथ ग्राम पंचायतों को काफी स्वायत्तता प्राप्त है। यहां की ग्राम पंचायत को कर लगाने का अधिकार प्राप्त है। प्रशासनिक सहयोग भी यहां पर बेहतर है जबकि हमारे यहां ग्राम पंचायत में सरकार का हस्तक्षेप है और अपेक्षित सहयोग भी प्रशासन द्वारा नहीं मिल पाता है। इसके बावजूद बिहार के मुखिया बेहतर कार्य करते हैं। स्वच्छता, मनरेगा, आंगनबाड़ी, स्कूल, नाली-गली भी और प्रदेशों के अपेक्षा काफी बेहतर है। यदि राज्य सरकार से ग्राम पंचायत को कर लगाने के साथ विशेष अधिकार मिल जाए तो बिहार के मुखिया और बेहतर कार्य कर सकते हैं। उन्होंने बिहार सरकार द्वारा प्रशिक्षण पर मुखियों को भेजे जाने पर आभार व्यक्त किया गया। बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए एनआईआरडीपी हैदराबाद की प्रशंसा की। प्रशिक्षण शिविर में डिहरी के कई मुखिया ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** महिला थाना की पुलिस ने दारिगाव थाना क्षेत्र से एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म के प्रयास के आरोपित सोनू पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार पीड़ित दस वर्षीय पुत्री के पिता ने दर्ज प्राथमिकी में कहा कि जब वह घर से खुदरा कराने घर से बाहर निकली थी। रास्ते में नशे में धुत सोनू ने उसे जबरन पकड़ कर एक कमरे में ले जा कर दुष्कर्म का प्रयास किया विरोध करने पर उसके साथ मारपीट किया गया।

# डीएम ने महिला संवाद में दीदियों को दी योजनाओं की जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिला के भभुआ प्रखंड अंतर्गत कैथी पंचायत के पंछी गांव में आज एक विशेष महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी कैमूर ने भाग लिया और उपस्थित महिलाओं को बिहार सरकार द्वारा संचालित महिला केंद्रित और कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। डीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार लगातार महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रयासरत है।



सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से रोजगार, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, महिला उद्यमिता योजनाएं, शौचालय निर्माण सहायता, मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना आदि का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं और अपने परिवार व समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन योजनाओं का लाभ तभी पूर्ण रूप से मिल सकता है जब इसकी जानकारी प्रत्येक महिला तक, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं तक पहुंचे। इसके लिए पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है ताकि हर महिला अपने अधिकार और अवसरों से परिचित हो सके। महिला संवाद कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं और उन्होंने खुले मन से अपनी बात रखी। कार्यक्रम के अंत में डीएम ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे आगे आएं, योजनाओं से जुड़ें और अपने जीवन को बेहतर बनाएं।

# 80 हजार की ठगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमिया नगर थाना क्षेत्र के मनेरी बिगहा निवासी प्रियंका कुमारी ने एटीएम कार्ड बदल कर 80 हजार खाते से उड़ाने की प्राथमिकी किया है। पुलिस के अनुसार बाबूगंज स्थित पीएनबी के एटीएम से वह राशि निकाल रही थी तभी एक अज्ञात व्यक्ति आया और पर्ची निकालने को बोला। इस बीच उसने एटीएम कार्ड बदल दिया जब वह बैंक से इसकी शिकायत किया तब पता चला कि 80 हजार रुपए उसके खाते से गायब कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नाम सुधार

मैं आदित्य, पिता पंकज कुमार उम्र लगभग 25 वर्ष, निवासी साकिन-पूर्वी गली, खजांची रोड, बांकीपुर, थाना- पीरबहोर, पोस्ट- बांकीपुर, जिला- पटना-800004, शपथ पत्र सं0 1146 दिनांक 07.05.2025 के द्वारा शपथ पूर्वक घोषित करता हूं कि मैं आदित्य आज से आदित्य सिन्हा के नाम से जाना जाऊंगा।

# कैमूर में जल्द खुलेगा सैनिक कल्याण कार्यालय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले में बहुत जल्द सैनिक कल्याण कार्यालय खुलने वाला है। राज्य सैनिक निदेशालय (गृह विभाग) के द्वारा कैमूर में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय खोलने के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस बात की जानकारी जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी विंग कमांडर संदीप कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि अभी सैनिक कल्याण कार्यालय कैमूर-रोहतास दो जिले को मिलाकर डिहरी ऑन-सोन में चल रहा है। जिला सैनिक कल्याण



पदाधिकारी ने बताया कि राज्य सैनिक निदेशालय द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार किसी भी जिले में सैनिक कल्याण कार्यालय खोलने के लिए सैनिकों के परिजन, विधवा एवं पूर्व सैनिकों की संख्या 7000 से उपर संख्या होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले कैमूर जिले में इनकी संख्या 7000 से कम था। फिलहाल कैमूर जिले में सैनिकों के परिजन, विधवा एवं पूर्व सैनिकों की संख्या 7500 हो गया है। इस कारण राज्य सैनिक निदेशालय ने कैमूर जिले में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय खोलने के लिए स्वीकृति प्रदान किया है। बताया जाता है कि सैनिक कल्याण कार्यालय में सैनिकों एवं उनके परिजनों से संबंधित डाटा तैयार कर रखा जाता है।

# जलविद्युत केन्द्र के मजदूर से मारपीट

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** जल विद्युत केंद्र में कार्यरत ऑपरेटर फूल सिंह के साथ दो लोगों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया और 5 हजार रुपए ले भागे। इस संबंध में दो नामजद लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

# पुलिस से शिकायत करने पर मारपीट

**डिहरी ऑन-सोन(नबिटा ब्यूरो)।** डिहरी नगर थाना के न्यू डिलिया निवासी रेखा देवी ने पुत्र के साथ मारपीट की शिकायत पुलिस से किया। उसी रात उसके घर दस से अधिक लोग पहुंचे। घर का दरवाजा तोड़ मारपीट किया।

# भारतमाला परियोजना के लिए ठकुरहट में जनसुनवाई एवं भूमि नापी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार भारतमाला परियोजना (एक्सप्रेसवे फेस-2) के अंतर्गत रामपुर अंचल के ठकुरहट मौजा में प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण को लेकर जनसुनवाई एवं भूमि नापी की प्रक्रिया संपन्न की गई। इस जनसुनवाई में जिला भू अर्जन पदाधिकारी, अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, अंचल पदाधिकारी, कानूनगो, अमीन सहित स्थानीय रैयतगण उपस्थित रहे। परियोजना के तहत अधिगृहित की जाने वाली भूमि से संबंधित राजस्व दस्तावेज चक खतियान के आधार पर तैयार हैं जबकि दखल कब्जा सर्वे खतियान के



अनुसार है। इस विसंगति को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यदि दखल कब्जा को आधार मानकर पंचाट घोषित किया गया तो कई रैयतों को मुआवजा भुगतान के समय राजस्व दस्तावेज प्रस्तुत करने में कठिनाई आ सकती है। इसके चलते भूमि नापी की प्रक्रिया को अत्यंत पारदर्शी और सहभागी बनाया गया है। जनसुनवाई के दौरान रैयतों से संवाद कर उनके सुझाव एवं अभिमत प्राप्त किए गए। तत्पश्चात अधिग्रहित भूमि की नापी शुरू की गई जो समयाभाव के कारण पूर्ण नहीं हो सकी। शेष भूमि की नापी आज प्रातः 7:00 बजे से की जाएगी जिसमें सभी रैयतों को भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया है। जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि चक और सर्वे खतियान में जहां समानता है, वहां नापी में कोई समस्या नहीं आ रही है जबकि जहां चक, सर्वे और दखल कब्जा में अंतर है, वहां विशेष ध्यान देते हुए दो अलग-अलग समूह बनाए गए हैं। ऐसे मामलों पर विस्तृत तथ्यों के आधार पर प्रतिवेदन तैयार कर जिला पदाधिकारी को सौंपा जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर मुख्यालय से भी मार्गदर्शन लिया जाएगा। नापी प्रक्रिया के बाद एक आमसभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें दावे एवं आपत्तियों को आमंत्रित कर उनका निपटारा किया जाएगा। साथ ही नापी के समय प्राप्त दावे-आपत्तियों को भी लेखबद्ध किया जा रहा है ताकि भविष्य में कोई विवाद उत्पन्न न हो।

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
E-mail- zilaparishad.palamu@gmail.com

### अतिअल्पकालीन निविदा
इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) सूचना सं0–03/2025-26

उपायुक्त, पलामू के पत्रांक– 336/गो0, दिनांक 08.05.2025 के द्वारा प्राप्त आदेश के आलोक में पलामू जिला अन्तर्गत नल कूपों की मरम्मति के उद्देश्य से निम्नांकित सामग्री के आपूर्ति हेतु इच्छुक एवं योग्य आपूर्तिकर्ता से इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। आपूर्ति/अधिष्ठापित की जाने वाली सामग्रियों/उपस्करों उच्च गुणवता एवं मानक का होना आवश्यक है। निविदा/कोटेशन में प्राधिकृत विक्रेता ही भाग ले सकते हैं। आपूर्ति/अधिष्ठापित की जाने वाली सामग्रियों/उपस्करों की विवरणी निम्नवत हैः–

| | |
|---|---|
| विभाग | जिला परिषद का कार्यालय, पलामू। |
| विज्ञापन दाता का नाम | सचिव, जिला परिषद, पलामू। |
| निविदा/कोटेशन प्राप्त करने की तिथि | 20.05.2025 को 2:00 बजे अपराह्न तक। |
| निविदा/कोटेशन खोलने की तिथि | 20.05.2025 को 3:00 बजे अपराह्न में। |

**Name of Work :-** Changing of 32mm dia G.I. Rotten Riser Pipe, Connecting Rod, C.I. Cylinder (Wherever Required) of Drilled Tube Well India Mark -II (IS:15500 Part-2/2004) and depositing taken out old materials to departmental Divisional store etc. all complete job in Rura1 Areas under Palamu District for the year 2025-26.

| Sl. No. | Item Description | Quantity | Units | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | (A) Labour Component : | | | | |
| 1.01 | One Fitter (Skilled Labour) for changing Riser Pipe of 5 nos. of IM-II DT (Rate is inclusive of 10% C.P) | 0.20 | Each | 573.56 | 114.71 |
| 1.02 | Three Helper (Unskilled Labour) (Rate is inclusive of 10% C.P) | 0.60 | Each | 376.67 | 226.00 |
| 2 | (B) For Mobility : | | | | |
| 2.01 | 407 Tata Truck o r Similar Vehicles with Driver. (Rate is inclusive of 10% C.P) | 0.20 | Each | 1320.0 0 | 264.00 |
| 2.02 | Fuel (Diesel) (Rate is inclusive of 10% C.P) | 2.40 | P/Ltr. | 104.12 | 249.89 |
| 2.03 | Engine Oil (Rate is inclusive of 10% C.P) | 0.20 | P/Ltr. | 55.00 | 11.00 |
| 3 | (C) Cost of Materials : | | | | |
| 3.01 | Connecting Rod (in nos.) 12mm x 3mtr. Long 5 nos. connecting rod made of bright bar electro-galvanized fitted with coupler & normal (Rate is inclusive of 10% C.P) | 8.00 | Each | 328.02 | 2624.16 |
| 3.02 | Cost of 32mm dia GI Pipe (Medium class) 3mtr. Long screwed at both ends with seamless socket as per IS:1239 (Part-1990). (Rate is inclusive of 10% C.P) | 24.00 | P/M | 330.00 | 7920.00 |
| 3.03 | CI Cylinder Assembly with upper valve assembly, lower valve assembly, rubber seating ring, ruducer cap, Plunger Rod (S.S) etc. complete set. (Rate is inclusive of 10% C.P) | 0.33 | Each | 2507.5 1 | 827.48 |
| | | | | TOTAL :- | 12237.24 |
| | | | | ADD 18% GST :- | 2202.70 |
| | | | | TOTAL :- | 14439.94 |
| | | | | ADD 1% LS :- | 144.40 |
| | | | | **TOTAL :-** | **14584.34** |

- तकनीकी एवं वित्तीय बीड में सफल निविदादाता का चयन के पश्चात् प्रखण्डवार आवश्यक कार्य की संख्या सहित कार्यादेश निर्गत किया जायेगा। कार्य मूल्य के अनुसार सफल निविदादाता को 5% EMD जमा करना अनिवार्य होगा।
- निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले बीड पर विचार नहीं किया जाएगा।
- इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) के नियम एवं शर्तें पलामू जिला NIC के Website-www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।

PR 352035 (District) 25-26 (D)

# नारी शक्ति ही नव बिहार की पहचान : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार 9 मई 2025 को नारदीगंज प्रखंड के डोहरा पंचायत स्थित संगोवार गांव में शंकर ग्राम संगठन द्वारा आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। महिला संवाद में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार ने महिलाओं के सर्वांगीण विकास और सशक्तीकरण के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि आज बिहार की महिलाएं सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। उन्होंने जीविका समूह की दीदियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इन महिलाओं ने जमीन से लेकर आकाश तक अपनी पहचान बनाई है। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि कोई भी विकास की बात महिला की भागीदारी के बिना अधूरी है। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर नवादा की उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए बताया कि महिला संवाद कार्यक्रम जिले भर में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है, जिसमें महिलाएं खुले रूप से अपनी आकांक्षाए व्यक्त कर रही हैं। इन आकांक्षाओं को योजनाओं के माध्यम से दिशा दी जा रही है।

कार्यक्रम में बिहार सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। वहीं कई महिलाओं ने अपनी अपेक्षाएं सीधे ग्रामीण विकास मंत्री के समक्ष रखीं। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण हेतु सरकार द्वारा किए गए कार्यों को ऑडियो-वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से दिखाया गया। साथ ही संबंधित योजनाओं की जानकारी से युक्त लीफलेट्स एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का संदेश भी वितरित किया गया। यह उल्लेखनीय है कि बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण एवं ग्राम्य क्षेत्र में हुए सकारात्मक परिवर्तनों पर संवाद के उद्देश्य से महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन 18 अप्रैल 2025 से राज्यभर में जीविका महिला ग्राम संगठनों के स्तर पर प्रारंभ किया गया है। नवादा जिले के 14 प्रखंडों में जीविका द्वारा गठित 1510 ग्राम संगठन स्तर पर महिला संवाद आयोजित किया जाना है। अब तक 552 ग्राम संगठनों में संवाद कार्यक्रम आयोजित हो चुके हैं, जिसमें 95 हजार से अधिक ग्रामीण महिलाओं की सहभागिता रही है।

कार्यक्रम का समापन जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार गिरी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। इस अवसर पर नारदीगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित जीविका के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हॉकी प्रतियोगिता की दूसरी पाली में पंजाब व हरियाणा आगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स हॉकी प्रतियोगिता में दूसरी पाली में अंडर 18 महिला हॉकी प्रतियोगिता में पंजाब की टीम ने 3 गोल किएं। जिसमें पंजाब की खिलाड़ी गुरजीत कौर के द्वारा 2 गोल, तरनजीत कौर के द्वारा 1 गोल किया गया एवं हिमाचल प्रदेश की टीम की ओर से ज्योति के द्वारा 2 गोल किया गया। पंजाब इस मुकाबले में हिमाचल प्रदेश से 3-2 गोलों के अंतर से जीत दर्ज की। हरियाणा मध्य प्रदेश बीच मुकाबले में 1-1 गोल की बराबरी रही। जिसमें हरियाणा की ओर से अंजनी के द्वारा 1 गोल, मध्य प्रदेश की ओर से स्नेहा पटेल के द्वारा 1 गोल किया गया। अंडर 18 में पुरुष श्रेणी में मणिपुर झारखंड के बीच मुकाबले में झारखंड ने 0-1 के गोल की अंतर से मैच में जीत दर्ज की। जिसमें झारखंड की ओर से टोपनो जोलेन के द्वारा 1 गोल किया गया एवं हरियाणा उत्तर प्रदेश के बीच मुकाबले में हरियाणा ने 4-2 के अंतर से मैच में जीत दर्ज की। जिसमें हरियाणा की ओर से नितिन, अमित, अंकुश, पंकज शर्मा इन सभी के द्वारा एक गोल किए गए, उत्तर प्रदेश की ओर से उज्जवल पाल,त्रिलोकी बेनवंशी के द्वारा एक-एक गोल किए गए। खेलो इंडिया यूथ गेम्स भारत सरकार एवं राज्य सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसकी शुरुआत 14 अक्टूबर 2017 को हुई थी। इसका उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है।

# शानदार व रोचक रहा टेबल टेनिस के क्वार्टर फाइनल का मुकाबला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुक्रवार को टेबल टेनिस प्रतियोगिता गर्ल्स और बॉव्यज का आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के क्वार्टर-फाइनल का मुकाबला शानदार एवं रोमांचक रहा। इस अवसर पर केंद्र एवं राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन को बढ़ाया। प्रतियोगिता के मौके पर खेल विभाग, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सचिव हरि रंजन राव, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रण शंकरण, जिलाधिकारी शशांक शुभंकर, पुलिस अधीक्षक भारत सोनी, खेलो इंडिया के निदेशक श्री ओझा, टेबल टेनिस फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव कमलेश मेहता सहित अन्य अधिकारियों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहते हुए उन्हें प्रोत्साहित करने का काम किये। बिहार सरकार ने खेल को बढ़ावा देने के लिए खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को उनके सर्टिफिकेट लाओ नौकरी पाओ का भी घोषणा की है। जिसके परिणाम स्वरूप कई युवा खिलाड़ियों ने खेल सर्टिफिकेट के तहत नौकरी भी हासिल की है। दूसरी ओर शुक्रवार को गर्ल्स सिंगल्स क्वार्टर-फाइनल में जोरदार मुकाबला हुआ। रोमांचक मैच शुरू से ही हुआ। जिसके परिणाम स्वरूप उपस्थित अधिकारी एवं श्रोता मैच को बड़े ही अच्छे से देखने का कार्य किये। समय-समय पर लोगों ने तालियां भी बजाएं। तमिलनाडु की एम. हंसिनी ने वेस्ट बंगाल की सयानी पांडा को 3-0 से पराजित करने का काम किया। इसी तरह महाराष्ट्र की दिव्यांशी भौमिक ने तमिलनाडु की नंधिनी बालाजी रीना को 3-0 से हराने का काम किया। महाराष्ट्र की सुक्रति शर्मा ने दिल्ली की वंशिका मुद्गल को 3-1 से पराजित का गौरव हासिल की। महाराष्ट्र की काव्या भट्ट ने दिया ब्रह्मचारी को 3-0 से पराजित किया। इसी प्रकार बॉयज सिंगल्स क्वार्टर-फाइनल में महाराष्ट्र के कुशल चोपड़ा ने हिमाचल प्रदेश के नमन भटनागर को 3-2 से पराजित किया। तमिलनाडु के पी. बी. अभिनंद ने पुनित बिस्वास को 3-1 से हराया। यह मैच काफी रोचक दार रहा। असम के प्रियानुज भट्टाचार्य ने बिहार के हर्षित कुमार को 3-0 से हराकर कर सेमीफाइनल में प्रवेश करने का कामयाबी हासिल किया। यह मैच शुरू से ही काफी दिलचस्प रहा। तमिलनाडु के मुथु राजसेकरन बालमुरुगन ने तेलंगाना के अरुष रेड्डी मिड्डेला को 3-0 से हरने का काम किया। मैच के अवसर पर उपस्थित अधिकारी एवं अन्य लोगों ने मैच को काफी दिलचस्पी देखने का काम किया।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के गुरुवार देर रात उस्मानपुर पुल के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक करायपरशुराय प्रखंड के सूरजनचक गांव निवासी चंदन कुमार था। परिजनों ने बताया कि चंदन अपने साढ़ू के भाई की शादी में पत्नी और बच्चों को छोड़ने गया था। वापस लौटते समय सड़क पर अचानक एक फोर व्हीलर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पवन ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया है और वाहन नंबर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# जनता दरबार में समस्याओं का किया समाधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** शुक्रवार को जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश ने समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जनता दरबार में आम जनता की समस्याओं को सुना एवं उनका समाधान किया। आज के इस जनता दरबार में कुल 49 फरियादी उपस्थित हुए, जिनमें से अधिकांश की समस्याओं को सुना गया और उनका तत्क्षण समाधान किया गया। मुख्य रूप से जनता दरबार में भूमि विवाद, विद्युत समस्या, आपसी विवाद आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जनता दरबार में थाना रोह, पोस्ट कोशी, ग्राम बलियारी के विनोद कुमार द्वारा भूमि पर अवैध कब्जे से संबंधित, प्रखंड अकबरपुर, पंचायत सकरपुरा, पोस्ट तेयार, ग्राम मारूफपुर के शिवदानी प्रसाद द्वारा अतिक्रमणमुक्त कराने के संबंध में, थाना वारिसलीगंज, ग्राम दोसुत के परमानंद सिंह द्वारा रैयती जमीन के चौड़ीकरण के मुआवजा देने के संबंध में थाना हिसुआ, पोस्ट बढ़ौना, ग्राम खुशिया विगहा के रामविलास यादव द्वारा चापाकल लगाने के संबंध में, अंचल नवादा, साकिन भदौनी के मो. मुख्तार शाह द्वारा भूमि बंदोबस्ती पर पर्चा निर्गत करने के संबंध में एवं थाना हिसुआ, बीच बाजार के अर्जुन राम द्वारा स्वयं की जमीन पर निर्माण नहीं करने देने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा कुछ आवेदनों का संबंधित पदाधिकारी से वार्ता कर स्थल पर ही निष्पादन कराया गया एवं अन्य आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी के पास निपटारे हेतु अग्रसारित किया गया।

यह जनता दरबार मुख्यमंत्री के सेवा सुशासन अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना एवं उन्हें आवश्यक सेवाएं प्रदान करना है। आज के जनता दरबार में अपर समाहर्त्ता चन्द्रशेखर आजाद, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंहा, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी मनोज चौधरी सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# बिना दहेज की शादी कर दूल्हे ने पेश की मिसाल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र के पैजुना गांव निवासी भोला महतो के प्रथन पुत्र विजय महतो प्रथम पुत्र आनंद कुमार दूल्हे ने समाज के लिए एक मिसाल प्रस्तुत की। बिना दहेज शादी की। ससुराल पक्ष से केवल एक रुपया और नारियल लेकर दुल्हन को विदा कराकर घर लाया। दूल्हे की इस फैसले की तारीफ हो रही है।नवादा कादिरगंज स्थित मगुरा निवासी जगदीश महतो के पुत्री ज्योति कुमारी की शादी बिना तिलक के आनंद कुमार के साथ तय हुआ। पैजुना गांव के लोगों ने घूम थाम से शादी समारोह में शामिल होकर विवाह रचाए में शुगन के तौर पर एक रुपया और नारियल लेकर एक मिसाल कायम की है। दरअसल, फिलहाल खेती करने वाला शुरु से ही लड़कियों को उच्च शिक्षा देने का हिमायती रहा है। साथ ही दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या और नशे जैसी बुराइयों का कड़ा विरोधी रहा। जब उसके रिश्ते जगदीश महतो की बेटी ज्योति कुमारी के साथ चली तो उसने पहले ही दहेज न लेने और न देने की की बात स्पष्ट कर दी।

# 11 मई को सप्तर्षि डिग्री कॉलेज में होगी परिचर्चा, लोगों से की गई शामिल होने की अपील

## सामाजिक न्याय परिचर्चा को लेकर राजद कार्यकताओं ने की बैठक, पार्टी की मजबूती को लेकर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड मुख्यालय स्थित डाकबंगला चौराहा के समीप एक निजी भवन परिसर में शुक्रवार को राजद कार्यकर्ताओं के साथ सामाजिक न्याय परिचर्चा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता राजद के प्रखंड अध्यक्ष कारू राम ने किया। इस दौरान नन्द किशोर यादव, पंचायतीराज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बब्लू यादव, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष पिंकी भारती, पूर्व जिला पार्षद प्रेमा चौधरी एवं अनुसूचित जाति के जिला महासचिव मुसाफिर चौधरी भी मौजूद रहे। प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि 11 मई को 11 बजे दिन में अमावां मोड के समीप स्थित सप्तर्षि डिग्री कॉलेज के प्रांगण में सामाजिक न्याय परिचर्चा का आयोजन किया गया है। इस दौरान राजद के प्रदेश प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव एवं पूर्व मंत्री सर्वजीत पासवान के अलावे कई विधायकगण भी मौजूद रहेंगे। इस परिचर्चा का मुख्य उद्देश्य सामाजिक न्याय के तहत समाज के अंतिम पंक्ति में रहने वाले लोगों को न्याय दिलाना है। उन्हें बेरोजगारी से मुक्त कर समाज की मुख्य धारा में जोड़ना है वहीं बैठक के दौरान बब्लू यादव ने कहा कि हमारे नेता तेजस्वी यादव के विचारों को धरातल पर लाना है,ताकि सामाजिक न्याय को मानने वाले लोगों तक इस विचार को पहुंचाया जा सके। नंदकिशोर यादव ने बताया कि सामाजिक न्याय परिचर्चा पूरे प्रदेश में किया जा रहा है, इसी दौरान रजौली विधानसभा के अंतर्गत रजौली, सिरदला एवं मेसकौर प्रखंड में भी परिचर्चा को सफल बनाए जाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया जा रहा है। मुसाफिर चौधरी ने बताया कि इस परिचर्चा को सफल बनाए जाने को लेकर कार्यकर्तागण गांव-गांव जाकर तेजस्वी यादव के मेनिफ़ेस्टो को समझाया जा रहा है।इस दौरान आगामी विधानसभा में राजद की सरकार बनने पर माई-बहन योजना के तहत 2500 रुपए, वृद्धा पेंशन को 400 से बढ़ाकर 1500 रुपए प्रति व्यक्ति एवं गैस सिलेंडर में 500 रुपए की अनुदान राशि समेत अन्य बातों को मतदाताओं समेत समाज के सभी वर्गों के लोगों को बताया जा रहा है वहीं पिंकी भारती ने बताई कि आगामी विधानसभा में राजद को बहुमत मिले, इसकी जिम्मेदारी राजद के सिपाहियों के कंधों पर है।उन्होंने कहा कि हमारे नेता लालू प्रसाद यादव ने पिछड़ों के लिए लंबी सामाजिक लड़ाई लड़े हैं। इस बार मजबूती के साथ चुनाव जीतकर सामाजिक न्याय वाली सरकार बनानी है। रेखा राजवंशी ने बताई कि इस परिचर्चा के माध्यम से राजद के हाथों को और मजबूत बनाना है एवं बिहार के अगले मुख्यमंत्री के रूप में बिहार की जनता तेजस्वी यादव को देखना चाहती है। प्रेमा चौधरी ने बताया कि सामाजिक न्याय परिचर्चा के सफल आयोजन के लिए विधानसभा के लोगों से अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में तय स्थल पर पहुंचे। इस मौके पर शैलेन्द्र यादव, कंचन यादव, निलेश कुमार, पिंटू यादव, उमेश यादव, कुलदीप यादव, आनंदी यादव, कृष्ण प्रसाद यादव, रणविजय चौधरी, रामाशीष प्रसाद यादव, पवन यादव, तेजप्रताप यादव के अलावे दर्जनों कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# 24 घंटे के अंदर 62 फरार अपराधियों की गिरफ्तारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 8 मई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अनुसूचित जाति/जनजाति में 01, आर्म्स एक्ट में 1, एनडीपीएस एक्ट में 1, मद्य निषेध में 14 एवं अन्य गिरफ्तारी 45 कुल 62 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 344 लीटर महुआ शराब एवं 3.05 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-22 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 712 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि चार लाख 71 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत स्कॉर्पियो 1 एवं मोटरसाइकिल तीन बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक, ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण के लिए दिल्ली जाएंगे बीएलओ व शिक्षक दीपक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा द्वारका,दिल्ली में आगामी 14 एवं 15 मई को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से दो-दो चयनित बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है। जिसके लिए नवादा जिला अंतर्गत गोविंदपुर विधानसभा से कौआकोल प्रखण्ड के लालपुर बूथ नम्बर-320 के बीएलओ व शिक्षक दीपक कुमार का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार पटना से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं अन्य सम्बंधित पदाधिकारियों द्वारा नवादा जिला के सभी पांच विधानसभा से दस लोगों का चयन किया गया है। गोविंदपुर विधानसभा से प्रशिक्षण पाने के लिए उन्हें चयनित किया गया है। अपने चयन पर खुशी जताते हुए शिक्षक व बीएलओ दीपक कुमार ने सभी सम्बंधित अधिकारियों के प्रति आभार जताया है।

# अमावां एवं बड़हर में धूमधाम से मनीं महाराणा प्रताप की जयंती



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के अमावां एवं बड़हर गांव समेत अन्य गांवों में शुक्रवार को महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान लोगों ने महाराणा प्रताप के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर राणा प्रताप सिंह ने बताया कि 9 मई भारत के इतिहास में स्वाभिमान, साहस और स्वतंत्रता की प्रतीक गाथा के रूप में याद किया जाता है। आज देशभर में महाराणा प्रताप जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। मेवाड़ के इस महान योद्धा के आत्मसम्मान और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष की कहानियां आज भी हर भारतीय के दिल में बसती है। उनका जीवन उस समय की याद दिलाता है,जब एक ओर सम्राट अकबर पूरे भारत पर अपना साम्राज्य फैला रहे थे और दूसरी ओर महाराणा प्रताप जैसे राजपूत योद्धा नतमस्तक होने के बजाय जंगलों, पर्वतों और गुफाओं में संघर्ष कर रहे थे, सिर्फ इसलिए कि उनकी मातृभूमि स्वतंत्र रहे। आज इस शुभ घड़ी में महाराणा प्रताप को स्मरण करने व उनके विचारों नई पीढियों तक पहुंचाने के लिए रजौली के अमावां गांव स्तिथ संगत में धर्मेंद्र सिंह सेंगर के सौजन्य से महाराणा प्रताप जयंती मनायी गयी।

# मुंडन संस्कार के दौरान तालाब में डूबने से इकलौते पुत्र की मौत

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दीपनगर थाना क्षेत्र के मघड़ा गांव स्थित शीतला तालाब में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में 16 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान नालंदा थाना क्षेत्र के मिचायगंज निवासी अनिल रविदास के पुत्र विक्रम कुमार के रूप में हुई है। वह अपने मामा राजू रविदास के पुत्र भोला के मुंडन संस्कार में शामिल होने मघड़ा आया था। परिजनों ने बताया कि कार्यक्रम के बाद स्नान करने के लिए विक्रम शीतला तालाब गया, जहां गहराई का अंदाजा न लग पाने के कारण वह पानी में डूब गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग तालाब की ओर दौड़े और उसे बाहर निकाला गया। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए बिहारशरीफ के मॉडल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विक्रम अपने माता-पिता का इकलौता संतान था। बेटे की असमय मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मां बेसुध होकर बार-बार बेहोश हो रही थी, वहीं पिता कलेजा पीट-पीट कर रो रहे थे।


## पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना सं. टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2025-26-04 दिनांक: 08.05.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए वैध विद्युत ठेकेदार लाइसेंस एवं पर्यवेक्षी लाइसेंस रखने वाले एवं वित्तीय रूप से निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में सक्षम अपेक्षित निविदाकारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा कैस सं. टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2025-26-04; कार्य का नाम:** (i) एएसएन डिवीज़न - एईएन/बीआरएल/एएसएन के अधीन पुल संख्या-12, 17 और 18 (एमडीपी-जीआरडी) के सब-बैंक और अन्य सहायक कार्य के प्रावधान के साथ री-गर्डरिंग और जैकेटिंग। एएसएन डिवीज़न-एईएन/बीआरएल/एएसएन के अधीन केएएन-एएसएन एमएल लाइन शाखा के बीच बीआर संख्या 520/बी की री-गर्डरिंग एवं अन्य सहायक कार्य। (ii) एएसएन डिविजन-एईएन/बीआरएल/एएसएन के अधीन केएएन-एएसएन एमएल लाइन शाखा के बीच बीआर संख्या 520/बी की री-गर्डरिंग एवं अन्य सहायक कार्य। (iii) एएसएन डिवीजन: एसटीएन-जेएजे शाखा के बीच बीआर संख्या-656 यूपी, 691/डीएन और 637, 640, 663/यूपी-डीएन की रीगर्डरिंग और अन्य सहायक कार्य। (iv) एएसएन डिवीज़न- यूडीएल-एएसएन शाखा में आरएनजी-केपीके के बीच बीआर संख्या 509 (यूपी/2) की री-गर्डरिंग एवं अन्य सहायक कार्य। (v) आसनसोल डिवीजन, एसटीएन-जेएजे शाखा में पियर्स और एबटमेंट की जैकेटिंग सहित बीआर संख्या 643/यूपी और डीएन के बीजीएमएल स्टैंडर्ड गर्डर का प्रतिस्थापन, साथ ही अन्य सहायक कार्य। (vi) आसनसोल डिवीजन: विद्यासागर में अन्य सहायक कार्य के साथ फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान। (vii) आसनसोल डिवीजन:- मुम्मा स्टेशन यार्ड का री-मॉडलिंग। (viii) एएसएन डिवीजन: आसनसेल डिवीजन में दुर्गापुर पूर्वी रेलवे में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का प्रावधान (ix) टीओपी-बीबीआई कॉर्ड लाइन शाखा में एल.सी. गेट नंबर 3सी/ई का इंटरलॉकिंग और अपग्रेडेशन। (x) यूडीएल-एसएनटी शाखा में एल.सी. गेट नंबर 27/सी/ई का इंटरलॉकिंग और अपग्रेडेशन (एल) आसनसोल डिवीजन-एसएनक्यू-जेएसएमई के बीच किमी 318/1-3 (किमी 318.059) पर एल.सी. गेट संख्या 28 स्पेशल/ई के बदले एलएचएस का निर्माण; **निविदा मूल्य**: रु. 2,62,01,468.33; **बयाना राशि:** रु. 2,81,000.00; **खुलने की तिथि एवं समय:** 09.06.2025 को 15:00 बजे; **कार्य की पूर्णता अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 09 (नौ) महीने; **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तिथि से 45 दिन। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ASN-40/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# पिरामल फाऊंडेशन के सदस्य ने कुंजैला विद्यालय की शिक्षण गतिविधियों से हुए रूबरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** रोह प्रखंड के आदर्श प्राथमिक विद्यालय कुंजैला में शुक्रवार को पिरामल फाऊंडेशन के सदस्यों ने विद्यालय के शिक्षण गतिविधियों से रूबरू हुए। चेतना सत्र से लेकर मध्यांतर तक के घंटी का अवलोकन किया तथा बच्चों के संग जमीन पर बैठकर मध्याहन भोजन का भी स्वाद चखा। चार सदस्य टीम का नेतृत्व गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के राजनीतिक सलाहकार रह चुके गौतम पटेल ने किया। विद्यालय प्रांगण में सुबह 6:40 में जैसे ही चेतना सत्र का शुभारंभ हुआ। पिरामल फाउंडेशन के चार सदस्य टीम मौके पर पहुंच गई। इसके बाद चेतना सत्र में होने वाले गतिविधियों को बड़ी ही बारीकी से देखा और अपनी डायरी में कलम बंद भी किया। इसके बाद विद्यालय के वर्ग एक और दो के शिक्षण व्यवस्था, बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक की गतिविधि व संसाधनों यानी एफएलएन किट के उपयोग को भी बरगी से निरीक्षण करते रहे। इस दौरान वर्ग कक्ष में सबसे पिछले बेंच पर पिरामल फाउंडेशन के गौतम पटेल, सीनियर प्रोग्राम मैनेजर प्रभात गौतम, गांधी फ़ेलो अदिति सिंह व प्रोग्राम लीडर दीपाली सिंह ने शिक्षण कार्य कर रहे हैं शिक्षक श्याम राज वर्मा के क्रियाकलापों का बारीकी से अवलोकन करते देखे गए। इसके अलावा सदस्यों द्वारा विद्यालय परिसर में प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार निराला की क्रियाकलाप को व इनके प्रयास से किया जा रहे सामुदायिक सहयोग को काफी नजदीक से जाना और बारीकी से समझा। इन सदस्यों द्वारा मध्यांतर में बच्चों के साथ बैठकर छोला व चावल का भी भरपूर आनंद लिया। तथा गुणवत्ता की सराहना की। इसके अलावा इन लोगों के द्वारा पठन पाठन के कमी का अवलोकन किया तथा उसमें सुधार के कई गूढ रहस्यों से अवगत कराया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार निराहा, सुरेन्द्र राउत, श्याम राज वर्मा, प्रमोद दयाल आदि भी उपस्थित थे। जानकारी के लिए बता दें कि पिरामल फाऊंडेशन और भारत सरकार की शिक्षा विभाग नीति आयोग के प्रयास से विद्यालय के शिक्षण कार्यों को बेहतर करने का प्रयास कर रही है।


## पूर्व मध्य रेल

### ई-निविदा सूचना

डीडीयू डिविजन में वरीय अनुभाग अभियंता/उपरि उपस्कर/कर्मनाशा, कुदरा, सोननगर, रफीगंज, जपला एवं वरीय अनुभाग अभियंता/भं. एवं कर्म./डीडीयू के लिए ट्रक एवं मिनी ट्रक (06 नं.) 24 घण्टे एवं 34 महीने के लिए किराये पर रखने हेतु।

खुली ई-निविदा जेम सं.- GEM/2025/B/6203203.

नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी कार्य रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदार से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

1. कार्य का नाम और स्थान : डीडीयू डिविजन में वरीय अनुभाग अभियंता/उपरि उपस्कर/कर्मनाशा, कुदरा, सोननगर, रफीगंज, जपला एवं वरीय अनुभाग अभियंता/भं. एवं कर्म./डीडीयू के लिए ट्रक एवं मिनी ट्रक (06 नं.) 24 घण्टे एवं 34 महीने के लिए किराये पर रखने हेतु। 2. अनुमानित रकम : ₹1,36,13,394.98, 3. बयाना राशि : ₹2,18,070.00, 4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक 29.05.2025 को 11:00 बजे तक। 5. वेबसाईट का विवरण जहां ई-निविदा जेम की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है : www.gem.gov.in.

वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क.वि./पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0221/डीडीयू/ईटीआरएस/टी/25-26/36

# ओडिशा की लड़कियों ने किया बड़ा उलटफेर, पावर हाउस महाराष्ट्र को हराकर जीता खो-खो का स्वर्ण पदक

## लड़कों को रजत से करना पड़ा संतोष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार में जारी खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में ओडिशा की लड़कियों ने अंडर-18 वर्ग के फाइनल में एक बड़ा उलटफेर करते हुए पावरहाउस महाराष्ट्र को मात देकर स्वर्ण पदक जीत लिया। हालांकि इसी वर्ग के फाइनल में ओडिशा के लड़कों को महाराष्ट्र की टीम से हारकर रजत से संतोष करना पड़ा। गया के बिपार्ड परिसर में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में ओडिशा की टीम ने समरनिका साहू (12 अंक) की अगुवाई में लड़कियों के अंडर-18 वर्ग के फाइनल में महाराष्ट्र की टीम को 34-31 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ओडिशा की लड़कियों ने तमिलनाडु में आयोजित पिछले खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024 में रजत पदक जीता था, लेकिन टीम इस बार अपने पदक का रंग बदलने में सफल रही। अंडर-18 वर्ग के फाइनल में एक समय ओडिशा की टीम महाराष्ट्र से 10-16 से पीछे चल रही थी। महाराष्ट्र की टीम ने यहां से अपनी बढ़त को बरकरार रखते हुए ओडिशा के लड़कों को नौ अंकों (34-25) से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। ओडिशा के खो-खो कोच पार्था महापात्रा ने लड़कों की प्रदर्शन को ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने कहा ओडिशा की लड़कियों के लिए यह एक ऐतिहासिक प्रदर्शन है। हमारी टीम ने दो साल पहले भी स्वर्ण पदक जीता था। ओडिशा सरकार से पिछले कुछ समय से हमें काफी सपोर्ट मिल रहा है। हम टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले ही एक लक्ष्य लेकर उतरे थे कि हमें चैंपियन बनना है और हमारी लड़कियों ने इसे कर दिखाया है। लड़कियों के प्रदर्शन से गदगद कोच ने कहा कि ये तो ट्रेलर था और पिक्चर अभी बाकी है। ओडिशा के पुरी में स्थित हाई परफॉर्मेंस सेंटर (एचपीसी) में खो-खो खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देने वाले कोच ने कहा पिछले तीन-चार साल में ओडिशा ने महाराष्ट्र को कई बार मात दी है। ये तो अभी ट्रेलर था और पिक्चर बाकी है। हमारा लक्ष्य दो स्वर्ण पदक जीतकर यहां से विदाई लेना था, लेकिन मुझे खुशी है कि हमारे लड़कों ने भी अपना बेस्ट दिया और रजत जीता। ओडिशा की लड़कियों ने तमिलनाडु में आयोजित पिछले खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024 में रजत पदक जीता था, लेकिन टीम इस बार अपने पदक का रंग बदलने में सफल रही। लड़कियों ने अब 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। पार्था ने कहा, ''महाराष्ट्र एक मजबूत टीम है, लेकिन पिछले तीन-चार साल में ओडिशा ने खो-खो में काफी मेहनत किया है और उसका परिणाम आप सब देख रहे हैं। मैं इसके लिए ओडिशा सरकार, ओडिशा सरकार ने जो विकास किया है उसके लिए मैं धन्यवाद देता हूं।'' कोच ने कहा टीम इस स्वर्णिम जीत का श्रेय पूरी टीम और खिलाड़ियों को जाता है। खिलाड़ी अच्छा खेलते हैं इसलिए टीम जीती है। कोच सिर्फ प्लान कर सकता है, लेकिन उसे मैट पर लागू खिलाड़ियों को ही करना होता है। इसलिए स्वर्ण पदक जीतने का पूरा श्रेय हमारी लड़कियों को ही जाता है।

# कुलपति प्रो. एस.पी. शाही ने किया उत्तीर्ण खिलाड़ियों को पुरस्कृत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रोफेसर एस.पी. शाही 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' में बिहार राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए शिरकत किया। यह प्रतिष्ठित खेल आयोजन युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और भारत को एक स्पोर्ट्स सुपरपावर के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर प्रो. शाही की उपस्थिति बिहार में खेलों के विकास और शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी को एक नई दिशा देगी। उनके नेतृत्व में मगध विश्वविद्यालय ने खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई प्रभावशाली कदम उठाए हैं। साथ ही बिपार्ड, गया में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में उत्तीर्ण खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' में भागीदारी न केवल विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है, बल्कि यह प्रदेश के युवाओं को प्रोत्साहन देने वाली पहल भी है।

# जदयू की दो दिवसीय मीडिया सेल कार्यशाला का समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया(गया)।** क्षेत्र में जनता दल (यू) द्वारा आयोजित दो दिवसीय मीडिया सेल कार्यशाला का बुधवार को समापन हो गया। कार्यशाला में पार्टी की मीडिया रणनीति को सशक्त करने, सोशल मीडिया की पहुंच को मजबूत बनाने और विधानसभा चुनाव 2025 के लिए डिजिटल प्रचार-प्रसार की रूपरेखा तैयार की। पार्टी के मीडिया सेल, आईटी सेल और प्रवक्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने पर कार्यशाला में विशेष जोर दिया गया। इसमें पार्टी के सभी राष्ट्रीय और प्रदेश प्रवक्ता, जिला प्रवक्ता, सोशल मीडिया टीम व आईटी सेल से जुड़े प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन के बाद पार्टी ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि डिजिटल क्रांति के इस दौर में राजनीतिक संवाद का तरीका पूरी तरह बदल चुका है। सोशल मीडिया अब सिर्फ संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि सशक्त राजनीतिक अस्त्र बन चुका है। हमें इन प्लेटफार्म्स पर प्रभावशाली तरीके से उपस्थिति दर्ज करानी होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 20 वर्षों की विकास यात्रा को जन-जन तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। साथ ही विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे झूठ और भ्रमजाल को तथ्यों और तर्कों से बेनकाब करना भी पार्टी की रणनीति का अहम हिस्सा है। नियमित रूप से किए जाएंगे फेसबुक लाइव प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने बताया कि कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य 2025 फिर से नीतीश मिशन को सफल बनाना है। प्रदेश में चल रही डिजिटल गतिविधियों को अब जिला स्तर पर मजबूती से लागू किया जाएगा।

# महिलाओं की आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम बना महिला संवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** आधी आबादी से संवाद कर उन्हें विभिन्न आकांक्षाओं को जानने एवं उसके समाधान खोजने एवं योजनाओं के निर्माण में इन्हें शामिल करने की दिशा में महिला संवाद सरकार की एक पहल है। महिलाओं को विभिन्न जागरूक करने की दिशा में महिला ग्राम संगठनों के माध्यम से प्रतिदिन सभी प्रखंडों में महिला संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जो 16 जून तक जारी रहेगा। महिला संवाद महिलाओं की आकांक्षा और उनके विचारों को साझा करने का एक प्रभावी मंच बन गया है। यह मंच महिलाओं को अपने आसपास की समस्यायों से संबंधित सामाजिक मुद्दों पर खुलकर चर्चा करने का अवसर प्रदान करता है। महिला संवाद के माध्यम से महिलाएं अपने अधिकारों एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रति जागरूक हो रही हैं और एक-दूसरे को प्रेरित करती हैं। यह न केवल महिलाओं के विचारों को समाज तक पहुंचाने का कार्य करता है, बल्कि उनके सशक्तिकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विभिन्न विषयों पर खुली बातचीत और विचार-विमर्श महिलाओं को आत्मविश्वास से भरता है और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। महिला संवाद कार्यक्रमों से महिलाओं में सामाजिक गतिविधियों से जागरूकता बढ़ी है। कार्यक्रमों में दहेज प्रथा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए सामूहिक शपथ दिलाई जा रही है, साथ ही नशा मुक्त समाज के निर्माण और घरेलू हिंसा की रोकथाम के प्रति संकल्प लिया जा रहा है। महिला संवाद महिलाओं की आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम बन गया है। महिलाएं अपनी यहां मंच से अपनी आकांक्षाओं को साझा कर रही हैं जिनमें स्थानीय समस्याओं पर बात होती है। वे गांव में नाली एवं जल निकासी की समस्या का समाधान, नल-जल और सड़कों की मरम्मत, सामुदायिक भवन, सामुदायिक पुस्तकालय, विद्यालय की उपलब्धता, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, रोजगार के स्थानीय अवसर, वृद्धा एवं विकलांग पेंशन में बढ़ोतरी आदि से संबंधित मुद्दे पर बात कर रही हैं।

# शार्ट सर्किट से कच्चे मकान में आग लगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** मउ थाना क्षेत्र के इदिनपुर ग्राम में बुधवार की देर रात्रि शार्ट सर्किट से कच्चे मकान में अगलगी की घटना घटी। घटना में ग्रामीण सुदर्शन यादव का कच्चा का मकान पूरी तरह जलकर राख हो गया। वार्ड सदस्य राम उदय यादव ने बताया कि देर रात्रि सुदर्शन यादव के घर में अगलगी की घटना घटी। आग की लपट उठता देख सुदर्शन के परिवार के सदस्य घर से बाहर निकल अपनी जान बचाये वहीं घटना में घरेलू सामान जलकर राख हो गया। इसके अलावा घर में बंधा मवेशी भी बुरी तरह झुलस गया। अगलगी की घटना की जानकारी मिलने पर आसपास जुटे ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत से काबू पाया गया।

# एक दशक बाद बीस सूत्री की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरारू।** शुक्रवार को बाजार क्षेत्र के सर्वोदय+२ विद्यालय के सभागार में एक दशक बाद बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा नेता सह प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष राजदेव प्रसाद राजू एवं समापन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संभव कुमार सिंह ने किया। बैठक में हमेशा से पंचायत समिति की बैठकों में उठाई जाने वाली समस्याओं को उठाया गया। वही पदाधिकारियों का उपस्थित नहीं रहना, अतिक्रमण, दाखिल -खारीज, पेयजल, विद्यालय-आंगनबाड़ी केंद्रों में गड़बड़ी, बिजली समस्या, गांवों में सड़क आदि । कार्यान्वयन समिति के सचिव बीडीओ संभव कुमार सिंह से जब इस संबंध में पूछा गया कि सभी बैठकों में एक ही समस्या को उजागर किया जाता है और निराकरण के नाम पर बैठक के बाद शून्यता ही दिखाई पड़ती है तो ऐसे बैठकों की क्या महत्ता रह जाती है तो उन्होंने पुराना घीसा पीटा जबाब देकर पल्ला झाड़ लिया। अध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष संजय चंद्रवंशी ने कहा कि यह दशक बाद पहला बैठक है। अगली बार से पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की कर्तव्यहीनता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे, बात सरकार तक पहुंचायेंगे। बैठक में सेना के मनोबल को ऊंचा करने एवं साथ देने की भी बात कही गई और भारत माता की जय के उद्घोष से समाप्त हुआ।

## बिजली चोरी के आरोप में 5 पर जुर्माना, मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के ग्राम आंती और पाण्डेय खाप गांव में बिजली चोरी के आरोप में बिजली विभाग ने कार्रवाई की है। विभाग ने 5 लोगों पर जुर्माना लगाया है और उनके खिलाफ मामला दर्ज गुरुवार को किया है। बिजली विभाग के कनीय विद्युत अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि जांच के दौरान ग्राम आंती निवासी बिंदा देवी पति सुरेंद्र चौधरी पर 8011 रुपए, बिंदेश्वर यादव पर 5223 रुपए, राधिका देवी पति बुधन साव पर 4650, दिलीप कुमार पिता रामानुग्रह भगत पर 20415 रुपए एवं पाण्डेय खाप निवासी मो. अब्दुल कादिर पर 29489 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

# दो समुदायों में तनाव को देखते हुए निषेधाज्ञा लागू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गुडरु गांव में संवेदनशील हालात और लोकशांति भंग होने की आशंका को देखते हुए शेरघाटी अनुमंडल प्रशासन ने गांव में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह निषेधाज्ञा 9 मई से 15 मई 2025 तक प्रभावी रहेगी। बताते चलें कि बीते बुधवार को गुडरु में मिथिलेश यादव की बारात जा रही थी तभी देवपूजन के समय शादी समारोह के दौरान डीजे बजाने को लेकर गांव में मस्जिद के पास मुस्लिम समुदायों के बीच जबरदस्त मारपीट और पथराव हो गई। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के कुल दस लोग घायल हो गए जिसमें दूल्हे के पिता ननकु यादव भी गंभीर रूप से घायल हो गए। बेहतर इलाज के पटना रेफर कर दिया गया था और इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गईद्ध इसी मामले में गांव में सौहार्द बिगड़ने की संभावना को देखते हुए शेरघाटी अनुमंडल प्रशासन ने गुडरु गांव में संवेदनशील हालात और लोकशांति भंग होने की आशंका को देखते हुए 9 मई से 15 मई तक कर्फ्यू लागू कर दी है। निषेधाज्ञा के तहत संबंधित पदाधिकारी, सरकारी कर्मचारी, पुलिस पदाधिकारी एवं उनके वाहनों को छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति अथवा वाहन के गांव में प्रवेश पर रोक रहेगी। साथ ही गांव में किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने, मटरगश्ती करने और अनावश्यक जमावड़े पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे शांति व्यवस्था बनाए रखें और निषेधाज्ञा का पालन करें। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ब्राह्मणों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं : मंगलानंद मिश्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** गुरारू प्रखण्ड में नव गठित बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति में ब्राह्मणों को सहभागिता नहीं दिये जाने पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह ब्राह्मण नेता मंगलानंद मिश्र ने गुरूआ विधान सभा क्षेत्र के ब्राह्मण समुदाय को आह्वान करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा, जदयू, लोजपा, हम जैसे ब्राह्मण विरोधी पार्टियों को वोट नहीं देने का अपील किया है। किसी भी पार्टी को वोट दे दें, इन पार्टियों को वोट नहीं दें। गौरतलब है कि हाल में ही प्रखण्ड बीस सूत्री के गठन में जातीय समीकरण को साधते हुए भूमिहार से-2, राजपूत से -2, कुशवाहा से 2, दांगी से -2, चंद्रवंशी से -1, यादव से-1, बनियां से-1, मुस्लिम से -1, पासवान से -1, मांझी से-1 लोगों को प्रतिनिधित्व दिया गया, परन्तु ब्राह्मण को उपेक्षित कर एक भी सदस्य नहीं बनाया गया है। ब्राह्मण कांग्रेस के बाद भाजपा का कोर वोटर रहा है। अन्य जातियां तो समय-समय पर इधर उधर जाती भी रही है, परन्तु ब्राह्मण भाजपा के साथ है। ईमानदारी का यह कुचक्र अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री मिश्र के इस बयान का दर्जनों ब्राह्मण परिवारों ने समर्थन किया।

# इसमाइलपुर प्रधाना मार्ग के लिंक पथ हसनपुर बरई का हाल-बेहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखंड के इसमाइलपुर - प्रधाना मार्ग के लिंक पथ हसनपुर - बरई गांव की स्थिति खराब है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने शुक्रवार को पथ निर्माण की मांग की है। उनका कहना है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हसनपुर गांव के राम विलास यादव, सत्यानंद कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क का निर्माण कराया जाए। ताकि उन्हें आवागमन में आसानी हो सके। सड़क निर्माण न होने से ग्रामीणों में आक्रोश है और वे जल्द समाधान की उम्मीद कर रहे हैं। बता दें कि हसनपुर गांव के मोड़ के पास से पइन तक करीब दो सौ मीटर की दूरी है। पइन पर पुल निर्माण की भी आवश्यकता है। उक्त मार्ग से बरई, राजा बिगहा, इटवां, नारायणपुर, कैथी, खैरापर, हसनपुर, घोंघिमठ, कंचनपुर, बसंतपुर, महमूदपुर, मुबारकपुर सहित दर्जनों गांवों के सैकड़ों लोगों को आना-जाना होता है। इससे लोग गुरारू बाजार, इस्माइलपुर रेलवे स्टेशन, रफीगंज, आंती बाजार, ददरेजी और कोंच बाजार जाया करते हैं।

## 'शोधपद्धति के विविध आयामों के मानचित्रण' विषय पर विद्वानों ने रखी राय

# शोध आधारित गुणवत्ता पर विशेष व्याख्यान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के मानविकी संकाय, ग्लोबल संस्कृत फोरम, नई दिल्ली एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में 'शोधपद्धति के विविध आयामों के मानचित्रण' विषयक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन डॉ राधा कृष्ण सभागार हॉल में विद्वानों और विशेषज्ञों का साक्षी बना। पहले सत्र की शुरुआत पूर्वाहन 10 बजे से राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुई जिसकी अध्यक्षता अंग्रेजी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो निभा सिंह ने की। इस सत्र में बाबा गुलाम शाह बादशाह यूनिवर्सिटी, जम्मू कश्मीर के एकेडमिक अफेयर्स विभाग के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर मोहम्मद जहांगीर वारसी एवं जामिया मिलिया इस्लामिया नई दिल्ली के उर्दू विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो शहजाद अंजुम ने ऑनलाइन माध्यम से अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए शोध आधारित गुणवत्ता पर विशेष व्याख्यान दिया। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, प्रयागराज के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो ऋषिकांत पांडेय ने शोध में एकरूपता विषय पर वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि शोध कार्य शुरू करने के पहले उनके आचार संहिता को जाना आवश्यक है। शोध की उपयोगिता तभी है जब उनके महत्व को समझा जाए। शोध में किसी के विचारों को चुराना नहीं चाहिए बल्कि अपने तरीके से खोज अन्वेषण कर वास्तविक तथ्यों को परोसे। प्रथम सत्र का संचालन उर्दू विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ जियाउल्लाह अनवर एवं एलएसडब्लू डिपार्टमेंट की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ वंदना कुमारी ने की। अगले सत्र में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के हिंदी विभाग अध्यक्ष प्रो मृत्युंजय सिंह ने शोध के चयन विषय पर कहा कि शोध करने से पूर्व में शोध प्रबंध के विषयों की अच्छी तरह से समझ और जानकारी होनी चाहिए। मानविकी विषय की बात करें तो देश में लगभग सर्वाधिक शोध हिंदी विषय में होते हैं। बदलते दौर में शोध की गुणवत्ता में कमी आई है जो चिंता का विषय है जिसका मुख्य कारण शोधार्थियों की लापरवाही है। शोध में विषय चयन में शोधार्थियों की रुचि होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परिश्रम, समर्पण और ईमानदारी से किया गया शोध कार्य प्रभावी होता है उसकी मौलिकता बनी रहती है। शोध से पूर्व शोध प्रारूप तैयार करें जो विवरणात्मक विश्लेषणात्मक और तुलनात्मक हो। शोधार्थियों को अध्ययनशील होना होगा। तभी वह आसानी से शोध कर पाएंगे। बुद्धिमत्ता और ज्ञान व पूंजी है जिससे शोध में गुणवत्ता आती है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रो डॉ सिद्धार्थ शंकर राय ने शोध में भाषा शैली के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि रिसर्च मेथाडोलॉजी में भाषा सुपठनीय और प्रभावी होना चाहिए जिससे हमारा रिसर्च उन्नत हो सके। उन्होंने शोध कार्य के उपसंहार, भूमिका, भाषा शैली, निष्कर्ष आदि विषय को बारीकी से समझाया। मंच का संचालन डॉ राहुल कुमार एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ परम प्रकाश राय ने की। भोजनावकाश के बाद पांचवें सत्र में कार्यक्रम की अध्यक्षता अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो सरिता वीरांगना ने की। इस सत्र में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अलीगढ़ के अंग्रेजी के प्रो डॉ रिजवान खान एवं फारसी के प्रोफेसर उस्मान गनी ने ऑनलाइन माध्यम से शोधार्थियों को विभिन्न तरीके और उपाय बताते हुए शोध परख आलेखों को बेहतर और क्रियाशील तरीके से करने पर जोर दिया। वही संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय काशी के पालि एवं थेराबाद विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रमेश प्रसाद ने कहा कि मानविकी विषयों में शोध के शैली को समझना बेहद आवश्यक है। इसके बिना आप बेहतर शोध कार्य नहीं कर सकते। इसके उपरांत पोस्टर प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया जिसमें शोधार्थी छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न विषयों पर बनाए गए पोस्ट सामग्री को प्रस्तुत किया गया। निर्णायक मंडल के सदस्यों ने पोस्टर प्रतियोगिता को देखकर जजमेंट किया। इस अवसर पर मानविकी संकाय की संकायाध्यक्ष अध्यक्ष डॉ रहमत जहां, अंग्रेजी विभाग के पूर्व विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर निभा सिंह, कोऑर्डिनेटर सह अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सरिता वीरांगना, डॉ नीरज कुमार, आयोजन समिति के सचिव सह कोषाध्यक्ष डॉ संजय कुमार, आयोजन समिति के सचिव डॉ जियाउल्लाह अनवर, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर बृजेश राय, इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो पीयूष कमल सिन्हा, समाजशास्त्र विभाग अध्यक्ष प्रो प्रमोद कुमार चौधरी, पाली विभागाध्यक्ष प्रो संजय कुमार, डॉ तरन्नुम जहां, डॉ ममता मेहरा, डॉ एकता वर्मा, डॉ परम प्रकाश राय, डॉ प्रियंका तिवारी, डॉ बागेश कुमार एवं डॉ मुमताज अहमद शोधार्थी अभिषेक कुमार निराला, मधुरेंद्र कुमार, अश्वनी कुमार, वासिफ रजा समेत शिक्षक और विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।


**Government of Jharkhand Urban Development & Housing Department**
**Medininagar Municipal Corporation**
**e-Procurment Short Tender Notice**

| Sl. No.. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/08/2025-26 | Strenghting of old black topped Road from Jawaharlal dubey via. shree ram path to Yogendra tiwari 2. PCC Road from Budhinarayan tiwari to umesh tripathi and budhinarayan tiwari to ravindra shukla house iii. Laying of 300 mmHP from ravindra shukla to nahar Under MMC | 30,06,398/- | 60,200/- | 10,000/- | 6 माह |

| **Part – B** | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 09/05/2025 AT 10:00 AM |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 09/05/2025 AT 10:00 AM |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.in |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 09/05/2025 AT 10:00 AM |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 23/05/2025 AT 02:00 PM |
| 6 | Date Of Bid Opening | 24/05/2025 AT 02:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 352031 District(25-26)D



**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited (JBVNL)**
**(CIN: U40108JH2013SGC001702)**
**Electric Supply Area, Medininagar**
**Retd. Office : By Pass Road, Sudna, Medininagar, 822102**
**e-mail :- gm_mdnjseb@yahoo.in Telephone :- 06562-295539**

**e-Tender Notice**

**Proposal for vendor empanelment for all kinds of electrical works under Electric Supply Area, Medininagar**

Online e-tenders are invited from reputed Vendors/Contractors/Firms/Company who are interested for empanelment for all kind of electrical works in different head of JBVNL under Electric Supply Area, Medininagar.

| Sl. No. | e- NIT No. | Name of Work | Application fee for vendor Registration |
|---|---|---|---|
| 1. | 05/PR/JBVNL/2025-26 | vendor empanelment for all kinds of electrical works under Electric Supply Area, Medininagar upto 31.03.2026 | 11,800.00 (Including 18% GST) (Non Refundable) |

All online tenders should be submitted online on www.jharkhandtenders.gov.in
IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NITS

| | | |
|---|---|---|
| 1. Availability of tender document on website | :- | From 16.05.2025 10.30 Hrs |
| 2. Start Date and time for submitting e-tender | :- | 16.05.2025 10.30 Hrs |
| 3. Last Date and time of submission of e-tender with online Cost of BOQ/Documents etc. | :- | 05.06.2025 17.00 Hrs |
| 4. Date and time of opening of e-tender(Techno-Commercial Cover) i.e Cover-I) | :- | 06.06.2025 at 15:00 Hrs |

1. Guideline for online submission of bids can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in.
2. Bidder have to submit their bids online in electronic format with digital signature, Bids without digital signature will not be accepted. No proposal (bid) will be accepted in Physical form. No document will be accepted/considered through postal service or courier.
3. **For any clarification please contact : -9835574043**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager(T)
Electric Supply Area, Medininagar

PR 352082 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)25-26*D

संपादकीय

## भारत-ब्रिटेन में अहम 'महाडील'

भारत पाकिस्तान के बीच तनाव के दौरान भारत और ब्रिटेन (यूके) के मध्य बहुप्रतीक्षित 'मुक्त व्यापार समझौते' पर दस्तखत होना मोदी सरकार की बड़ी कामयाबी है। दोनों देशों के बीच इस तरह के समझौते का मुद्दा लंबे साढ़े तीन साल से विचाराधीन था, जो अब अंजाम तक पहुंचा है। इस समझौते से दोनों देशों को लाभ होगा। साथ ही दोनो देशों के बीच ऐतिहासिक सम्बन्धों को नई दिशा मिलेगी। समझौते के तहत ब्रिटेन को 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात शून्य शुल्कों से लाभान्वित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूके के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने विगत मंगलवार को इसकी घोषणा की। एक साल से यह मामला ठंडे बस्ते में था। लेकिन यूके में सत्ता परिवर्तन के बाद इसमें गर्मी आई। इसके तहत भारत और यूके ने फरवरी में तीन अलग-अलग समझौतों पर औपचारिक रूप से बातचीत शुरू की थी। पिछले हफ्ते भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अपनी लंदन यात्रा के दौरान यूके के वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स से मुलाकात कर लंबित मुद्दों को सुलझाया। यूं तो इस समझौते के कई परस्पर लाभ है, लेकिन अमह बात यह है कि इससे ब्रिटेन में काम करने वाले भारतीय कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा भुगतान से तीन साल की छूट मिलेगी। भारत लंबे समय से इसकी मांग कर रहा था। इस करार से सीमा पार न केवल कुशल, पेशेवर श्रमिकों के हितों की रक्षा होगी बल्कि भारतीय सेवा प्रदाताओं को महत्वपूर्ण वित्तीय लाभ भी होगा। दोनों समझौते संपन्न हो चुके हैं मगर अभी उन पर हस्ताक्षर होने बाकी हैं। यूके के लिए भी भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता सबसे बड़ा और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण करार है, क्योंकि वह ब्रेक्सिट के बाद दुनिया के साथ व्यापार संबंध बनाने का प्रयास कर रहा है। दूसरी ओर भारत के लिए यह आज तक किसी भी प्रमुख विकसित देश के साथ किया गया सबसे व्यापक व्यापार करार है। मुक्त व्यापार करार को ऐसे समय में अंतिम रूप दिया गया है जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते की संभावना भी बन रही है। इस समझौते से भारत को लगभग 99 फीसदी उत्पादों पर शुल्क खत्म किए जाने से जो लाभ होगा, वह उसके कुल व्यापार मूल्य का लगभग 100 फीसदी होगा। वाणिज्य विभाग ने बयान में कहा कि इस व्यापार समझौते से शुल्क में कमी आएगी और बाजार पहुंच बढ़ने से भारतीय वस्तुओं को ब्रिटेन के बाजार में अन्य बाजारों के मुकाबले प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिलेगी। इससे कपड़ा, जूते, समुद्री उत्पाद, चमड़ा, खिलौने, रत्न और आभूषण, इंजीनियरिंग सामान, वाहन कलपुर्जा और इंजन तथा कार्बनिक रसायन जैसे क्षेत्रों को लाभ होगा। दूसरी ओर भारत में आयात शुल्क में कटौती की जाएगी, जिससे 90 फीसदी उत्पादों पर शुल्क प्रावधान घटेंगे और इनमें से 85 फीसदी उत्पाद एक दशक के भीतर पूरी तरह से शुल्क-मुक्त हो जाएंगे। गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2004-25 के दौरान भारत और यूके के बीच कुल 21.33 अरब डॉलर मूल्य का व्यापार हुआ। इस दौरान भारत से 12.9 अरब डॉलर मूल्य का निर्यात किया गया जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 13.3 फीसदी अधिक है। ब्रिटेन से आयात 8.4 अरब डॉलर रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष साल की तुलना में 6.1 फीसदी कम है। इस समझौते पर भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह समझौता दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच न्यायसंगत और महत्त्वाकांक्षी व्यापार के लिए नया मानदंड स्थापित करता है। इससे भारतीय किसानों, मछुआरों, श्रमिकों, एमएसएमई, स्टार्टअप और इनोवेटर्स को लाभ होगा। यह हमें वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने के हमारे लक्ष्य के करीब लाता है। यह एफटीए केवल वस्तुओं और सेवाओं के बारे में नहीं है, बल्कि लोगों, संभावनाओं और समृद्धि के बारे में भी है।

# मीडिया : लोकतंत्र का प्रहरी या सत्ता का मुखौटा?



**रवि तिवारी**

जब-जब लोकतंत्र खतरे में होता है, तब-तब मीडिया से आशा की जाती है कि वह एक सजग प्रहरी की तरह सत्ता को आईना दिखाए, जनता की पीड़ा को स्वर दे और सच को निर्भीकता से उजागर करे। परंतु आज जब हम अपने चारों ओर नज़र डालते हैं, तो यह यथार्थ कहीं उलट नजर आता है। मुख्यधारा की मीडिया, विशेषतः इलेक्ट्रॉनिक चैनल, 'चौथे स्तंभ' से अधिक 'चौथे प्रवक्ता' के रूप में काम कर रहे दिखाई देते हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या मीडिया अपने मूल दायित्व से विमुख हो चुका है?

आज के युग में मीडिया केवल सूचना का साधन भर नहीं, बल्कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। उसकी जिम्मेदारी केवल खबरें दिखाने या छापने तक सीमित नहीं है वह जनता और सत्ता के बीच एक सेतु की तरह कार्य का भी है। मीडिया का काम है सच को सामने लाना, सत्ता से सवाल करना, जनता की आवाज़ को मंच देना और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना। परंतु, वर्तमान काल में मीडिया की भूमिका बहस, आलोचना और चिंतन का विषय बन चुकी है।मीडिया का पहला और प्रमुख दायित्व है सत्ता से सवाल करना। मीडिया न तो न्यायपालिका है, न कार्यपालिका, परंतु इन दोनों पर निगरानी रखने वाला विवेकशील माध्यम अवश्य है, परंतु आज का राष्ट्रीय मीडिया अक्सर ऐसे मुद्दों को उठाता है जो सत्ता को सुखद लगें, और उन विषयों से परहेज़ करता है जिनसे सत्ता की जवाबदेही तय होती है। विज्ञापन, पूंजी, टीआरपी और राजनीतिक हित अब संपादकीय प्राथमिकताओं पर हावी हो गए हैं।

%गोदी मीडिया% अब केवल एक कटाक्ष नहीं, बल्कि एक हकीकत है जो मीडिया वर्ग की पहचान बन चुका है। वे टीवी एंकर जो कभी जनता की आवाज़ थे,अब सत्ता के भोंपू की तरह व्यवहार करते हैं। प्राइम टाइम बहसें अब संवाद नहीं, योजनाबद्ध 'नैरेटिव प्रोजेक्शन' बन गई हैं। विपक्ष की आवाज़ को या तो दबा दिया जाता है या उसे उपहास का पात्र बना दिया जाता है।वर्तमान में जब देश बेरोजगारी, महंगाई, किसान आंदोलन, महिला सुरक्षा जैसे गंभीर सवालों से जूझ रहा है, तब टीवी चैनलों पर फिल्मी प्रेम-प्रसंग,हिंदू मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद, और राष्ट्रवाद के नाम पर सतही बहसें परोसी जा रही हैं और इसके एंकर पार्टी विशेष के प्रवक्ताओं से भी आगे बढ़ कर भूमिका निभाते नजर आते है। इस सड़ी हुई तथा जन का विश्वास खोती व्यवस्था के विरुद्ध एक नई क्रांति जन्म ले रही है डिजिटल स्वतंत्र पत्रकारिता,यूट्यूब, पॉडकास्ट, वेब पोर्टल जैसे माध्यम अब वो काम कर रहे हैं जो किसी समय परंपरागत मीडिया किया करता था। जमीनी रिपोर्टिंग,आंकड़ों के साथ विश्लेषण और सत्ता की आलोचना ये सब अब डिजिटल मंचों से हो रहा है। जिन पर जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है तथा इनकी बताई खबरों पर जनता पूर्ण विश्वास भी कर रही है।इसके अलावा कुछ ऐसे भी स्वतंत्र पत्रकार है जो गांवों-कस्बों से लेकर संसद तक की सच्चाइयों को बिना किसी एजेंडा के सामने रख रहे हैं। सबसे बड़ी बात इनसे देश के लाखों लाख लोग लगातार जुड़ भी रहे है

यह नई पत्रकारिता जनता को जोड़ती है,बहलाती बहकाती या फुसलाती नहीं है।

जहां एक ओर टीवी और डिजिटल की होड़ में सत्य कहीं खो गया, वहीं अब भी कुछ माध्यम हैं जो पत्रकारिता की गरिमा को बचाए हुए हैं। प्रिंट मीडिया, विशेषकर क्षेत्रीय समाचार पत्र और साहित्यिक पत्रिकाएं आज भी तुलनात्मक रूप से अधिक निष्पक्ष, गहराईपूर्ण और जनसरोकार से जुड़ी रिपोर्टिंग कर रहे हैं।कुछ ऐसे भी क्षेत्रीय समाचार पत्र व पत्रिकाएं है जो अब भी गांवों की समस्याओं, स्थानीय प्रशासन की खामियों, और आम जनता की बातों को उठाते हैं।क्षेत्रीय पत्रकारिता केवल अखबार छापने तक सीमित नहीं, यह जनजागरण का एक जनांदोलन है। इसके पीछे वे स्थानीय संवाददाता होते हैं जो जोखिम उठाकर गांव-गांव जाकर खबरें लाते हैं। न उनके पास सुरक्षा है, न बड़ा वेतन। फिर भी वे झूठ के अंधकार में सत्य की मशाल जलाए खड़े रहते हैं।वे बताते हैं कि कैसे किसी जिले के स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नहीं है, कैसे किसी पंचायत को महीनों से राशन नहीं मिला,या किसी स्कूल में आज भी बच्चे फर्श पर बैठकर पढ़ रहे हैं,कैसे मजदूरों का शोषण किया जा रहा है,महिलाएं कैसी कैसी समस्याओं से जूझ रही है,बच्चे कैसे कुपोषण का शिकार हो रहे है,सरकार के प्रतिनिधि कैसे मोटे होते जा रहे है आदि आदि। ऐसी खबरें शायद राष्ट्रीय चैनलों की टीआरपी में न आएं, लेकिन जनता के जीवन में इनका प्रभाव गहरा होता है।आज मीडिया न केवल कॉरपोरेट दबावों में घिरा है बल्कि उनके आगे घुटने टेके हुए है साथ ही सरकार की सीधी निगरानी और नियंत्रण में भी है। आईटी सेल, डिजिटल मीडिया नियम, विज्ञापन नीति, एफआईआर, रेटिंग एजेंसियों की बंदिशें ङ्क इन सभी माध्यमों से स्वतंत्र पत्रकारों को नियंत्रित किया जा रहा है। असहमति को देशद्रोह और आलोचना को षड्यंत्र बताकर जो माहौल बनाया गया है उसमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दम तोड़ रही है। यही कारण है कि भारत की प्रेस स्वतंत्रता रैंकिंग विश्व में लगातार गिरती जा रही है।

जनता अब पहले जैसी नहीं रही। एक बड़ा वर्ग सोशल मीडिया की आभासी दुनिया में बहकता है,लेकिन अब एक जागरूक नागरिक वर्ग भी तैयार हो रहा है जो तथ्य मांगता है, विश्लेषण चाहता है और पत्रकारिता को समर्थन देना जानता है। यह वह वर्ग है जो यूट्यूब चैनलों को सब्सक्राइब करता है, उन्हें आर्थिक सहयोग भी देता है और अपनी क्षेत्रीय पत्र पत्रिका और पत्रकारों का हौसला बढ़ाता भी है।मीडिया को यदि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बने रहना है, तो उसे सत्ता से दूरी और जनता से निकटता बनानी होगी। वह तभी संभव है जब हम आप जैसे पाठक सत्य का समर्थन करने का साहस जुटाए तथा क्षेत्रीय पत्रकारिता को ना केवल महत्व दें बल्कि वैकल्पिक मंचों को मज़बूत करें। पत्रकारिता केवल व्यवसाय नहीं एक सामाजिक ज़िम्मेदारी भी है और इस जिम्मेदारी को निभाने वाले यदि खतरे में हैं तो मान के चलिए की देश का लोकतंत्र स्वयं खतरे में है।

**(लेखक– सामाजिक चिंतक, कवि, वे कई अखबारों व टीवी माध्यमों में लेखन,साक्षात्कार और चर्चाओं में सक्रिय रहे हैं।)**

### पंगा

....रवि तिवारी

पाक ने सिंदूर से पंगा लिया
बड़ी मुसीबत मोल ले लिया
सिंदूर मिटा कर विधवा किया
अपने को मिटा लेने का वादा लिया

धर्म पूछ कर मार दिया
उसी धर्म ने साथ दिया
हिंदी है हम वतन के
एकता हमने दिखा दिया

राजनीतिक विचार धारा
है सभी दलों की अलग
मुसीबत में ना होते अलग
प्रथम होती देश की धारा

जन्म दिया अलग किया
अंग्रेजों ने खेल किया
आतंकियों ने फसा दिया
बड़ी मुसीबत में फंसा दिया

टुकड़े इस बार ऐसे होंगे
पाक जमी पर नापाक होगे
ना कोई गले लगाएगा
नाही कोई पहचान पायेगा

भारत है यह नई सदी का
पंगा जो ले लिया है तुमने
अब घुस कर मार गिराएगा
अंतिम संस्कार कर ही वापस आएगा

अध्यात्म

## समस्याएं दूर करने के लिए आगे बढ़ते रहना चाहिए

एक परेशान व्यक्ति ने संत से कहा कि मेरे जीवन की बाधाएं खत्म ही नहीं हो रही हैं, संत उसे एक नदी किनारे ले गए और किनारे पर खड़े होकर कहा कि जब ये नदी सूखेगी तब हम आगे बढ़ेंगे किसी भी बाधा को दूर करने के लिए हमें आगे बढ़ते रहना जरूरी है, अगर रुक जाएंगे तो कभी भी लक्ष्य तक नहीं सकते हैं। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार एक व्यक्ति के जीवन में समस्याएं बहुत अधिक थीं। बचपन से ही उसे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पिता का देहांत हो चुका था और बचपन में ही माता, भाई-बहनों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी उसके ऊपर आ गई थी। बड़े होने पर व्यक्ति का विवाह हुआ, लेकिन शादी के बाद उसकी समस्याएं और अधिक बढ़ गईं। उसके जीवन में एक परेशानी खत्म होती तो दूसरी आ जाती थी। एक दिन वह प्रसिद्ध संत के पास गया।

व्यक्ति ने संत से कहा कि मुझे अपना शिष्य बना लें। मैं परेशान हो गया हूं, बहुत दुखी हूं। संत ने कहा कि ठीक तुम मेरे शिष्य बन जाओ। मुझे बताओ क्या परेशानी है? शिष्य ने कहा कि गुरुजी एक समस्या खत्म नहीं होती और दूसरी सामने आ जाती है, इस कारण मैं बहुत दुखी रहता हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है।

गुरु ने कहा कि ठीक है, मैं तुम्हारी समस्याओं का हल बता दूंगा। अभी तुम मेरे साथ चलो। गुरु नए शिष्य को लेकर नदी किनारे गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है, ये बोलकर वहीं खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा हो गया। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि गुरुदेव हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने जवाब दिया कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूखेगी हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। शिष्य को आश्चर्य हुआ। वह बोला, गुरुजी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार कर लेना चाहिए। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं तो आती ही रहेंगी। हमें रुकना नहीं है, लगातार आगे बढ़ते रहना है। तभी तो हम उन्हें हल कर पाएंगे। आगे बढ़ते रहेंगे तो समस्याओं के हल मिलते जाएंगे। अगर रुक जाएंगे तो एक भी बाधा पार नहीं हो पाएगी। शिष्य को गुरु की बात समझ आ गई और उस दिन के बाद उसकी सोच बदल गई।

# सरसंघचालक की पहल से बदल सकती है जातिवाद की तस्वीर

**राजनीतिक उद्देश्य के निहितार्थ ही सही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) ने अगड़े, पिछड़े और अंतरजातीय विवाह की शुरुआत करा कर देश में जातिवाद के दुष्चक्र को तोडऩे की दिशा में एक सकारात्मक पहल की है। देश की तरक्की और एकता-अखंडता का अक्षुण रखने में समाज का जाति और उपजातियों में बंटा होना प्रमुख बाधा है। सदियों से चली आ रही जातिवाद की जड़े इतनी गहरी हैं कि इसको समूल उखाड़ कर देश का नवनिर्माण करना किसी दुष्कर चुनौती से कम नहीं है। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने वाराणसी में पिता बनकर 125 लड़कियों का कन्यादान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विवाह समाज निर्माण का आधार है। इस भव्य समारोह में सवर्ण, दलित और पिछड़े समाज के 125 जोड़ों का सामूहिक विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ।**

**योगेंद्र योगी**

भावगत और संघ परिवार कई बार हिन्दुओं की एकता की दुहाई दे चुके हैं। इस एकता में सबसे बड़ी बाधा जातिवाद है। आरएसएस की समझाइश के बावजूद जातिवाद का असर कम नहीं हुआ। इसके लिए सामूहिक विवाह की शुरुआत करा कर पहल की गई। जातिवाद तोडऩे की दिशा में यह महज एक कदम है, जबकि फासला सैकड़ों मील का है। यह संभव है कि आरएसएस आगे भी इसी तरह की पहल को जारी रखे। एक-एक कदम बढ़ा कर ही शायद एक दिन बगैर जाति के राष्ट्रवाद का सपना साकार हो सके। इसमें अभी भी बाधाओं की कमी नहीं है। ऐसा नहीं है कि आरएसएस और भाजपा का इसमें कोई छिपा हुआ राजनीतिक एजेंडा नहीं है।

राजनीतिक सिद्धि के बावजूद यह प्रयास सकारात्मक ही माना जाएगा। भाजपा ने केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बना कर यह साबित किया भी किया है वोट बैंक की मौजूदा जातिवाद की राजनीति के बावजूद विकास की बुनियाद पर सत्ता प्राप्त की जा सकती है। इसका बड़ा उदाहरण राज्यों में मुख्यमंत्रियों के चयन में भी देखने को मिला। इससे पहले भाजपा भी अन्य राजनीतिक दलों की तरह राज्यों में बड़े नेताओं की बंधक बनी हुई थी। इन नेताओं की उपेक्षा करके चुनाव जीतना और किसी और को मुख्यमंत्री बनाना संभव नहीं था, किन्तु भाजपा ने यह भ्रम तोड़ दिया। इसके साथ जाति आधारित नेताओं के पार्टी को ब्लेकमेल किए जाने की परंपरा को भी पछाड़ दिया। हालांकि दूसरे राजनीतिक दलों में ऐसा करने का साहस अभी तक नहीं है, विपक्षी दलों में इसकी छटपटाहट जरूर नजर आती है।

अंतरजातीय विवाह करने पर अक्सर जातिवाद का कहर न सिर्फ नवविवाहितों को बल्कि उनके पूरे परिवार तक को झेलना पड़ता है। भारत के उत्तरी राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में ऑनर किलिंग आम हैं। भारत में ऑनर किलिंग तब होती है जब कोई जोड़ा अपनी जाति या धर्म के बाहर शादी करता है। करनाल की एक सत्र अदालत ने खाप पंचायत के आदेश के विरुद्ध विवाह करने वाले एक युवा जोड़े की हत्या के लिए पांच लोगों को पहली बार मृत्युदंड की सजा सुनाई। इसने खाप पंचायत के एक सदस्य को आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जिसने विवाह को अवैध घोषित कर दिया था और हत्या के समय वह मौजूद था।

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और आठ राज्यों को नोटिस जारी कर ऑनर किलिंग को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी मांगी। सरकार ने सतर्कतापूर्ण रुख अपनाते हुए भारतीय दंड संहिता में संशोधन करने और खाप पंचायतों (जाति आधारित संविधानेतर निकाय) पर लगाम लगाने के पूर्व कानून मंत्री एम. वीरप्पा मोइली के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। हालांकि, इसने राज्यों से परामर्श करने और एक विशेष कानून बनाने की गुंजाइश पर विचार करने के लिए मंत्रियों के एक समूह का गठन करने का फैसला किया, जो



ऑनर किलिंग को एक सामाजिक बुराई के रूप में मानेगा। प्रस्तावित ऑनर किलिंग कानून को लेकर विशेषज्ञों में मतभेद है। कुछ विशेषज्ञों का तर्क है कि अगर सही तरीके से लागू किया जाए तो मौजूदा कानून ऑनर किलिंग को रोकने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि अन्य का मानना है कि ऑनर किलिंग की समस्या से निपटने के लिए अधिक सख्त और विशिष्ट प्रावधानों की आवश्यकता है। भारत में 2019 और 2020 में ऑनर किलिंग की संख्या 25-25 थी और 2021 में 33 थी।

दलित ह्यूमन राइट्स डिफेंडर्स नेटवर्क (डीएचआरडीनेट) द्वारा नेशनल काउंसिल फॉर विमेन लीडर्स (एनसीडब्ल्यू) के सहयोग से प्रकाशित एक रिपोर्ट में सात राज्यों- हरियाणा, गुजरात, बिहार, राजस्थान, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश- में जाति आधारित ऑनर किलिंग की तस्वीर सामने रखी थी। रिपोर्ट में 2012 से 2021 के बीच के 24 मामलों पर नजर डाली गई है और लगभग सभी मामलों में पीड़ितों/सर्वाइवर्स को रिश्ते या शादी का विरोध करने वाले परिजनों के हाथों अत्यधिक हिंसा का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट में पाया गया कि कई मामलों में केवल एक व्यक्ति पर ही नहीं, बल्कि उसके परिवार के सदस्यों पर भी हमला किया गया। हरियाणा के एक मामले में अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखने वाले एक पूरे परिवार की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। इसमें तमिलनाडु में एक अन्य मामले में एक जोड़ा ऐसा था, जो अंतरजातीय संबंध में था और साथ घर छोड़कर कहीं जाकर छिप गया था। चूंकि वे मिले नहीं, इसलिए लड़की के परिवार वालों ने बदला लेने के लिए लड़के की बहन का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी। इस मामले में पुरुष अनुसूचित जाति से और महिला थेवर जाति की थी। भारत में सम्मान आधारित अपराधों के लिए कोई विशेष कानून नहीं है। इन मामलों की आईपीसी के मौजूदा प्रावधानों के तहत जांच की जाती है, और जब पीड़ित अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति समुदाय से ताल्लुक रखता है तो एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम लागू होता है।

वर्ष 2012 में भारत के विधि आयोग ने सिफारिश की थी कि विशेष रूप से ऑनर क्राइम के लिए एक अलग कानून बनाया जाए। रिपोर्ट के हिस्से के तौर पर एक विधेयक ड्राफ्ट भी किया गया और उसमें किसी जोड़े को डराने-धमकाने के अपराधीकरण समेत विशिष्ट कानूनी कार्रवाई प्रस्तावित की गईं थी। हालांकि, किसी भी सांसद ने इस बिल को संसद में पेश नहीं किया। रिपोर्ट बताती है कि विधि आयोग के किए कार्य को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। वर्ष 2018 में, शक्ति वाहिनी बनाम भारत सरकार के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने ऑनर किलिंग को एक गंभीर मुद्दे के रूप में मान्यता दी और ऑनर क्राइम की रोकथाम के लिए राज्य एवं पुलिस प्रशासन की जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की। इस खतरे से निपटने के लिए अब तक कुछ गंभीरता दिखाने वाला एकमात्र राज्य राजस्थान है। वर्ष 2019 में राजस्थान ने 2012 के विधि आयोग की रिपोर्ट पर आधारित एक विधेयक विधानसभा में पेश किया। इसे अगस्त 2019 में राजस्थान विधानसभा में पारित किया गया था। हालांकि, यह कानून नहीं बन पाया है क्योंकि इस पर राज्यपाल द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए। जाति आधारित ऐसे सामाजिक बुराईयों से दो तरफा तरीकों से निपटना होगा। कानून में सुरक्षा की गारंटी के साथ अतंरजातीय विवाह संबंधों को प्रोत्साहित करने से देश की तस्वीर बदल सकती है।

### आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
घर के बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त होगा। विद्यार्थी उच्च शिक्षा की तैयारी करेंगे। दोस्तों का मूड खराब हो सकता है। किसी पर भी आँख-मूँदकर भरोसा न करें।

**वृषभ**
आपके बारे में लोगों की राय मिश्रित रहेगी। लोग मीठा बोलकर आपसे अपने काम करवाने का प्रयास करेंगे। आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**मिथुन**
फाइनेन्स सम्बन्धी कार्यों से जुड़े लोगों को आर्थिक लाभ मिलेगा। आपकी प्रबल इच्छाशक्ति से सभी कार्य समय पर पूर्ण कर लेंगे। पदोन्नति के योग प्रबल हैं।

**कर्क**
पारिवारिक समस्याओं के कारण मन विचलित हो सकता है। छोटे उद्योग कर रहे लोगों को कठिनाई हो सकती है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा।

**सिंह**
अपनी कार्यशैली को लेकर आत्ममन्थन करेंगे। प्रेम-प्रसंगों को पर्याप्त समय देंगे। दिनचर्या का बड़ा समय पढ़ने और शोध आदि में दे सकते हैं।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में आपका अपमान हो सकता है। सम्भव है की आपका विचार अधिक सार्थक हो लेकिन सही बात कहने पर भी आप निशाने पर लिये जा सकते हैं।

**तुला**
अच्छे मित्रों के संयोग से मन प्रफुल्लित रहेगा। पैतृक सम्पदा प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। सन्तान के भविष्य को लेकर कुछ निर्णय लेने पड़ सकते हैं।

**वृश्चिक**
आप लोगों के लिये प्रेरणास्तोत्र बनाकर उभरेंगे। ह्व फील्ड से जुड़े लोगों को जॉब में काफी मजा आयेगा। पूर्वनिर्धारित कार्यों की योजना समय से पहले बना लेंगे।

**धनु**
जीवनसाथी के प्रति अपनापन और प्रेम दोनों ही बढ़ेगा। व्यवसाय से जुड़े लोगों को अपनी प्रोडक्ट क्वालिटी पर ध्यान देना पड़ेगा। अपनी मानसिक स्थिति सकारात्मक बनाकर रखें।

**मकर**
मधुमेह के रोगियों को दवाओं के प्रयोग में लापरवाही नहीं करनी चाहिये। अपच के कारण मुँह में छाले पड़ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सारे कार्य अपनी जिम्मेदारी में करें।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में अचानक परिवर्तन हो सकते हैं। पहले की गयी मेहनत से आपको लाभ मिलेगा। आर्थिक परेशानियों को लेकर थोड़ा परेशान होना पड़ेगा।

**मीन**
सहकर्मियों के सहयोग से आपके काम शीघ्र पूरे हो जायेंगे। जॉब के नये अवसर आपको मिल सकते हैं। व्यापार के मामले में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

# सीएम ने 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 का लिया जायजा

## प्रतिभागी खिलाड़ियों का मुख्यमंत्री ने किया उत्साहवर्द्धन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बेगूसराय जिला के तेघड़ा प्रखंड स्थित यमुना भगत स्टेडियम में 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 के खेल परिसर का मुआयना कर खिलाड़ियों से मुलाकात की। मुलाकात के क्रम में मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल, दिल्ली, चंडीगढ़, मिजोरम, मेघालय, उड़ीसा, झारखंड एवं बिहार के 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 में भाग ले रहे खिलाड़ियों से बातचीत की और उनका उत्साहवर्द्धन किया।




इस दौरान मुख्यमंत्री ने यमुना भगत स्टेडियम में आंध्र प्रदेश और हरियाणा की महिला खिलाड़ियों के बीच हुए फुटबल मैच का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने स्टेडियम परिसर का भ्रमण कर विभिन्न राज्यों से आए हुए खिलाड़ियों एवं दर्शकों का हाथ हिलाकर अभिनंदन किया। खिलाड़ियों एवं दर्शकों ने ताली बजाकर मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। कार्यक्रम में खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता एवं बेगूसराय के जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने मुख्यमंत्री को पुष्प-गुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं 'खेलो इंडिया किट भेंटकर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुाार सह बेगूसराय जिला के प्रभारी मंत्री संजय सरावगी, खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, विधायक राज कुमार सिंह, पूर्व मंत्री मंजू वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सामान्य प्रषासन सह खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ0 बी0 राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, बेगूसराय प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक आशीष भारती, बेगूसराय के जिलाकिारी तुषार सिंगला, पुलिस आीक्षक मनीष सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय आकिारी उपस्थित थे।

## झारखंड ने तमिलनाडु को 2-1 से हराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स नेशनल फुटबॉल के ग्रुप ए महिला वर्ग में बरौनी रिफाइनरी स्टेडियम में राजस्थान और बिहार के महिला टीम के साथ मुकाबला था। लेकिन अपरिहार्य कारण से शुक्रवार को सुबह राजस्थान और बिहार का मैच नहीं हो पाया। यमुना भगत स्टेडियम तेघड़ा में ग्रुप ए महिला वर्ग में तमिलनाडु और झारखंड की महिला टीम के बीच मुकाबला हुआ। झारखंड ने रोमांचक मुकाबले में तमिलनाडु को 2-1 से हराया। पहले हॉफ में झारखंड की महिला टीम ने एक गोल किया और और दूसरे हॉफ में भी एक गोल। झारखंड की ओर से स्टार खिलाड़ी बबीता कुमारी ने 14 में



और 87 में मिनट पर अपनी टीम के लिए दो गोल दागे। वहीं तमिलनाडु की टीम पहले हॉफ में गोल का खाता नहीं खोल पाई। तमिलनाडु की टीम की ओर से दूसरे हॉफ में 53 वे मिनट पर कशिका ने पहला और एक मात्र गोल किया। इस प्रकार कांटों की टक्कर और रोमांचक मुकाबले में झारखंड की महिला टीम ने तमिलनाडु की महिला टीम को 1 गोल से हरा दिया। दोनों ही टीम ने काफी अनुशासित और अच्छा खेल खेला। ना ही किसी खिलाड़ी को येलो कार्ड दिखाया गया। न ही कोई खिलाड़ी परिवर्तित हुआ खेल के दौरान। दर्शकों ने इस शानदार मैच का लुफ्त उठाया। अच्छी खासी संख्या में दर्शक यमुना भगत स्टेडियम पहुंचे थे। मुख्यमंत्री के आने के कार्यक्रम को लेकर स्टेडियम को काफी शानदार ढंग से सजाया गया था और वहां का माहौल काफी शानदार था। प्रशासन पूरी तरह से चुस्त और दुरुस्त दिखी। यमुना भगत स्टेडियम में अनुमंडल पदाधकारी तेघड़ा राकेश कुमार, खेल पदाधिकारी बेगूसराय ऐश्वर्य कश्यप और अन्य पदाधिकारी ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका हौसला बढ़ाया।

## यूआर कॉलेज का पीपीटी प्रेजेंटेशन सबसे बेहतर

### प्रभारी प्रधानाचार्य डा. घनश्याम राय ने की स्नातकोत्तर की पढ़ाई और भवन की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** यूआर कॉलेज के पीपीटी प्रेजेंटेशन पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के अंगीभूत कॉलेजों का पीपीटी प्रेजेंटेशन 08 मई (गुरुवार) को बिहार सरकार के उच्च शिक्षा विभाग में निर्धारित था। शिक्षा विभाग के पूर्व सचिव ने प्रधानाचार्य डॉ राय से पूछा कि कॉलेज के लिए आप सरकार से क्या चाहते हैं। डॉ घनश्याम राय ने कहा कि स्नातकोत्तर की पढ़ाई और इसके लिए भवन का निर्माण करवाएं। बिहार सरकार के उच्च



शिक्षा विभाग के नवनियुक्त निदेशक प्रोफ़ेसर एनके अग्रवाल को गुरुवार को उनके कक्ष में यूआर कॉलेज, रोसड़ा के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ घनश्याम राय, बर्सर डॉ विनय कुमार और शोध छात्रा राजेश्वरी राय ने पगड़ी, चादर और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। ज्ञातव्य है कि प्रोफ़ेसर अग्रवाल ने यूआर कॉलेज, रोसड़ा से गणित में स्नातक (ऑनर्स) में पूरे ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। वे रोसड़ा के स्थानीय निवासी भी हैं। वे यूआर कॉलेज में IQAC के सदस्य हैं। प्रधानाचार्य ने उन्हें 17-18 मई को यूआर कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।

## तबियत खराब होने से जवान की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** नावकोठी थाना क्षेत्र के डफरपुर पंचायत के छतौना गांव के थल सेना के जवान की मौत ड्यूटी के दौरान शुक्रवार को हो गई। मृत जवान छतौना के उपेन्द्र पंडित का 41 वर्षीय पुत्र पवन पंडित है। वह मध्यप्रदेश के जबलपुर थल सेना कैम्प में ढाई साल से आरमर पद पर कार्यरत था। पिता उपेन्द्र पंडित ने बताया कि वह सेना में 2005 से नौकरी कर रहा था। शुक्रवार को ही मोबाइल फोन पर उसके मौत की खबर मिली। उसने बताया कि गुरूवार की रात तक कैम्प में हथियार ठीक करता रहा। कार्य करने के क्रम में उसके सिर में दर्द हुआ। इलाज के लिए आर्मी होस्पिटल में भर्ती कराया गया। इलाज के क्रम में ही उसकी मौत ब्रेनहेमरेज से होने की बात बताई गई है। पोस्टमार्टम, कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर पार्थिव शरीर को गांव के लिए भेजा जाएगा। शव शनिवार की सुबह तक आने की संभावना बतायी जा रही है। मौत की खबर से संपूर्ण इलाके में मातमी सन्नाटा पसर गया। आसपास के बुद्धिजीवी, गणमान्य लोग जय जय राम महतो, महेंद्र महतो, आनंद प्रसाद सिंह, शंभू पंडित मनोज कुमार, सनोज कुमार ग्रामीणों की भीड़ उसके आवास पर जमा हो गई। मृतका की माँ प्रमिला देवी व अन्य स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## एक नजर

### वाहन की ठोकर से बिजली पोल ध्वस्त

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने क्षेत्र के छतौना वार्ड संख्या 17 में अज्ञात वाहन ने ठोकर मार कर 6 बिजली पोल को गुरुवार के सुबह को क्षतिग्रस्त कर दिया है। जेई नीरज कुमार ने अज्ञात वाहन पर कांड अंकित कराया है। उसने बताया कि ग्रामीणों ने सूचना दिया कि गुरूवार को बांध किनारे सड़क के किनारे लगे 6 बिजली पोल को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा 300 मीटर तार भी क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि बाराती का कोई गाड़ी जाने के क्रम में क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को 84941 रूपए की क्षति हुई है। उक्त क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई है। प्रभारी थानाध्यक्ष मनोज प्रसाद ने कांड अंकित कर अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दिया है।

### मारपीट में जख्मी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के विष्णुपुर पंचायत के गौरीपुर में पंच कोमल देवी के घर में घुसकर हुई मारपीट में जख्मी हो गई। इसकी चिकित्सा पीएचसी नावकोठी में करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। उसने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर पिंकी देवी, सुनीता देवी, नीतू देवी, नागो पासवान, रमेश पासवान पर घर में घुसकर लात, मुक्का, ईट, लाठी डंडे, बेल्ट आदि से पीटकर जख्मी करने, पांच हजार रुपए नगद, सोने का चेन छीनने का आरोप लगाकर नामजद किया है। उसने बताया कि वह अपने दरवाजे पर अपनी ननद सपना कुमारी के साथ बैठी हुई थी। उपरोक्त सभी नामजद एक राय बनाकर लाठी डंडे से लैस होकर घर में घुस कर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडे से पिटाई कर जख्मी कर दिया। आसपास के ग्रामीणों ने इलाज के लिए पीएचसी नावकोठी ले गए। वहाँ से बेहतर इलाज के लिए बेगूसराय भेज दिया गया है। जहाँ इलाज रत है। कुछ दिन पूर्व उपरोक्त नामजद कर पड़ोसी के साथ झंझट हुआ था। इसमें इसे दोषी पाया गया तथा इसके विरोध में फैसला हुआ था। इसी खुन्नस में उपरोक्त नामजद ने घटना का अंजाम दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष मनोज प्रसाद कांड अंकित कर छानबीन शुरू कर दी है।

### अलग-अलग जगहों पर डूबने से चार की मौत

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शुक्रवार को मंझौल थाना क्षेत्र के पबरा गांव के पास बुढी गंडक नदी मे स्नान करने के दौरान तीन लोगो की डूबने से मौत हो गई।शुक्रवार को बुढ़ी गंडक नदी में नहाने गए आधे दर्जन युवकों में से पबरा गाँव के मोहम्मद मुरद का 20 वर्षीय पुत्र एरम रहमानी, और एक लड़की कमला गांव निवासी मोहम्मद शमीम की 14 वर्षीया पुत्री खुशबू खातून की डूबकर मौत हो गई। वहीं चेरिया बरियारपुर प्रखंड के बसही के पास भी बुढ़ी गंडक नदी में स्नान करने के दौरान कमलेश्वर मल्लिक का 15 वर्षीय नाती प्रिंस मल्लिक की भी मौत हो गई। वहीं पवड़ा बुढ़ी गंडक नदी में स्नान करने के दौरान शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने डुब रही शबरूम खातून 26 वर्ष को पानी से बाहर निकाला। इलाज के लिए मंझौल अनुमंडल अस्पताल ले गया। जहां डाक्टर ने उसकी स्थिति को गंभीर देखकर बेगूसराय ईलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार बुढ़ी गंडक नदी से कमला के पास डुबा एक लड़का और एक लड़की का शव बरामद नहीं हुआ है । साथ ही तेघरा थाना क्षेत्र के बरौनी 2 के वार्ड 7 निवासी सुनील कुमार यादव की डूबने से मौत हो गई।

### योजनाओं की दी गई जानकारी

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के जगदर व गेंहरपुर पंचायत में शुक्रवार को दो जीविका महिला ग्राम संगठन में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई। पहला कार्यक्रम जीविका महिला ग्राम संगठन द्वारा गेन्हरपुर पंचायत में आयोजित किया गया। जीविका के बीपीएम शैलेश रंजन ने कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश को पढ़ कर सुनाया गया तथा राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से महिलाओं के जीवन में आए बदलावों को फिल्मों के माध्यम से दिखाया गया। दूसरा कार्यक्रम जीविका महिला ग्राम संगठन द्वारा जगदर पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय समन्वयक सूर्येश कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन सामुदायिक समन्वयक रंजीत कुमार ने किया। मौके पर बीपीएम शैलेश रंजन, बुककीपर पिंकी कुमारी और अमरेश कुमार, सीएम रीना देवी और अनिला देवी, एचएनएस एमआरपी आरती कुमारी, एसजेवाई एमआरपी गुंजन कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

### स्कूल संचालकों की मनमानी से अभिभावक परेशान

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बखरी प्रखंड क्षेत्र में निजी स्कूलों की मनमानी एक बार फिर से सुर्खियों में है। नए सत्र की शुरुआत के साथ ही स्कूल प्रबंधन ने किताबें खरीदवाने के नाम पर अभिभावकों का आर्थिक शोषण शुरू कर दिया है। स्कूल प्रशासन द्वारा अभिभावकों को यह निर्देश दिया जा रहा है कि वे केवल उन्हीं दुकानों से किताबें खरीदें, जिन्हें स्कूल द्वारा मान्यता दी गई है। इन दुकानों पर किताबों के दाम प्रिंट रेट से वसूले जा रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल प्रशासन की ओर से एक सूची दी जाती है। जिसमें केवल एक या दो दुकानों का नाम होता है।

## युवा गायिका अनामिका झा को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** भगवानपुर चकसेखु स्थित मिथिला सेवी प्रो हीरा झा के आवास पर आयोजित स्वागत सह सम्मान समारोह में मिथिला की बेटी व युवा गायिका अनामिका झा को मिथिला शिक्षा मंच सम्बद्ध अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद् के संयोजक तथा बिहार प्रांत श्री राम चरित मानस प्रचार संघ के पर प्रांत सम्पर्क प्रमुख प्रो पीके झा प्रेम ने पाग, चादर, पुष्पहार और राम चरित मानस भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो प्रेम ने युवा गायिका के मैथिली प्रस्तुति पर सम्पूर्ण मिथिला भाषी सुधी श्रोताओं की ओर शुभकामनाएं संग बधाई दिया। अनामिका झा के बेहतरीन प्रस्तुति पर शिक्षा विहार भटगामा के निदेशक तथा श्री राम चरित मानस प्रचार संघ के सचिव सुशांत चन्द्र मिश्र ने भी अंग वस्त्र से सम्मानित किया और आगे अपने संस्थान परिसर में विशेष रूप से सम्मानित करने की घोषणा सहित आमंत्रण भी दिया। ज्ञातव्य हो कि शिक्षा विहार एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा प्रति वर्ष मिथिला के विभिन्न क्षेत्रों से विशिष्ट योगदान के लिए आदित्य नारायण मिश्र स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जाता हैं। इस अवसर पर मिथिला शिक्षा मंच से जुड़ें वरिष्ठ सदस्य प्रो प्रमोद कुमार चैधरी, डॉ राजकुमार, ई मनोहर सिंह, प्रभात कुमार चैधरी, पवन राय आदि उपस्थित थे।

## मेडल ऑफ ऑनर पाने वाले पहले भारतीय बने भुवन ऋभु

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** प्राख्यात बाल अधिकार अधिवक्ता व जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के संस्थापक भुवन ऋभु को वर्ल्ड लॉ कांग्रेस की बैठक में वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन (डब्ल्यूजेए) नें प्रतिष्ठित 'मेडल ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया। वे यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय हैं। जेआरसी की सहयोगी संगठन जवाहर ज्याति बाल विकास केन्द्र के सचिव सुरेन्द्र कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री ऋभु को बधाई दी और कहा कि भुवन ऋभु का बिहार राज्य और खास तौर से समस्तीपुर जिला से गहरा नाता रहा है। जहां जेआरसी के सहयोगी के तौर जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र समस्तीपुर जिला में बाल अधिकारों की सुरक्षा के



लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन दुनिया का सबसे बड़ा कानूनी हस्तक्षेप नेटवर्क है। जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र की ओर से समस्तीपुर जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा में प्रमुख भूमिका निभा रहे सुरेन्द्र कुमार समस्तीपुर में बाल विवाह व बच्चों की ट्रैफिकिंग, बाल श्रम के रोकथाम सहित बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण से जुड़े हैं। श्री सुरेन्द्र ने कहा कि यह सिर्फ भुवन जी का व्यक्तिगत सम्मान नहीं है, यह उन सभी लोगों के लिए अत्यंत गर्व का पल है जो प्रत्येक बच्चे की सुरक्षा के लिए जमीन पर काम कर रहे हैं। वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन नें उनके कार्यों को जो मान्यता दी है, वह हम सभी के संघर्ष और विश्वास का सम्मान है। यह वैश्विक सम्मान हमारे संकल्प को और मजबूती देता है और बच्चों के लिए एक सुरक्षित और बेहतर दुनिया बनाने के हमारे सपने व हमारे प्रयासों को को नई उर्ज़ा देता है। इस मौके पर जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र के एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम की माजदा खातुन, रंजू कुमारी, रीता कुमारी, स्मृति कुमारी, बलराम चैरसिया, ललिता कुमारी, वीभा कुमारी, संस्था की कोषाध्यक्ष वीणा कुमारी व अध्यक्ष गौरीशंकर चैरसिया ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस उपलब्धि से हमें नई उर्ज़ा एवं बच्चों के लिए सुरक्षित बनाने के अभियान को जारी रखने की प्रेरणा मिली है। हम इस मिशन को और मजबूती से आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## शहीद सूरज नारायण सिंह के 119वीं जयंती समारोह में भाग लेने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** अगामी 17 मई को दरभंगा के डीएमसीएच ऑडिटोरियम में आयोजित शहीद सूरज नारायण सिंह के 119 वें जयंती समारोह में भाग लेने का निमंत्रण देने हेतु पूर्व सांसद आनंद मोहन समस्तीपुर पधारे। इस क्रम में समस्तीपुर जिले के विभिन्न गांव में जगह जगह बैठक का आयोजन श्री मोहन ने लोगों को समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इसी दौरान ग्राम शेखोपुर के उप प्रमुख प्रतिनिधि सोनू सिंह के अध्यक्षता में, इसके बाद ग्राम खैरी के मुखिया प्रतिनिधि पवन देव सिंह की अध्यक्षता में, तदुपरांत बलाही ग्राम




में सामाजिक कार्यकर्ता ठाकुर अनिल सिंह एवं रमन सिंह के अध्यक्षता में उनके आवास पर हजारो ग्रामवासी के मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया गया। बताते चलें कि उक्त जयंती समारोह पुर्व सांसद श्री मोहन के नेतृत्व में ही आयोजित है। मौके पर फ्रेन्डस आफॅ आनंद के प्रदेश महासचिव ठाकुर उदय शंकर, सन्टू सिंह, मृत्युन्जय झा, धीरेन्द्र कुमार झा, विश्व दीपक त्रिवेदी, ठाकुर संग्राम सिंह, सुजीत सिंह, अविनाश कुमार चंदेल, समाजसेवी संजीत पासवान, अरविंद कुमार सहित सभी कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## वीआईपी प्रमुख ने पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** बीते 25 अप्रैल को जिले के खानपुर प्रखंड के रहने वाले एक युवती सामूहिक बलात्कार की शिकार हुई, पहले तो काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज किया, उसके बाद से आज कई हफ्तों के बाद भी उन अपराधियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस मामले में वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी ने एसपी अशोक मिश्रा को जिम्मेदार ठहराते हुए मनमानी करने और पीड़ित परिवार को न्याय न दिलाकर प्रताड़ित करने केलिए पुलिसिया कार्यशैली पर सवाल उठाए। गुरूवार को समस्तीपुर पहुंचे वीआईपी सुप्रीमों मुकेश सहनी ने परिसदन में



आयोजित संवददाता सम्मेलन में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि खुद आरक्षी अधीक्षक ही अपराधियों को संरक्षित कर रहे तभी तो पीड़ित परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है। मुकेश सहनी ने बताया कि एसपी साहब की मानमानी का आलम यह है कि उन्होंने खुद उनसे कई बार संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया और न ही इस घटना के संबंध में कोई प्रतिक्रिया दी। मुकेश साहनी ने मीडिया के माध्यम से कहा कि बिहार में अब पुलिस जनता की रक्षक नहीं भक्षक बन चुकी हैं। पीडित के साथ ही आरोपी जैसा व्यवहार किया जाता है। एसपी को चेतावनी देते हुए वी आईपी सुप्रीमों ने कहा कि अगर पंद्रह दिनों के अंदर पीड़ित परिवार को न्याय नहीं दिलाते हैं, तो पूरा निषाद समाज जिला पुलिस मुख्यालय की घेराबंदी कर आंदोलन करेगा। वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी के साथ जिलाध्यक्ष आदर्श कुमार पिंटू, उमेश साहनी एवं पुष्प साहनी सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मक्का को बढ़ावा से जुड़े विषय पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूसा।** राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा में नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन, वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत एग्रो टेक्सटाइल पर केंद्रित विशेष पहल एवं साईलेज मक्का के बढ़ावा से जुड़े विषय पर आधारित एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के मंत्री गिरिराज सिंह, वीसी डॉ पीएस पाण्डेय व अन्य आगत अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में कहा कि नेशनल टेक्निकल टेक्स्टाइल मिशन एवं कृषि एक साथ मिलकर देश के विकास में काफी काम कर सकता है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर नेशनल टेक्निकल टेक्स्टाइल मिशन एवं केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के बीच एक एमओयू किया जा रहा है। जो ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि इसके अलावे विश्वविद्यालय एवं मसीना बीज प्रा. लिमिटेड के साथ साइलेज मक्का को बढ़ावा देने से जुड़े एक समझौता भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने मक्के का लगभग चैदह फीट उंचा एक नया प्रभेद साईलेज विकसित




किया है जिसका उत्पादन प्रति हेक्टेयर तीन सौ टन से ज्यादा है। इस प्रभेद के विकास के लिए श्री सिंह ने कुलपति डॉ पीएस पांडेय और वैज्ञानिक डॉ मृत्युंजय कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों से विश्वविद्यालय में काफी अच्छा कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को आक (मंदार) से धागा बनाने पर भी शोध करना चाहिए। वहीं कुलपति डॉ पांडेय ने विश्वविद्यालय के डिजिटल एग्रीकल्चर के क्षेत्र में विकास के बारे में भी जानकारी और वस्त्र मंत्रालय को विश्वविद्यालय के साथ समझौता के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि, टेक्स्टाइल का माडर्न एग्रीकल्चर में क्या उपयोग हो सकता है इसका प्रदर्शन वस्त्र मंत्रालय के इस केंद्र के माध्यम से किया जायेगा। वहीं उपस्थित बिहार विधान परिषद सदस्य सर्वेश कुमार ने कहा कि साइलेज मक्का के बढ़ावा से बिहार के पशुपालकों को फायदा मिलेगा। कुलसचिव डॉ मृत्युजय कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय ने जिस मक्का के प्रभेद का विकास किया है वो ऐतिहासिक है। इससे किसानों की आय बढेगी। उन्होंने कहा कि इसके पेटेंट की प्रक्रिया चल रही है इसलिए इस पर अनुसंधान परिषद की बैठक में विस्तार से चर्चा की जायेगी। संचालन डॉ कुमारी अंजनी ने किया। मौके पर मसीना बीज के अनिल मिश्रा, ससमीरा के अशोक तिवारी, निदेशक प्रसार डॉ मयंक राय, डीन बेसिक साइंस डॉ अमरेश चंद्रा, डीन इंजीनियरिंग डॉक्टर राम सुरेश वर्मा, डीन डॉ उषा सिंह, डॉ रत्नेश कुमार, डॉ मुकेश कुमार, डॉ महेश कुमार, डॉ शिवपूजन सिंह सहित शिक्षक वैज्ञानिक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# पहचान पत्र जांच के बाद ही भारत में प्रवेश की इजाजत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रक्सौल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 28 पर्यटकों की हत्या के बाद देशभर में सुरक्षा व्यवस्था को सख्त कर दिया गया है। इसी क्रम में भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट जारी करते हुए रक्सौल समेत अन्य सीमाई इलाकों में चौकसी बढ़ा दी गई है।

रक्सौल सीमा पर एसएसबी (47वीं वाहिनी) द्वारा सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। नेपाल से भारत में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान पत्र से जांच की जा रही है। बिना




जांच और पूछताछ के अब किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही। घुसपैठ की आशंकाओं को देखते हुए सभी मुख्य सड़कों, ग्रामीण रास्तों, नदी घाटों और खेतों के बीच के रास्तों पर सुरक्षा बलों ने पेट्रोलिंग तेज कर दी है। डॉग स्क्वॉड को तैनात किया गया है और एसएसबी की सिविल विंग सीमावर्ती गांवों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। एसएसबी 47वीं वाहिनी के कमांडेंट ने बताया कि सुरक्षा बल रात-दिन गश्त कर रहे हैं और किसी भी अवैध गतिविधि को रोकने के लिए हर संभव उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल के बीच लंबे समय से बेटी-रोटी के संबंधों के चलते सीमा पर विशेष छूट रही है, परन्तु बदली हुई परिस्थितियों में अब सतर्कता सर्वोपरि है।

इस पहल में आम नागरिक भी एसएसबी का सहयोग कर रहे हैं, जिससे सुरक्षा अभियान को मजबूती मिल रही है। सीमा पर स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, पर हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है।

# मोतिहारी: हर्षोल्लास से मनाई गई वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** नगर के स्टेशन रोड स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थल पर शुक्रवार को उनकी जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों से जुड़े अनेक लोगों ने पहुंचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। प्रतिमा स्थल पर महाराणा प्रताप के बड़े चित्र को पुष्पमालाओं से सुसज्जित किया गया था। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुबह से ही लोगों का जुटान प्रारंभ हो गया। सभी उपस्थित लोगों ने श्रद्धा भाव से प्रतिमा पर माल्यार्पण और चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की अगुवाई अमरेंद्र सिंह ने की, जिन्होंने नगर के आगंतुकों का स्वागत करते हुए स्थल को एक समारोह स्थल का रूप प्रदान किया। माल्यार्पण करने वालों में जदयू के प्रदेश नेता अमरेंद्र सिंह, प्रो. दिनेश चंद्र, क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष शशि भूषण सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजीनियर शशि भूषण राय उर्फ गप्पू राय, ह्लआप सब की आवाज़ आशा पार्टीङ्क के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बिहार प्रदेश सेनानी संघ के अध्यक्ष लाल बाबू सिंह सहित बबलू सिंह, नागेंद्र सिंह, संगीता कुमारी, प्रभात सिंह आदि शामिल थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भी भाग लिया और वीरता, स्वाभिमान तथा राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## संदीप हत्याकांड : एफएसएल टीम पहुंची घटनास्थल दंडाधिकारी की मौजूदगी में मिले शव के अवशेष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)।** घोड़ासहन थाना क्षेत्र के बगही भेलवा पंचायत अंतर्गत भटिनिया गांव में 18 वर्षीय युवक संदीप कुमार हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में पुलिस जुटी हुई है। इसी क्रम में शुक्रवार को अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी आनंद कुमार की मौजूदगी में फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर खेत में खुदाई कर शव के कुछ अवशेष बरामद किए। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनुज कुमार पांडेय ने बताया कि बरामद अवशेषों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अनुसंधान के दौरान यह भी सूचना मिली है कि मृतक संदीप की प्रेमिका की भी हत्या की गई है और उसका शव गांव में कहीं दफनाया गया है। इस दिशा में पुलिस जांच को तेज कर रही है। गौरतलब है कि 30 अप्रैल को संदीप का शव गांव के पश्चिमी सरेह स्थित मक्का के खेत से बरामद हुआ था। वह 26 अप्रैल की देर शाम घर से निकला था, जिसके बाद से लापता था। तीन दिन बाद उसका शव क्षत-विक्षत अवस्था में खेत से मिला। मृतक की पहचान रामविलास महतो के पुत्र संदीप कुमार के रूप में हुई थी।

## दिव्यांगता पहचान शिविर आयोजित, 20 बच्चों को मिले नवीन प्रमाण-पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** दिव्यांगजनों के सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम पहल करते हुए शुक्रवार को हुलासगंज प्रखंड मुख्यालय में दिव्यांगता पहचान एवं प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग की सहायक निदेशक माला कुमारी की देखरेख में आयोजित इस विशेष शिविर में 20 दिव्यांग बच्चों का विधिवत चिकित्सकीय परीक्षण किया गया और उन्हें नवीन दिव्यांगता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। शिविर में ठक्कक्ष पंजीकरण, सरकारी योजनाओं की जानकारी, मार्गदर्शन, व प्राथमिक दवाओं की सुविधा एक ही स्थल पर उपलब्ध कराई गई। शिविर का समन्वय स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल बोर्ड के साथ-साथ प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी एवं शिक्षा पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया।

जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने शिविर को समाज के कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने की दिशा में सार्थक पहल बताया और आने वाले शिविरों को और भी व्यापक व प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

### जनता दरबार में सुनी गईं 57 शिकायतें

**जहानाबाद।** शुक्रवार को समाहरणालय परिसर के सभा कक्ष में जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में जिले भर से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं जिला प्रशासन के समक्ष रखीं।



जनता दरबार में कुल 57 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें ज़मीन विवाद, आवास योजना, राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, बिजली आपूर्ति, नल-जल योजना, आयुष्मान भारत योजना समेत अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें शामिल थीं। डीएम ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को संवेदनशीलता व प्राथमिकता के साथ समाधान के निर्देश दिए। कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से बात कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराई गई।

## मो. शाहिद इकबाल की प्रतिनियुक्ति डाक निदेशालय, नई दिल्ली में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** चंपारण डाक प्रमंडल, मोतिहारी के विकास पदाधिकारी मो. शाहिद इकबाल की प्रतिनियुक्ति डाक निदेशालय, नई दिल्ली में की गई है। सर्किल कार्यालय, पटना को 15 दिनों के भीतर उन्हें कार्यमुक्त करने का निर्देश मिला है। महज दो वर्षों में इकबाल ने मोतिहारी डाक प्रमंडल को बिहार में प्रथम स्थान दिलाया और एक पखवाड़े में 102 करोड़ रुपये का डाक जीवन बीमा व्यवसाय कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने 2011 में पूर्णिया से डाक सेवा की शुरुआत की थी और अपने करियर में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं।

## जनता दरबार में की गई 38 मामलों की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम के तहत विभिन्न अंचलों से आए 38 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं की सुनवाई की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी जिलाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा ने की। सुनवाई के दौरान भूमि विवाद, अतिक्रमण, राजस्व संबंधित शिकायतें अधिक सामने आईं। प्रभारी पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र विधिसम्मत कार्रवाई कर समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने



जिला जन शिकायत कोषांग को सभी मामलों को संबंधित अधिकारियों तक भेजने का निर्देश भी दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत राज पदाधिकारी राम जनम पासवान, वरीय उप समाहर्ता यशवंत कुमार, मंगला कुमारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने फरियादियों से मिलकर उनकी शिकायतें सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया।

## बीस सूत्री की पहली बैठक में भ्रष्टाचार और जनसुविधाओं पर गूंज उठी आवाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनकटवा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी श्याम कुमार की अध्यक्षता में बीस सूत्री कार्यक्रम की पहली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष उमाकांत प्रसाद ने किया। बैठक में उपस्थित सभी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल, बिजली, स्वास्थ्य, मनरेगा, आपूर्ति एवं राजस्व विभाग से संबंधित योजनाओं की प्रगति



और चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में भ्रष्टाचार और कुव्यवस्था के मुद्दे प्रमुखता से छाए रहे। बीस सूत्री अध्यक्ष उमाकांत प्रसाद ने सभी पंचायतों में पेयजल और बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। बीजबनी पंचायत से शंकर प्रसाद गुप्ता ने शिकायत की कि अधिकांश चापाकल और नल-जल योजनाएं खराब पड़ी हैं, जिन्हें तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है। राजद विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार उर्फ डब्लू कुमार ने आंगनबाड़ी केंद्रों की दुर्व्यवस्था को उजागर किया, जबकि चंद्रभान मिश्रा ने जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में सदस्यों की सहभागिता को अहम बताया। उन्होंने पेयजल व बिजली आपूर्ति व्यवस्था को ग्रीष्मकाल में दुरुस्त रखने पर बल दिया। बैठक में मनरेगा पीओ नदीम अहमद, सीडीपीओ संगीता कुमारी, बीपीआरओ सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी इस्तेखार दानिश, कृषि पदाधिकारी शिलानाथ झा, आपूर्ति पदाधिकारी निवेदिता कुमारी, कनिय अभियंता धीरज कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं बीस सूत्री समिति सदस्य उपस्थित थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आश्वस्त किया कि सभी उठे मुद्दों पर संबंधित विभागों द्वारा शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

## सामूहिक विवाह में 71 जोड़ी वर-वधू ने लिए सात फेरे, देखने के लिए उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चकिया।** रेलवे स्टेशन के निकट स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में शुक्रवार को आदर्श सामूहिक विवाह के बैनर तले 71 जोड़ी वर-वधू की सामूहिक विवाह रस्मों रिवाज के साथ धूमधाम से संपन्न हुई। केसरिया रोड स्थित बाजार समिति परिसर से आयोजन समिति के अध्यक्ष सह नप सभापति पवन सर्राफ के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ 71 घोड़े पर सवार दूल्हे राजा की बारात निकाली गई। बारात शहर के निर्धारित मार्गों का भ्रमण करते हुए संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर स्थित विवाह स्थल पर पहुंची। इस अनोखी बारात को देखने के लिए सड़क के दोनों तरफ महिला, पुरुष व बच्चों की भारी तादात रही। विवाह स्थल परिसर में मंच पर द्वार



पूजा के बाद जयमाला कार्यक्रम हुई। इसके उपरांत दूल्हा व दुल्हन शादी मंडप गए जहां काशी,अयोध्या समेत विभिन्न जगहों से आए पंडितों द्वारा विधि पूर्वक वैदिक मंत्रोचारण के साथ सात फेरे दिलाकर विवाह की रस्में पूरी कराई साथ हीं एक जोड़ी नौशा-दुल्हन की काजी के द्वारा निकाह पढ़ाया गया। आयोजन समिति के द्वारा विदाई में बॉक्स पलंग,गद्दा, चादर, दो तकिया, स्टूल, टेबल, चार कुर्सी, कंबल, मच्छरदानी, अटैची,बाल्टी सेट बर्तन, पंखा, ट्रक, ड्रेसिंग टेबल, आयरन, श्रृंगार बॉक्स दी गई। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने विवाह से सम्बन्धित गाना प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया। पहली बार हो रहे सामूहिक विवाह को देखने के लिए लोगों का जन सैलाब उमड़ पड़ा था। वहीं विवाह में आए लोगों के लिए महाभोज का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव, पवन जयसवाल व डीडीसी एस एस पांडेय थे। साथ हीं विधि व्यस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारी के रूप में सीओ गोपाल कुमार, थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार के अलावा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड से छात्रों को मिलेगा चार लाख तक शिक्षा ऋण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** प्रखंड अंतर्गत कटहा एवं झीटकहिया पंचायतों में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, मोतिहारी द्वारा सरकार की तीन प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु अधिकतम चार लाख रुपये तक शिक्षा ऋण उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई साथ ही,



मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना के तहत बेरोजगार युवाओं को 1,000 प्रति माह की दर से अधिकतम 24 महीनों तक 24,000 की सहायता और कुशल युवा कार्यक्रम के तहत 3 माह का निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण दिए जाने की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को इन योजनाओं से जोड़ना और उन्हें रोजगार तथा शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना था। मौके पर केंद्र के प्रबंधक चंदन कुमार, मनोज कुमार एवं विनोद कुमार ने विस्तार से जानकारी दी। पंचायत के मुखिया, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## लूटकांड का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** मखदुमपुर थाना पुलिस ने वर्ष 2020 में गैस एजेंसी कर्मी से हुई 13 लाख रुपये की लूटकांड का खुलासा करते हुए मिश्रीपुर गांव निवासी रंजीत यादव को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि लूट की घटना उस समय हुई थी जब गैस एजेंसी का कर्मचारी नकदी लेकर बैंक ऑफ इंडिया में जमा करने जा रहा था। बैंक के समीप ही अज्ञात अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया था। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि रंजीत यादव की संलिप्तता अन्य अपराधों में भी है या नहीं।

### घायल अवस्था में मिले युवक की पीएमसीएच में मौत

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** मखदुमपुर डीह निवासी 40 वर्षीय सब्बनउद्दीन की रहस्यमय हालात में हुई मौत ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। मंगलवार की शाम वह रेलवे ट्रैक के किनारे गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले थे। ग्रामीणों की मदद से उन्हें मखदुमपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां से स्थिति गंभीर होने पर जिला अस्पताल और फिर पटना पीएमसीएच रेफर किया गया। बुधवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## मंत्री ने शहर के पार्कों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** बिहार सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार कुमार ने अपने मोतिहारी आगमन पर शहर के पार्कों का निरीक्षण किया। मंत्री डॉ0 कुमार ने इस क्रम में विवेकानंद पार्क, बलुआ गोलम्बर पार्क, शौर्य स्तम्भ, अटल उद्यान, राजेन्द्र बाल उद्यान, सत्याग्रह पार्क एवं लाल बहादुर शास्त्री पार्क का निरक्षण किया। दौरा के क्रम में मंत्री डॉ0 कुमार ने कहा कि हमारी सरकार की हरित बिहार बनाने के संकल्प में पार्कों का बहुत बड़ा योगदान है। पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी शहर में पार्कों का महत्व अत्यधिक है। मोतिहारी के पार्कों की दशा दयनीय है। शहर के पार्कों के उन्नयन के लिए विभाग द्वारा जल्द की कदम उठाए जाएंगे और



जल्द ही मोतिहारी के पार्कों की दशा बदलेगी। उक्त अवसर पर मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, उप महापौर डॉ0 लालबाबू प्रसाद, मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, निगम पार्षद चेतन कुमार, नगर अध्यक्ष दक्षिणी मंडल राजेश कुमार, अमित सेन, संजय जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नेपाली जाली नोट और शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)।** सीमावर्ती झरौखर थाना पुलिस ने शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर आठमुहान गांव में छापेमारी कर नेपाली एक हजार के जाली नोट और नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आठमुहान गांव निवासी जावेद आलम के रूप में हुई है। झरौखर थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के घर पर गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जहां से नेपाली जाली नोट और प्रतिबंधित नेपाली शराब बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है और उसके नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष के अलावा पुअनि सूरज कुमार और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सीमा क्षेत्र में जाली नोट और शराब की तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच जारी है।


**पूर्व रेलवे**

**सं. ईएलईजी/ओटी/ई-निविदा सूचना/449 /2025-26 दिनांक : 07.05.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, द्वितीय तल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्न-लिखित कार्यों के संबंध में निम्नरूप ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:- **(1) निविदा सं.: ई एलईजी-ओटी-1221-2025-26; कार्य का विवरण:** गड्ढों, शेड एवं उसके आसपास प्रकाश व्यवस्था में सुधार के लिए ओएसएल / एसडीएएच में प्रकाश व्यवस्था के लिए विद्युत कार्य; **निविदा दस्तावेज की लागत:** रु. 00.00; **निविदा मूल्य:** रु. 28,13,650.00; **बयाना राशि:** रु. 56,300.00; **समापन अवधि:** 04 (चार) माह; **(2) निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1222-2025-26; कार्य का विवरण:** सीपी और अन्य स्थानों पर जल पंपों के प्रतिस्थापन एवं संवर्धन के लिए आवश्यक विद्युत कार्य; **निविदा दस्तावेज की लागत:** रु. 00.00; **निविदा मूल्य:** रु. 1,07,54,715.00; **बयाना राशि:** रु. 2,03,800.00; **समापन अवधि:** 10 (दस) महीने; **निविदा प्रकाशन तिथि:** 07.05.2025; **निविदा समापन तिथि और समय:** 05.06.2025 14.00 बजे; **निविदा बोली खोलने की तिथि:** 05.06.2025 14.00 बजे; **निविदा बोली प्रारंभ तिथि:** 22.05.2025. समय-समय पर जारी निविदा सूचना और शुद्धिपत्र का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-48/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EastenRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**सं. डीवाई.सीपीएम/ इंजी / जीएसयू / एडब्ल्यएच/25-26/6 दिनांक : 07.05.2025,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक / इंजी / गति शक्ति इकाई, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा- 711101 द्वारा समान प्रकृति के कार्य का अनुभव रखने वाले और अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है, जिसमें सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी / एसईबी / एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत निविदाकार भी शामिल हैं: **ई-निविदा सं. 04_2025-26; कार्य का विवरण:** "हावड़ा मंडल में आरओबी/ आरयूबी द्वारा 18 नंबर एलसीएस गेट को खत्म करने के लिए डीपीआर." **अनुमानित लागत:** रु. 2,22,83,777.19; **बयाना राशि:** रु. 2,61,400.00; **निविदा फॉर्म की लागत (रु.) :** शून्य; **पूर्णता अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 06 (छह) महीने; **निविदा की समाप्ति तिथि एवं समय:** 03.06.2025 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित समापन तिथि को किसी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित कर दिया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा समापन तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा क्योंकि IREPS की वेबसाइट पर आवेदन निविदा की समापन तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालाँकि, ऑनलाइन निविदाएँ अगले कार्य दिवस पर खोली जाएँगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान - ई-टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा दस्तावेज़ लागत का भुगतान, केवल भुगतान गेटवे के नेट बैंकिंग के माध्यम से स्वीकार किया जाना चाहिए। **टिप्पणी :** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए सावधि जमा रसीद (एफडीआर) को ईएमडी के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(HWH-80/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# राष्ट्रीय लोक अदालत आज, तैयारियां पूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आगामी 10 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जागरूकता रथ को जिला जज सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राज कुमार ने व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल सहित कई अन्य न्यायाधीश मौजूद रहे। जिला जज राज कुमार ने बताया कि अधिक- से- अधिक वादों के निस्तारण हेतु और जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों को जागरूक करने के लिए दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक से संबधित वैन को रवाना किया गया। लोक अदालत का फायदा न सिर्फ शहर एवं कस्बों के लोगों मिले बल्कि जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तक पहुंचे इस उद्देश्य के लिए यह जागरूकता रथ कारगार साबित होगा। जिला जज ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से सभी सुलहनीय वादों का निस्तारण एवं बैंक से संबधित वादों का निस्तारण निश्चित किया गया है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील किया कि लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने से संबधित सुलहनीय वादों का निस्तारण करायें और बैंक से संबधित जो भी बकाया राशियां है, जो भी संभव हो उनका निदान किया जायेगा और बैंक के पदाधिकारियों द्वारा पूरा सहयोग किया जायेगा। यह रथ जिले के सभी प्रखंडों के साथ-साथ समस्त ग्रामीण क्षेत्रों तक जायेगा। लोगों को हर तरह के सुलहनीय वादों के साथ-साथ बैंक ऋण से संबधित विवादों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से करने के लिए प्रेरित करेगा। सचिव तान्या पटेल ने बताया कि लोक अदालत की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है और अधिक से अधिक लोगों को इसकी जानकारी उपलब्ध हो इसके लिए जागरूकता रथ के साथ-साथ विविध माध्यमों से लोगों से यह अपील किया जा रहा है कि वे अपने सुलहनीय वादों का निस्तारण लोक अदालत में करायें।




## सचिव ने थानाध्यक्षों के साथ बैठक कर अधिकाधिक वाद निष्पादन पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने जिले के सभी थानाध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में थानाध्यक्षों से उनके थाना क्षेत्रों में लोगों को जागरुक कर अधिक से अधिक वादों के निष्पादन पर जोर दिया गया। सचिव ने थानाध्यक्षों से कहा कि विभिन्न न्यायालयों में लंबित सुलहनीय वादों की सूची थानावार तैयार कर भेजी गयी है जिसमें आपकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उक्त मामलों में पक्षकारों से संपर्क स्थापित कर उन्हें प्रोत्साहित करें कि उक्त मामलों को खत्म कर भाईचारे एवं प्रेम के वातावरण तथा विवाद मुक्त समाज बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। अगर उन्हें पक्षकारों के काउंसलिंग में आवश्यकता पड़े तो वे पक्षकारों को प्राधिकार अथवा संबंधित न्यायालय में भेजें। बैठक में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान ने कहा कि थानाध्यक्ष अपने-अपने थाना क्षेत्र में वैसे वाद जिसमें प्रथम अपराध से जुड़े मामले, जो गंभीर अपराधों कारित नहीं हो उसको चिन्हित कर जल्द से जल्द उसमें आरोप पत्र समर्पित करें ताकि समय रहते उसमें करवाई किया जा सके।

## आधार सेवा केन्द्र में चोरी जांच में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा में चोरों का हौसला इतना बढ़ा हुआ है कि हसपुरा थाना से महज सौ मीटर की दूरी पर प्रखंड परिसर में चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। गुरुवार की रात आधार सेवा केन्द्र भवन में ग्रिल लगा पिछले खिड़की को तोड़ कर चोरों ने अपने कारनामे को अंजाम दिया। इसके पहले रविवार की रात भी ब्लॉक कैम्पस स्थित प्राथमिक विद्यालय में खिड़की तोड़ कर चोरों ने एमडीएम का 6 क्विंटल चावल चोरी कर ली थी। बताया जाता है कि 8 माह पहले पिछला दरवाजा तोड़ कर चोरों ने प्रिंटर, पंखा, केबल तार चुरा ले गए थे। तहकीकात के बाद चोरी हुई सामान भी बरामद हुआ था। चोरों ने इस बार भी प्रिंटर व फोटो खींचने वाला कैमरा चोरी कर ली। आधार सेवा केन्द्र सुपरवाइजर पावन कुमार ने बताया की प्रतिदिन की तरह गुरूवार को कार्यावधी समय समाप्त होने पर केन्द्र बंद कर अपने घर चला गया। दूसरे दिन शुक्रवार को केन्द्र खोलने आया और दरवाजा खोल कर अंदर गया तो खिड़की टूटा देख होश उड़ गया। जब टेबल पर नजर पड़ी तो देखा की प्रिंटर व फोटो खींचने वाला कैमरा गायब है। चोरी होने की जानकारी तुरंत बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी को दी। बीडीओ ने बताया कि चोरी होने की जानकारी केन्द्र सुपरवाइजर द्वारा मिली है। थानाध्यक्ष को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज किया जा रहा है। बताया जाता है पीएसआई अमित कुमार घटना की तहकीकात में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा चोरों तक पुलिस जल्द पहुंच जाएगी। पकड़े जाने पर चोरी की सुसंगत धारा के अनुसार दंडनात्मक कारवाई की जाएगी।

## कुर्सी तोड़ने का विरोध करना टेंट संचालक को पड़ा महंगा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**■ मां-बेटे सहित पांच को मारपीट कर किया जख्मी**

**औरंगाबाद।** टेंट संचालक की कुर्सी तोड़ने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में मां-बेटे सहित पांच लोग जख्मी हो गए। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जयपाल बिगहा की है। जख्मियों की पहचान दूधेश्वर राम की पत्नी राजकुमारी देवी, बेटा रवि राम, मजदूर छोटे कुमार, राजू कुमार और राहुल कुमार के रूप में की गई है। जख्मी रवि राम ने बताया कि वह टेंट संचालक है। गुरुवार को गांव में गोविंद राम के तिलक समारोह में उसने टेंट लगाया था। समारोह के दौरान गांव के कुछ युवक आपस में झगड़ने लगे। झगड़े में कुछ कुर्सियां तोड़ दी गईं। उसने इसका विरोध किया और एक युवक को थप्पड़ मार दिया। रात में मामला शांत हो गया था। शुक्रवार की सुबह रवि टेंट खोल रहा था तभी उस गांव के कुछ लोग योजना बनाकर वहां पहुंचे और लाठी डंडे से हमला कर दिया। बचाने आई मां राजकुमारी देवी को भी पीटा गया। इस दौरान मजदूरों ने विरोध किया तो उन्हें भी पीटा गया। सभी जख्मियों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसने सदर अस्पताल में इलाज के बाद मदनपुर थाना में आवेदन देने की बात कही है। इधर, थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मारपीट मामले की जानकारी मिली है। जख्मियों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

## अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अंबा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** कुटुंबा थाना की पुलिस ने गश्ती के दौरान अंबा नबीनगर पथ पर रामपुर मोड़ के समीप शराब लेकर जा रहे एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। तस्कर की पहचान थाना क्षेत्र के अनकुपा गांव निवासी दीपक कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि तस्कर बाइक पर शराब लाद कर उक्त रास्ते से गुजर रहा था। इसी क्रम में गश्ती दल के हत्थे से चढ़ गया। जांच के दौरान बाइक पर लदा 18 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## दिव्यांगता प्रमाण पत्र और यूडीआईडी को लेकर 120 बच्चों का हुआ निबंधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शुक्रवार को दिव्यांग बच्चों के लिए चिकित्सकीय जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 120 बच्चों की जांच की गयी। इसमें 3 आयु वर्ष से 18 आयु वर्ष के बच्चों का चिकित्सकीय परीक्षण कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी के लिए पंजीकृत किया गया है। 60 बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए पंजीकरण हुआ जबकि 60 बच्चों का यूडीआईडी कार्ड के लिए पंजीकरण किया गया है जिसमें 36 बच्चों को दिव्यांता प्रमाण पत्र बना। श्रवण बाधित 7 बच्चों, 2 दृष्टि बाधित, 4 मस्तिष्क पक्षाघात, 9 मानसिक मंद एवं 14 बच्चों का अस्थि दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। बीआरसी के समावेशी शिक्षा के विजय कुमार सिंह ने बताया कि शिविर में प्रखंड के अलग-अलग सरकारी स्कूलों के पोषक क्षेत्र में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं शामिल हुए। शिविर आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह है कि बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड निर्गत कर उनको सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, प्रभारी बीईओ संजीव कुमार, डॉ. आयुष्मान, अनिल कुमार सिंह, सर्वशिक्षा अभियान के राकेश कुमार, शिक्षा सेवक अशोक कुमार, संतोष कुमार, जीतेन्द्र कुमार, संदीप कुमार, दिव्यांग संघ के प्रखंड अध्यक्ष नंदलाल कुमार आदि उपस्थित थे।

## सोननगर अंडर ब्रिज के समीप ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

### बाल-बाल बचे सात सवार



**■ स्कॉर्पियो को बचाने के चक्कर में घटित हुई घटना**

**■ घटना बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लगी लंबी कतारें**

**बारुन (औरंगाबाद)।** बारुन थाना क्षेत्र के सोननगर में शुक्रवार की सुबह बारुन- दाउदनगर सड़क पर नवनिर्मित रेलवे अंडर ब्रिज में डेकोरेशन के समान से लदी हुई ट्रैक्टर ट्रॉली डिवाइडर से टक राने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। ट्रॉली मे चार और ट्रैक्टर में चालक सहित तीन लोग सवार थे। किसी के हताहत होने की सूचना नही है। इस दौरान ट्रैक्टर पर लदे राजेश डेकोरेशन के मालिक बारुन निवासी राजेश चौधरी ने बताया कि दाउदनगर के अधौरा गांव में बारात सजावट के लिए अपना डेकोरेशन का सामान लेकर गए थे। वापसी में जब ट्रैक्टर पर सामान लाद कर बारुन आ रहे थे तभी सोननगर रेलवे अंडर ब्रिज के समीप सड़क के मोड़ पर अचानक स्कॉर्पियो आ गया, जिसे बचाने के लिए चालक ने अचानक ब्रेक लगाया तो ब्रेक नही लगा। इसे नियंत्रण करने के लिए पुल के अंदर बने डिवाइडर से ट्रैक्टर टकरा गया। जिससे ट्रैक्टर व ट्रॉली पलट गयी। ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से ट्रॉली में बैठे लोगों में चीख पुकार मच गयी। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। कईयों को हल्की-फुल्की चोटें आई है। बाकी सभी लोग सुरक्षित हैं। ट्रैक्टर पलटने से इस पर लदे हुए जेनरेटर, साउंड सिस्टम व अन्य आवश्यक सामान सड़क पर बिखर गईं। दुर्घटना से कुछ घंटे बाद तक यातायात प्रभावित रहा। घटना बाद सड़क के दोनों ओर वाहन की लंबी लाइन लग गई, हालांकि पुलिस की तत्परता से कुछ देर में यातायात को सुचारु करा दिया गया।

## गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**रफीगंज (औरंगबाद)/ नबिटा संवाददाता।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रसव से पूर्व गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक महीने के 9 तारीख को प्रखंड क्षेत्र के समस्त गर्भवती महिलाओं की प्रसव से पूर्व बीपी, वजन, हेमोग्लोबिन, शुगर जांच सहित अन्य जांच किया जाता है, साथ ही आयरन एवं कैल्शियम की दवा वितरण की गई। शुक्रवार को लगभग 137 गर्भवती महिलाओं का जांच किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा, बीसीएम सनी कुमार, एएनएम राधा कुमारी, प्रियंका कुमारी, शोभा कुमारी, गुड़िया कुमारी, गीतांजलि कुमारी, अनिता कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## गड़हनी में सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**■ वक्ताओं ने पार्टी की मजबूती पर दिया बल**

**गड़हनी (भोजपुर)।** चरपोखरी थाना के गड़हनी स्थित पुलिस पिकेट केंद्र के सामने एक निजी भवन में राजद सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम के बैनर तले एक विधानसभा स्तरीय बैठक किया गया। अध्यक्षता राजद के भोजपुर जिलाध्यक्ष बीरबल यादव ने की। बैठक में विधानसभा के तीनों प्रखंड अगिआंव, गड़हनी व चरपोखरी के सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, अधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। उपस्थित सभी अतिथियों, अधिकारियों व कार्यकर्ताओं को राजद राज्य परिषद के सदस्य श्रीनिवास यादव ने अंग वस्त्र व फूल माला से सम्मानित किए। मुख्य अतिथि मकदूमपुर विधायक सतीश दास, निवास विधायक सतीश दास थे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि एनडीए के द्वारा गांवों में घूम-घूम कर कई तरह का कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं ग्रामीण जनता को दिग्भ्रमित किया जा रहा है। उनके किसी तरह के झांसे में नही आना है और गांवों में जा कर ग्रामीणों के बीच तेजस्वी के कार्यकाल में मिली उपलब्धियों एवं उनके द्वारा किये गए घोषणाओ को ग्रामीणों के बीच परिचर्चा कर बताना है। राजद के सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर रहना हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाना है। वहीं कार्यक्रम को रजक, मुकेश यादव, शैलेन्द्र राम सहित कई नेताओं ने संबोधित किया और पार्टी की मजबूती को ले एकजुट होने की बात कही और एनडीए सरकार को उखाड़ कर तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनने की बात कही। इस मौके पर हाकिम प्रसाद, सोनू राय, बिनोद चंद्रवंशी, सत्यनारायण यादव, आशा पासवान, हरेंद्र यादव, प्रमोद यादव, देवेंद्र यादव, नंदकुमार सिंह, मनु राठौर, योगेंद्र महतो सहित अगिआंव विधानसभा के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मारपीट मामले में 43 पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के भुरकुंडा गांव में बुधवार को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने वाले 43 लोगों के विरुद्ध गुरुवार को थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस मामले में भुरकुंडा गांव निवासी अवध पासवान की पत्नी शांति देवी ने एक लिखित आवेदन स्थानीय थाना को दी है। लिखित आवेदन में बताया गया है कि गांव के अनुसूचित जाति के तीनों लड़के राहुल कुमार, अभय कुमार और निरंजन कुमार मंदिर के रास्ते अपने घर जा रहे थे। जैसे ही मंदिर के पास पहुंचे तो तीनों लड़के मंदिर परिसर में लगे हैंडपंप से पानी पीने लगे। पानी पीने के दौरान अपने घर के अंदर से गांव के ही विनय कुमार सिंह के द्वारा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने लगे। जिसके कारण दोनों पक्षों में तू-तू मैं-मैं होते-होते बात बढ़ गई और जमकर पत्थरबाजी भी की गई। घटना के बाद दलित परिवार के लोग मंदिर परिसर में एक साथ इकठ्ठा हुए और घटना के बारे में विनय सिंह से पूछताछ किया। तब तक गांव के विनय कुमार सिंह के द्वारा पचास दबंग लोगों को बुलाया गया। जिसके कारण हमलोग जान बचाकर घटना स्थल से भाग गए। घटना की सूचना गोह पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी दोनों पक्षों से प्राप्त की है। घटनास्थल पर शांति-व्यवस्था कायम हेतु पुलिस रात दिन कैंप कर रही है। इस मामले में थानाध्यक्ष मोहम्मद इरशाद ने बताया कि 43 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। जिसमें भुरकुंडा गांव निवासी विनय कुमार सिंह सहित अन्य 42 लोग शामिल हैं। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## दुर्घटना में बाइक सवार घायल



**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** शहर के फार्म के समीप डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान मदनपुर बाजार निवासी रवि कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रवि अपने घर से बाइक पर सवार होकर किसी काम से औरंगाबाद बाजार जा रहा था। तभी फार्म के समीप डिवाइडर से टकराकर घायल हो गया। इसके बाद उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया।

## बेहतर कार्य के लिए चिकित्सक को तीसरी बार मिला सम्मान पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत डॉ. आयुष्मान को सर्वाधिक बाह्य रोगियों को सेवा प्रदान करने को लेकर बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय द्वारा तीसरी बार प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया है जिससे स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों में खुशी है। प्रशंसा पत्र में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि बिहार राज्य में डॉ. आयुष्मान सर्वाधिक बाह्य रोगियों को सेवा प्रदान किया है। इस समर्पण एवं सेवाभाव के लिए व्यक्तिगत रुप से बधाई देता हूं। उत्कृष्ट कार्य और मरीजों के प्रति सजगता से बाह्य रोगियों को सेवा प्राप्त हुआ है। आपकी विशेषज्ञता और समर्पण से रोगियों का राहत और चिकित्सा सहायता भी मिली है, जो उनकी कुशलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि डॉ. आयुष्मान की मेहनत और लगन को देख कर आशा करते हैं कि इसी तरह आगे भी उत्कृष्टता की मिशाल प्रस्तुत करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा दिए गए प्रशंसा पत्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार को प्रदान किया और हौसला अफजाई की गई। इनके सराहनीय उत्कृष्ट कार्य से स्वास्थ्य मंत्री द्वारा दिए गए तीसरी बार प्रशंसा पत्र से मदनपुर प्रखंडवासियों का गौरव बढ़ा है। सामाज का नाम रौशन किया है। प्रियंका स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के सदस्य व रोगी कल्याण समिति के सदस्य विमला देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सह आंजन पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सत्येन्द्र सिंह, मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल कुमार सिंह, समाजसेवी बेरी निवासी अजय कुमार सिंह द्वारा भी प्रशंसा व्यक्त किया गया है। इस अवसर पर चिकित्सकों, स्वास्थ्य प्रबंधक ललन प्रसाद सिंह, यूनिसेफ समन्वयक दीपक कुमार सिन्हा, चिकित्सा संघ के प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, संघ के प्रखंड सचिव वृजनंदन सिंह एवं कर्मियों ने चिकित्सक को शुभकामनाएं दी है।

## विशेष शिविर लगा बनाया गया दिव्यांगता एवं यूडीआईडी कार्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** समाज कल्याण विभाग बिहार सरकार के तत्वावधान में जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण कोषांग भोजपुर के बैनर तले दिव्यांगता प्रमाणीकरण और यूडीआईडी कार्ड निर्माण के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन बड़हरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में शुक्रवार को किया गया। जहां 09 लोगों में आंख, कान, हाथ, पैर, मानसिक विचलित रोगियों की जांच हुई। जांच के दौरान चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। शिविर की व्यवस्था, देखरेख, संचालन कार्य कार्यपालक सहायक शोभा कुमारी, सहयोग उमेश कुमार सुमन व अन्य थे। शिविर में बीडीओ मोहित भारद्वाज, सीओ, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार, डॉ ओमप्रकाश, डॉ राजकुमार, जिला शिक्षा परियोजना से अजेंडा कुमार तिवारी, एएनएम अनमोल कुमारी, अर्जुन कुमार डाटा ऑपरेटर, एफपीडब्ल्यू धनंजय कुमार, एलटी सुधीर कुमार, आईटी पिंटू कुमार, अरुण कुमार पांडेय, नथुन कुमार थे। शिविर में 09 व्यक्तियो की जांच के बाद सभी आवेदन ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया गया। जिसमें 04 आंख और मानसिक विक्षिप्त को आरा सदर अस्पताल के लिए रेफर किया गया। 5 को जांच करके यूडीआईडी कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन हुआ। अन्य आम लोगों को जांच कर दवा दी गई। मौके पर हरेन्द्र कुमार सेमरा, आयुष, कृष्णा, आनन्द, विकास, हिमांशु, मुनि, अनीस, गौरी, विजेन्द्र, हरेंद्र, अरबिंद, अजय सिंह, वचन साह, फूल कुमारी, चंद्रमा यादव, विनय चौधरी, राम दुलार, अमरेन्द्र, सत्येंद्र, धर्मेन्द्र, राजेश, सुजीत, सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नबीनगर प्रखंड के सोनबरसा गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के निसूनपुर गांव निवासी तसीम अंसारी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान तसीम अंसारी ने बताया कि वह अपने घर से नबीनगर बाजार स्थित पोखरा पर ससुराल जा रहा था। इसी दौरान सोनबरसा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गया।

## 15 मई तक कराना होगा आर्म्स सत्यापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** इस वर्ष होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आर्म्स सत्यापन का तिथि निर्धारित की गई है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक आर्म्स लाइसेंस धारियों को अपने शस्त्रों का भौतिक सत्यापन थानों में जाकर कराना होगा। इसके लिए 21 अप्रैल से 15 मई तक की तिथि निर्धारित की गयी है। जिलाधिकारी श्री शास्त्री ने बताया है कि इसी अवधि के दौरान शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया जायेगा। आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी शस्त्र अनुज्ञप्ति धारकों को सत्यापन के लिए उपस्थित होने की आवश्यकता होगी। उन्होंने चेतावनी दी गयी है कि समय सीमा में सत्यापन नहीं कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। उनका आर्म्स लाइसेंस पहले निलंबित किया जाएगा, फिर उसे रद्द कर दिया जाएगा। साथ ही उनका आग्नेयास्त्र भी जब्त कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि थानावार सत्यापन के लिए दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी कर दी गयी है। शस्त्र अनुज्ञप्ति धारकों को सत्यापन के लिए अपने शस्त्रों के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होना होगा। जिलाधिकारी ने सभी दंडाधिकारियों को संबंधित थानों में निर्धारित अवधि में उपस्थित होकर शस्त्रों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया है। किसी भी लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। उनका मानना है कि सभी शस्त्रों के वैधानिक नियंत्रण में रहने से चुनाव शांतिपूर्ण होगा। उन्होंने सभी लाइसेंसधारियों से अपील की है कि वे समय सीमा में हथियारों का सत्यापन करा लें। यह उनकी जिम्मेदारी है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सफलता के लिए जरूरी है।

C M Y K

# मुसलमानों की उठी मांग, पाकिस्तान से पीओके को छीनो मोदी सरकार

## मसौढ़ी में जश्न का माहौल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना के एयर स्ट्राइक से मसौढी के कई इलाकों में जश्न का माहौल है। ऐसे में शुक्रवार के दिन जुम्मे की नमाज पढ़ कर मस्जिद से निकले सभी मुसलमानो ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पूरे मुस्लिम मोहल्ले में जुलूस निकाला उसके बाद पाकिस्तान से पीओके छीन लेने की सरकार से मांग की। जहां पुरानी बाजार मस्जिद कमेटी के मौलाना एजाज अहमद, छोटू इराकी, आरफराज साहिल, इमरान खान, फिरोज आलम, गुड्डू रंगरेज, मोहम्मद शमीम, रफी अहमद, आदी मुसलमानो ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए, सबों ने एक सुर में कहा मोदी सरकार हम तुम्हारे साथ हैं। यही सही वक्त है पीओके को छीन लो। इसके साथ ही सेना की इस शौर्य गाथा का बखान करते दिखे। सबों ने सरकार और सेना से मांग की कि अब एलओसी को भी पाकिस्तान से छीना जाए। पुरानी मस्जिद कमेटी के मौलाना एजाज अली ने कहा की भारतीय सेना के अदम्य साहस और पराक्रम को देखकर इतनी खुशी मिली है कि जिसे शब्दों में बयां करना बेहद मुश्किल है। दुश्मन देश ने भारत को चैलेंज किया था, जिसका जवाब भारत के वीर सैनिकों ने दुश्मन देश की छाती पर मिसाइल दाग कर दिया। वहीं मोहम्मद आरफराज साहिल ने कहा की कि भारतीय सेना ने जो दमदारी और साहस का काम किया है इसके चलते पूरे देश में खुशी की लहर है। पाकिस्तान को समझना चाहिए कि अगर उसे युद्ध लड़ना है तो तो उसका खात्मा तय है वही छोटू इराकी ने कहा पाकिस्तान की कायराना करतूत का जवाब हमारी सेनि लगातार दे रही है सही वक्त है कि पीओके को छीन लिया जाए।

# भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देने के लिए छात्र-छात्राओं ने पिलाया पानी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बीच स्कूली छात्र-छात्रा उन राहगीरों को राहत देने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में शुक्रवार को स्कूल में छुट्टियां होने के बाद सड़कों पर उतरकर राहगीरों के बीच पानी और नींबू शरबत के लिए पनशाला का आयोजन किया, जहां पर सैकड़ो की संख्या में आते-जाते राहगीरों को सभी छात्राओं ने उन्हें हाथ में गिलास पकड़ाया और राहगीरों ने पानी पीते हुए उन्हें काफी सराहना की और बच्चों को आशीर्वाद भी दिया।दरअसल स्कूलों में भी लू से बचाव को लेकर उन छात्र-छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है, ऐसे में जागरूक हो चुके सीनियर क्लास की छात्रा-छात्र शुक्रवार को राहगीरों को राहत देने के लिए भीषण गर्मी में पनशाला लगाकर तमाम आते जाते राहगीरों को पानी और नींबू शरबत का भी पानी पिलाया है। राहत कार्य में जुटे महालक्ष्मी कुमारी, सलोनी कुमारी, रम्या कुमारी, आधी छात्राओं ने बताया कि प्रत्येक साल हम अपने स्कूल की ओर से सभी छात्र और छात्र राहगीरों के लिए पनशाला का कार्यक्रम करते हैं और सड़कों पर उतरकर आते-जाते राहगीरों के हाथों में पानी का गिलास देते हैं उन्हें पिलाते हैं। वहीं श्रीकृष्णा गुरुकुल स्कूल के निदेशक विश्वरंजन ने बताया कि प्रत्येक साल इस भीषण गर्मी में आमजन के लिए प्याऊ केंद्र और पनशाला का कार्यक्रम करके लोगों को पानी पिलाते रहते हैं ऐसे करने से न केवल मानव कल्याण होती है बल्कि उन बच्चों के बीच इंसानियत और मानव कल्याण का भी भाव जगाया जाता है।

# तीसरे दिन अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** नगर को स्वच्छ सुंदर और जाम से निजात दिलाने को लेकर तीसरे दिन शुक्रवार को नप प्रशासन ने आनंद बाजार व मुबारकपुर तक बुलडोजर चला. डीएम व एसडीओ आदेश के बाद नगर परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग आनंद बाजार से मुबारकपुर तक टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया।

घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में बुलडोजर से झोपडियों व गुमटी को ध्वस्त किया गया है। अभियान नप के ईओ पंकज कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान में नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार व ब्रजेश सिंह समेत पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ आनंद बाजार से मुबारकपुर तक सडक के किनारे से अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया। उन्होंने बताया कि पूरे नगर को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों से जुर्माना वसूला जायेगा। साथ ही कानूनी कारवाई की जायेगी। अभियान में सफाई निरीक्षक संजय कुमार व पुलिस बल शामिल थे।

# युवक की हत्या कर रेलवे लाइन पर फेंका, विरोध में सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** गुरूवार को शाम में घर से बुलाकर एक युवक को हत्या कर रेलवे लाइन पर फेंक देने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान रूपसपुर थाने के टेशलाल वर्मा नगर निवासी नारायण बिंद के 26 वर्षीय पुत्र राहुल उर्फ प्रदीप के रूप में की गई है। मृतक के परिजनों ने पुलिस कारवाई नही होने पर शुक्रवार को शव के साथ रूपसपुर ओबर ब्रिज पुल पर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। जाम के कारण करीब एक घंटे तक बेली रोड मुख्य मार्ग का आवागन बाधित हो गया था। जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गया। जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझा कर सड़क जाम हटाया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक पिता नारायण बिंद ने बताया कि



गुरुवार को शाम मे अजय व रंजीत ने फोन कर घर से बुलाकर ले गया था और लोहे के रॉड व करंट के झटक देकर हत्या कर शव को पाटलिपुत्र स्टेशन के समीप रेलवे लाइन पर फेंक दिया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को अहले सुबह सूचना मिली कि पाटलिपुत्र स्टेशन के समीप एक ट्रेन खड़ी है और रेलवे लाइन पर एक युवक शव फेंका हुआ है। सूचना मिलने पर पहुंचे तो देखे कि मेरे पुत्र राहुल का शव था और हेड इंज्यूरी थी और लोहे के रॉड से मार कर हत्या कर रेलवे लाइन पर फ़ेका दिया गया है। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों चित्कार कर उठे। परिजनों ने बताया कि सूचना देने के बाद रूपसपुर पुलिस ने बताया कि पाटलिपुत्र जीआरपी का मामला है। एक -दूसरे पर मामला फेंक जा रहा था। जिससे आक्रोशित परिजनों ने शव को लेकर रूपसपुर रेलवे पुल के ऊपर बेली रोड को जाम कर प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई। मृतक की पत्नी नैना देवी ने बताया कि तीन माह पूर्व ही शादी हुई थी और अभी हाथ का मेंहदी का रंग भी नही छूटा था कि मेरे पति को अपराधी ने घर से बुलाकर हत्या कर दी। मृतक के भाई रतन कुमार ने बताया कि मृतक मजदूरी का काम करता था और घर से फोन कर बुलाकर ले जाकर मेरे भाई को गोली व रॉड व करंट के झटका देकर हत्या कर शव को रेलवे लाइन पर फेंक देने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष रण विजय कुमार ने बताया कि मृतक के भाई रतन कुमार के बयान पर मोहल्ले के रंजीत बिंद व उसके भाई अजय बिंद व राजेश बिंद पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया गया है। मामला दर्ज कर छानबीन किया जा रहा है। शव का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या का कारण पता चलेगा। नामजद अरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# धनरूआ के सेवई में धूमधाम से की गयी बाबा चौहरमल की पूजा-अर्चना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ के सेवई गांव में शिरोमणि बाबा चौहरमल की पूजा धूमधाम से की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे हजारों की संख्या मे लोग शामिल हुए। पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रदेश महासचिव नूतन पासवान ने कहा कि बाबा चौहरमल के जीवनी का इतिहास पुराना है। बाबा चौहरमल गरीब-गुरुबों के उपर किए जाने वाले अन्याय के विरुद्ध लड़ते रहे। उन्होंने समाज में हमेशा बुराईयों का विरोध किया था। बहरहाल बाबा चौहरमल की पूजा के दौरान उबलते दूध में हाथ डालकर खीर बनाना व



जलते अग्नि कुंड पर खाली पैर चलकर भक्तों ने आस्था का परिचय दिया। यह देखने के लिए काफी दूर से श्रद्धालु पहुंचे थे। ऐसी आस्था मानी जाती है कि जो भी भक्त सच्चे मन से जो भी मांगते हैं। कार्यक्रम में आर्थिक अपराध इकाई के डीआईजी जयकांत कुमार, समेत कई बड़े अधिकारी समाजसेवी शामिल हुए।

# गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच एवं परिवार कल्याण परामर्श शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पीएचसी नावकोठी में गर्भवती महिलाओं के प्रसवपूर्व स्वास्थ्य जांच एवं परिवार कल्याण परामर्श शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसमें डा चंदन मिश्रा एवं चिकित्सकों की टीम ने 51 गर्भवती महिलाओं के प्रसवपूर्व जांच की.इसके तहत गर्भवती महिलाओं की ऊंचाई, वजन, हेमोग्लोबीन, मूत्र, ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, एचआईवी आदि की जांच की गयी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन चौधरी ने गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में प्रोटीन युक्त तथा आयरन युक्त भोजन को शामिल करने की सलाह दी। इसके लिए नोनी का साग, रागी, पीले पके फल, दूध, मछली, कलेजी आदि को भोजन में लेना उपयुक्त बताया। प्रत्येक माह नियमित जांच कराने की सलाह दी गयी। सुरक्षित जच्चा बच्चा व सुरक्षित भविष्य के लिए यह जांच आवश्यक है। इस अवस्था में गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में सभी पोषक तत्वों को शामिल करने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराने, कम से कम दो घंटे आराम करने की सलाह दी गयी। सभी लाभुकों को कैलशियम,आयरन की गोली दी गयी। दो बच्चों के बीच अंतराल रखने के लिए अस्थायी गर्भ निरोधक साधन में कंडोम अंतरा, छाया आदि का वितरण किया गया। मौके पर बीएच एम आनंद ईश्वर, बीसीएम उषा कुमारी, लैब टेक्नीशियन पंकज कुमार जोशी, काउंसलर राजकुमार सिन्हा, सीएच ओ रवि शंकर कुमार, एएनएम रेणु कुमारी, नंदन कुमारी, मोनी कुमारी, शशिकला सहित दर्जनाधिक आशा कार्यकर्ता, लाभुक आदि मौजूद थे।

# मसौढ़ी के लखनौर और बलीयारी में नीरा उत्पादन केन्द्र का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री नीरा संवर्धन योजना के अंतर्गत मसौढ़ी प्रखंड विभिन्न गांव में नीरा उत्पादन सेंटर का उदघाटन शुरू हो गया है। ऐसे मे शुक्रवार को लखनौर और दौलतपुर पंचायत के बलीयारी गांव में नीरा उत्पादन क्लस्टर सेंटर का उद्घाटन किया गया है। दरअसल बताया जाता है की महादेव जीविका महिला नीरा उत्पादक समूह के अंतर्गत लखनौर गांव में तथा शिव जीविका महिला नीरा उत्पादक समूह के अंतर्गत बलियारी गांव में नीरा का अस्थाई काउंटर का उदघाटन किया गया। जिसमें सभी ताडी उतारने वाले समुदाय के दीदी भाग लिए, जीविकोपार्जन विशेषज्ञ यूसुफ सिद्दीकी ने नीरा के सभी लाभकारी गुण के बारे में बताते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नीरा संवर्धन योजना के अंतर्गत सभी ताडी टैपर नीरा बनाए उससे मिलने वाले प्रोत्साहन राशि



का लाभ लें। एक ताडी टैपर को अधिकतम 15,600 एक सीजन के लिए प्रोत्साहन राशि मिल सकता है। नीरा संग्रह और उत्पादन सेंटर का जीविका के सहयोग से तैयार किया गया है। बताया कि नीरा सेहतमंद ड्रिंक है। खासकर महिलाओं के लिए यह बहुत ही उपयोगी है.यह शरीर में कई तरह की रोग निरोधी क्षमताओं को बढ़ावा देने के साथ-साथ एनर्जी देने का काम करता है।कार्यक्रम मे एरिया कोर्डिनेटर स्वेता कुमारी, एए प्रमिला कुमारी, एए अंजू कुमारी, राजूपाल, सिमरन कुमारी शामिल रहे।

# गुरु के बिना परमात्मा की प्राप्ति संभव नहीं : जीयर स्वामी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले के उदवंतनगर प्रखंड के चोराई गांव में श्री लक्ष्मी प्रपन्न जियर स्वामी जी महाराज के पहुंचने पर यज्ञ समिति के लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि चोराई गांव में माता काली व मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य तरीके से श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें श्री जीयर स्वामी जी के मंगला अनुशासन में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें आचार्य धर्मेंद्र तिवारी तथा आरा बड़ी मठिया के महंत श्री अयोध्या नाथ दास जी द्वारा प्रवचन किया जा रहा है। शुक्रवार को स्वामी जी महाराज के पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। स्वामी जी के आगमन को लेकर सुबह से ही काफी संख्या में भक्तगण उनकी प्रतीक्षा में लगे हुए थे। उनके पहुंचते ही जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। यज्ञ की पूर्णाहुति 12 मई को है। उस दिन भंडारे का भी आयोजन किया गया है. श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि गुरु के बिना परमात्मा की प्राप्ति संभव नहीं है।

उनके आदर्शों पर चलना ही परमात्मा की असली भक्ति है। गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर लेकर चलते हैं। गुरु और भगवान में कोई अंतर नहीं होता। आपके गुरु ही आपके भगवान हैं। बस आपको अपने अंतःकरण से स्वीकार करने की देरी है। परमात्मा को किसी भी परिस्थिति में आप याद करेंगे तो आपके समक्ष खड़ा रहेंगे। संसार का काम करते हुए भी ईश्वर को याद किया जा सकता है। जरूरी नहीं की रोजी रोजगार छोड़कर आप ईश्वर की भक्ति करेंगे। तभी ईश्वर आपका प्रार्थना स्वीकार करेंगे। आप संसार में रहिए लेकिन संसार के मोह माया से दूर रहिए। संसार में रहना गलत नहीं है। संसार के मोह माया में पड़ना गलत है। क्योंकि कभी भी संसार के साथ रहना संभव नहीं है। लेकिन परमात्मा के बिना रहना असंभव है। अतः व्यक्ति को प्रयास करना चाहिए कि कहीं भी रहे किसी भी हाल में रहे ईश्वर की भक्ति करते रहे। इसी में सब की भलाई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ समिति के काफी संख्या में कार्यकर्ता लगे हुए हैं। यज्ञ समिति के अध्यक्ष जनेश पांडेय, जयशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, अरविंद तिवारी, मिथिलेश दुबे, दिलीप पांडेय, शमी पांडेय, साधु पांडेय, वरुण दुबे, बिंदेश दुबे समेत अन्य लगे हुए है।

# सतायेगा मौसम का तल्ख तेवर

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आने वाले पांच दिनों में प्रचंड धूप और भीषण गर्मी परेशानी का सबब बनेगा। इस दौरान आसमान साफ और मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। जिले के डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायू परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र द्वारा जारी 14 मई, 2025 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार मौसम पूर्वानुमान में आसमान प्रायः साफ रहने का अनुमान है एवं उत्तर बिहार के जिलों में मौसम के शुष्क रहने के साथ-साथ गर्म दिन बने रहने की सम्भावना है। इस दौरान हवा में अधिक मात्रा में नमी रहने के कारण गर्मी का एहसास ज्यादा हो सकता है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 40 से 43 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 29-32 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। पूर्वानुमानित अवधि में औसतन 3 से 10 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की सम्भावना है।

## एक नजर

### छह सूत्री मांगों को लेकर धरना

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** छह सूत्री मांगों को लेकर बिहार राज्य राउत मेहतर पंचायत के बैनर तले 11 मई को गर्दनीबाग में एक दिवसीय धरना दिया जायेगा. पंचायत के उप मुखिया प्रदीप कुमार ने बताया कि सफाई मजदूरों के अधिकार व हक दिलाने के लिए धरना दिया जायेगा. उन्होंने बताया कि स्कूलों में सफाई कर्मी के रूप में महादलित समुदाय को चतुर्थ श्रेणी में नियोजित करने की मांग की है. निकाय व अन्य विभाग में ठेकेदारी प्रथा को समाप्त किया जायेगा. हांडी और बाल्मीकी उपजाति के साथ राजनीतिक न्याय और प्रशासनिक उपेक्षा पूर्ण रूप से सुविधा समेत आदि मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जायेगा. मांग पूरी नहीं होने पर पूरे राज्य में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जायेगा. मौके पर सुरेश राम, संजय राउत समेत आदि मौजूद थे.

### बाइक सवार युवक की मौत

**बिहटा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव के पास एक अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत मौके पर ही हो गई है। मृतक युवक की पहचान दीपक कुमार उम्र करीब 22 वर्ष पिता महेश दास गांव नदपुरा थाना पुनपुन के रूप है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि मृतक दीपक कुमार शादी समारोह में नदपुरा गांव शिरकत करने जा रहा था, हालांकि घर भी इसका नदपुरा ही है, कहीं बाहर से वह लौटकर अपने घर शादी में शामिल होने जा रहा था, उसी दरमियान कोई अज्ञात वाहन तेजी से पीछे से ठोकर मार दिया है जिससे यह असंतुलित खाकर सड़क के किनारे रोड पोल से टकरा गया और मौके पर इसकी मौत हो गई है,शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### एसडीओ ने दीघा-मनेर तटबंध का किया निरीक्षण

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एसडीओ दिव्या शक्ति ने शुक्रवार को जल संसाधन विभाग के अभियंताओं के साथ दीघा-मनेर तटबंध व स्लूईस गेटों का निरीक्षण किया गया है. एसडीओ ने बताया कि दीघा-मनेर तटबंध व स्लूईस गेटों सक्रिय स्थिति में पाये गये है. उन्होंने बताया कि गंगा तट पर चल रहे कटाव निरोधक कार्य का भी निरीक्षण किया गया है.उन्होंने बताया कि दीघा-मनेर तटबंध पर अतिक्रमण को हटाने के लिए लेकर दानापुर व मनेर सीओ को सख्त निर्देश दिया गया है. उन्होंने बताया कि बाढ आपदा , आकस्मिकता , तटबंध में सीपेज, पाईपिंग रिसाव ,कटाव क्षरण व जानबुझकर क्षति पहुंचाये जाने आदि संबंधित कोई भी जानकारी स्थानीय प्रशासन को देने की अपील किया है।

### गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मसौढ़ी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को 60 से अधिक गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व परीक्षण किया गया. इस अभियान के तहत हर महीने के 09 तरीख को गर्भवती महिलाओं को मुफ्त में स्वास्थ्य जांच एवं दवा दिया जाता है. इस योजना का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करना, मातृत्व मृत्यु दर कम करना और बच्चे के स्वस्थ्य जन्म को सुनिश्चित करने का मकसद है।इस अभियान में गर्भवती महिलाओं के लिये मुफ्त अल्ट्रासाउंड, ओरल हाइजेनिक टेस्ट परामर्श कार्य हेतु कॉल सेंटर, एएनसी, बीपी, वजन, उंचाई, जांच एवं दवा वितरण की सुविधा दी गई। मौके पर डॉ सुनैना गौतम, डॉ अखलाकुर रहमान, एएनएम संगीता कुमारी, सरिता, पवन, प्रियंका, गीता, अंजू ,अमृता, रेखा, रीना, चंद्रभूषण प्रसाद, राकेश पटेल, प्रकाश शैलेंद्र आदि शामिल रहे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** महाराणा प्रताप सिंह की जयंती धूमधाम से युवा संघ की ओर से इस अवसर पर विपिन सिंह फाउंडेशन और रीवा सॉन्ग बॉडी के संयुक्त तत्वाधान में वेदांत के सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों द्वारा एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें करीब एक सौ मरीजो ने अपना चिकित्सीय परामर्श लिया। इस अवसर पर मेदांता के युवा डॉक्टर राहुल कुमार और उनकी टीम ने बहुत सारे मरीजों का चिकित्सीय परीक्षण किया ब्लड शुगर एक बीपी का जांच किया और उनके दवाइयां भी मुहैया करवाई गई। महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम में रणविजय सिंह चौहान, शिक्षक पंकज सिंह, गोलू कुमार, नीतीश कुमार ,शुभम कुमार, बिक्कू सिंह, झल्लू सिंह, शिवम सिंह, पूर्व मुखिया सतेंद्र सिंह, लालबाबू सिंह, नीतिश सिंह, मन्नू सिंह, नारायण, विकास कुमार, छोटू सिंह, चंदन सिंह, रोशन सिंह छोटू मुखिया आदी शामिल रहे।

### बदमाशों ने लगाई आग

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखण्ड के वजीरपुर पंचायत के रघुनाथपुर मठिया टोला निवासी मोस्मात सुखी देवी के घर मे बीते रात्रि अज्ञात बदमाश ने आग लगा दिया। आग की लपट इतनी तेज था कि आसपास के लोगो से आग पर काबू नही पाया जा सका। घर के अन्दर बंधे गाय, बकरी एवं मुर्गी जलने से मौत हो गई। इस आगलगी की घटना में लाखों की संपत्ति स्वाहा हो गया।सूचना पर अग्निशमक वहां आकर आग पर काबू पाया तब तक पूरा घर एवं मवेशी जल गया। पीड़ित की ओर से अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज की गई है। घटना के बाद रानीतालाब पुलिस ने जांच की तथा उचित कारवाई करने का भरोसा दिया। पंचायत मुखिया- दीपक कुमार एवं अम्बेडकर कल्ब बिहार संयोजक-राम प्रवेश यादव ने पीडित परिवार से मुलाकात कर हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया तथा अनुमंडल पदाधिकारी अमनप्रीत सिंह से दूरभाष पर बात कर पीडित परिवार के मुआवजा देने की मांग रखी।

### बाइक सवार दो युवक जख्मी

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एनएच 139 पथ पर बिक्रम-नौबतपुर थाना के सीमा पर तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाईक में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं बाइक काफी क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों जख्मी युवक को अस्पताल पहुंचाया गया । दोनों जख्मी युवक की पहचान बिक्रम निवासी मनीष कुमार और निखिल कुमार नामक युवकों के रूप में हुई । पुलिस ने पिकअप वाहन को जब्त कर लिया एवं चालक को गिरफ्तार कर थाना लाई । गौरतलब है कि एनएच 139 के किनारे बालू बिखरे पड़े हैं तथा संकीर्ण सड़क होने के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

### भजन संध्या में झूमते रहे श्रद्धालु

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय नगर पंचायत अन्तर्गत खोरैठा स्थित पैराणिक बाबा खोरठेश्वरनाथ शिव मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा यज्ञ संपन्न हुआ। वृंदावन से आए आचार्य सुधीर जी महाराज ने कथा वाचन के दौरान कहा कि भारतीय सभ्यता-संस्कृति जीने की कला सिखलाती है। हमारे सब सारे समस्याओं का निदान सनातन धर्म में है। पाकिस्तान ने कायरता पूर्वक कार्य करते हुए धर्म के नाम पर सनातनियों की हत्या की जिसकी जितनी भी निन्दा की जाय कम है। वहीं ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान को जो जवाब दिया है वह काफी सराहनीय और प्रशंसनीय है। हम पहले भारतीय हैं उसके बाद ही एक इंसान है।

## संक्षिप्त समाचार

### घर मे रखे आभूषण व नगदी की चोरी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के धुमनगर गाव में घर मे घुसकर आभूषण व नगदी की चोरी कर लेने का मामला सामने आया है। मामले में धुमनगर निवासी सुनीता देवी ने शिकारपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमे गाव के ही तीन महिलाओं को नामजद किया है। आरोप है कि वह घर पर नहीं थी। घर में ताला बंद था। इसी दौरान गांव के ही तीन महिलाओं ने मौके का फायदा उठाकर घर का ताला तोड़कर घर में रखे दो लाख रुपये के आभूषण और नगदी की चोरी कर ली है। अपर थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। मामले में सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जांच के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

### करंट लगने से बिजलीकर्मी घायल

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के सरौत गांव में शुक्रवार को बिजली के लिए काम कर रहे एक कर्मी बिजली के करंट के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति सारण जिले के एकमा थाना क्षेत्र के आमडाढ़ी गांव निवासी सावलिया सिंह का पुत्र हरराम सिंह है। मिली जानकारी के अनुसार वह बिजली का सामान लेकर काम होने वाले जगह पर जा रहे थे। तभी वह बिजली के चपेट में आ गए। जिससे गाड़ी में करंट आ गया। उसे पर काम करने वाले दो कर्मी कुद कर अपनी जान बचाई और वे भी गाड़ी छोड़कर भागे तब तक पैर फंसने से उनके पैर बुरी तरह झुलस गई। सिसवन रेफरल अस्पताल में इलाज कराया गया।

### आपसी विवाद में मारपीट, दो घायल

**सिसवन /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के सुवही गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट की घटना में दो लोग घायल हो गए। घायलों में स्थानीय निवासी शैलेंद्र महतो का पुत्र करण कुमार व सुरेंद्र राम का पुत्र पिंटू कुमार राम शामिल है। दोनों घायलों का इलाज सिसवन रेफरल अस्पताल में कराया गया। इस संबंध में स्वास्थ्य कर्मियों ने शुक्रवार को जानकारी दी।

### डूबने से एक की मौत

**मांझी (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी थाना क्षेत्र के गैरतपुर के सामने शुक्रवार को सरयू नदी में नहाने गई सात किशोरियाँ और एक किशोर डूब गए। घाट पर शोर सुनकर पास के बगीचे में ताश खेल रहे ग्रामीण दौड़कर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद छह किशोरियों और एक किशोर को बेहोशी की हालत में बाहर निकाल कर ताजपुर के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। इस घटना में एक किशोरी रिशु कुमारी (15) पिता लालबाबू महतो, निवासी गैरतपुर की डूबने से मौत हो गई। वह नौवीं कक्षा की छात्रा थी। घटना की सूचना मिलते ही मांझी थानाध्यक्ष अमित कुमार व एएसआई रामजी यादव मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया। अस्पताल में भर्ती किशोरियों व किशोर की पहचान रिया कुमारी (16), ऋतु कुमारी (9), समीक्षा कुमारी (10), निशा कुमारी (17), सोनी कुमारी (7), सोनाली कुमारी (16) तथा सनम कुमार (14) के रूप में हुई है।

### दुष्कर्म कांड के आरोपित शुभम ने किया आत्मसमर्पण

**मांझी (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी थाना क्षेत्र के एक गांव के चर्चित दुष्कर्म कांड के आरोपी शुभम कुमार सिंह ने शुक्रवार को छपरा न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। बताया जाता है कि पुलिस द्वारा लगातार की जा रही छापेमारी और बढ़ते दबाव के कारण उसे यह कदम उठाना पड़ा। गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व एक छात्रा ने मांझी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोपी पर रसूलपुर के एक होटल में ले जाकर बलात्कार करने का आरोप लगाया था। इधर मांझी विधायक डॉ. सत्येन्द्र यादव ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पुलिस से आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की थी। वहीं गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में तीन दिन बाद आक्रोश मार्च निकालने की चेतावनी दी थी।

### शिकायत के बाद योजनाओं की जांच शुरु

**दिघवारा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला उप विकास आयुक्त (डीडीसी) यतेंद्र कुमार पाल ने शुक्रवार को गड़खा प्रखंड अंतर्गत जलाल बसंत पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं की जांच की। उन्होंने मौके पर जाकर मोहर्मपुर छठ घाट, कब्रिस्तान, नाला निर्माण सहित कई कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ रवेश रवि, बीपीआरओ कुमार दिव्य ज्योति, कनीय अभियंता व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जगदीशपुर निवासी मुन्ना राय ने पंचायती राज मंत्री को आवेदन देकर आरोप लगाया था कि पंचायत की मुखिया निकहत प्रवीण, पंचायत सचिव और कनीय अभियंता की मिलीभगत से मनरेगा, षष्ठम वित्त आयोग और पंद्रहवीं वित्त आयोग की योजनाओं में बिना कार्य कराए एमबी तैयार कर करोड़ों की सरकारी राशि की बंदरबांट की गई है। जांच के दौरान सभी योजनाओं की बारीकी से समीक्षा की गई।

### शिक्षक महासंघ ने मनायी महाराणा प्रताप की जयंती

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, बिहार के तत्वावधान में शुक्रवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती गरिमामय ढंग से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासंघ के प्रदेश सचिव डॉ. विश्वजीत सिंह चंदेल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन से हुई। डॉ. चंदेल ने कहा कि महाराणा प्रताप मातृभूमि के लिए समर्पण की जीवंत मिसाल हैं। उनके अनुसार आज का प्रत्येक जवान भी प्रताप की तरह अन्याय के खिलाफ संघर्ष कर रहा है। कार्यक्रम में अमरेश सिंह राजपूत, कुणाल सिंह, अमित पासवान, शुभम कुमार, आशुतोष, कल्पना, अनन्या, नेहा, अर्चना, सुनिधि समेत अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। सभी ने प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### महाराणा प्रताप का त्याग हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत: समरेंद्र बहादुर सिंह

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण स्नातक क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सह शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने महाराणा प्रताप की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें नमन करते हुए कहा कि प्रताप ने सुख, ऐश्वर्य व जीवन सब कुछ मातृभूमि के लिए त्याग दिया। उनका संघर्ष आज भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे महाराणा प्रताप के आदर्शों को आत्मसात करें। इस मौके पर शिक्षक नेता संजय यादव, इंद्रजीत महतो, निजाम अहमद, विनोद राय, हवलदार मांझी, फिरोज इकबाल, पीयूष तिवारी, रणजीत सिंह, विनायक यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।



# ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सीवान जंक्शन की बढ़ाई गई सुरक्षा



स्वान रैंबो द्वारा रेल क्षेत्र एवं ट्रेनों में की गई विस्फोटक कि जांच



आरपीएफ द्वारा रात्रि में भी जांच कर यात्रियों को किया जा रहा है जागरूक

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय सेना द्वारा पहलगाम घटना को लेकर चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा सीवान जंक्शन सहित जिले के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है.आरपीएफ द्वारा वर्तमान परिवेश को देखते हुए सीवान जंक्शन पर प्रभारी निरीक्षक एवं अन्य स्टॉफ द्वारा औचक रात्रि गस्त, चेकिंग एवं निगरानी कर यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है.गुरुवार की रात्रि में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिन्हा एवं स्टाफ द्वारा सीवान रेलवे जंक्शन पर औचक रात्रि गस्त, चेकिंग, व निगरानी कि गई. इस दौरान पार्सल कार्यालय, वेटिंग रूम,सकुर्लेटिंग,मोटर साइकिल स्टैंड , प्लेटफॉर्म, रेल ट्रेक पर गस्त व ट्रेनों में चेकिंग किया गया व स्टेशन पर बैठे यात्रियों को जागरूक किया गया. यात्रियों को बताया गया की यात्रा के दौरान कोई भी लावारिश सामान, संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु नजर आए तो फौरन आरपीएफ, जीआरपी या रेल के किसी भी कर्मचारियों को सूचित करें .अगर कोई न दिखे तो रेल हेल्प लाइन टोल फ्री नंबर 139 कर काल कर सूचना दे. किसी भी प्रकार के अफवाह पर ध्यान न दे और न ही किसी प्रकार का अफवाह फैलाए.इस दौरान प्रभारी निरीक्षक द्वारा बल सदस्यों को विशेष रूप से मौजूदा हालात को देखते हुए ब्रीफ किया गया और अत्यधिक सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने हेतु आदेशित किया गया.

**रेलवे स्टेशन सीवान पर स्वान दस्ता के स्वान रैंबो द्वारा विस्फोटक कि की गई जांच**

शुक्रवार को रेलवे स्टेशन सीवान पर उप निरीक्षक जयेंद्र कुमार मिश्रा एवं स्वान दस्ता के हैंडलर हेड कांस्टेबल विजय बहादुर गोंड व कांस्टेबल संजीव कुमार गौतम स्वान रैंबो के साथ रेल क्षेत्र एवं ट्रेनों में विस्फोटक पदार्थों की जांच की गई.इस क्रम में प्लेटफॉर्म, पार्सल कार्यालय,सकुर्लेटिंग एरिया वाहन स्टैंड में संदिग्ध वस्तुओं का चेकिंग कराया गया. साथ ही गाड़ी संख्या 15048,14674,15034 में भी चेकिंग कराया गया. कहीं कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु नजर नहीं आया. सब सामान्य रहा.

## ऑपरेशन सिंदूर से भारत के लोगों में बढ़ा है सेना के प्रति भरोसा : नीरज तिवारी

### सेना और सरकार के समर्थन में देश की जनता



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीजेपी दिल्ली प्रदेश प्रवक्ता नीरज तिवारी ने शुक्रवार को बीजेपी कार्यालय में कहा की आतंकवादियों के ठिकानों पर इस बार सबसे करारा प्रहार किया गया. भारत सरकार बहुत ही सूझ बूझ से भारत के शत्रु पाकिस्तान को कई मोर्चे पर घेरने की कोशिश कर रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयम के साथ दूरगामी प्रभाव वाले रणनीति पर काम कर रहे हैं. आने वाले समय में पाकिस्तान कई टुकड़ों में दिखाई देगा.इसी नीति के तहत भारत के बहादुर सैनिकों ने पाकिस्तान के 9 आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया. उन्होंने बताया कि भारत का ये हमला पाकिस्तान के आतंकवादियों के ठिकानों पर किए जा रहे हैं जिसका विश्व के कई देशों ने समर्थन किया है.उन्होंने नागरिकों को भरोसा दिलाया कि देश सुरक्षित हाथों में है. हमें हर संकट के लिए तैयार रहना होगा.

उन्होंने सभी नागरिकों से संयम रखने की अपील की.नीरज तिवारी ने बताया कि आगामी 11 मई को पटना के विधान परिषद सभागार में भारत में पहली जनसंघ की संविद सरकार बनाने वाले बिहार के पूर्व राज्यपाल एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री डॉ. गोविन्द नारायण सिंह जी की 20 वीं पुण्य तिथि पर आयोजित सभा में पहलगाम के बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी जाएगी.देश के जाने माने कवि शंभू शिखर जी और बिहार के ओजस्वी कवि के. डी. पाठक अपनी कविताओं से बलिदानियों को श्रद्धांजलि प्रदान करेंगे.देश के जाने माने विचारक, विद्वान, राजनेता कार्यक्रम में शामिल होंगे.उन्होंने 11 मई के कार्यक्रम में सीवान के लोगों उपस्थित होने का निमंत्रण दिया.उन्होंने पहलगाम हमले के विरुद्ध सेना द्वारा किए गए हमले के प्रति समर्थन प्रदान किया और किसी भी हालत में सरकार और सेना का समर्थन किए जाने की अपील की.

उन्होंने कहा कि बिहार की धरती से प्रधानमंत्री मोदी ने शत्रु को साफ साफ संदेश दिया था कि इस क्रूर नर संहार का बदला जरूर लिया जाएगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर हमें पूर्ण भरोसा है भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर देश के दुश्मनों को करारा जवाब दिया है. आज का भारत बहुत ही शक्ति शाली भारत है. पाकिस्तान जैसे शत्रुओं का हमारे सैनिक कमर तोड़ देंगे. एक सवाल के जवाब में श्री तिवारी ने कहा कि आने वाले समय में देश के दुश्मनों का मनोबल बढ़ाने वाले राजनीतिक दलों को बिहार की जनता नकार देगी.इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, सत्यम भारती,देवेंद्र गुप्ता,राजेश श्रीवास्तव ,कुंदन सिंह,राजकुमार शर्मा सहित कई बीजेपी नेता उपस्थित थे.

## जिलाधिकारी के जनता दरबार में 80 मामलों की हुई सुनवाई

### कई मामलों का हुआ ऑन-द-स्पॉट समाधान

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में आज जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी-बारी से सुना। जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के जनता दरबार में 80 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया। जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें खेल, राजस्व, शिक्षा, आपूर्ति, आवास, स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं। जिलाधिकारी ने हर मामले को बहुत गौर से सुना और नियमानुसार समाधान की दिशा में आवेदन को आगे बढ़ाया। जिन लोगों ने अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया उनमें शमीमा खातून, देवनारायण राम, जगत नारायण प्रसाद, देवनाथ प्रसाद, दुर्गावती कुमारी, अल्का देवी, विनय कुमार, राजेश कुमार राय, मु0 सरस्वती देवी, शिला कुमारी, कमरून खातुन, इंदल राउत, मुन्नी साह, कांति कुवर, अली अख्तर, प्रवीण कुमार, नितेश कुमार, स्नेहा देवी आदि के नाम शामिल हैं। इस अवसर पर अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, वरीय उप समाहर्ता, बेबी कुमारी, निधि राज, रोचना माद्री, जिला स्थापना उप समाहर्ता, अहमद अली अंसारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सुजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## फंदा लगाकर महिला ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के वार्ड 10 में एक महिला ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली है। घटना गुरुवार की देर रात्रि की बताई जा रही है। मृतिका की पहचान वार्ड संख्या 10 निवासी मुन्ना यादव की 35 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची शिकारपुर पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतिका का दिमागी हालात ठीक नही था। गुरुवार की रात आत्महत्या करने के लिए फंदे से लटक गई। जब घरवालों ने देखा तो आनन फानन में उसे अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पिकअप एवं बाइक की टक्कर में बाइक चालक की मौत

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के एनएच 727 पर लालसरैया और थैलेसरी के बीच गुरुवार रात बाइक और पिकअप की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप जब्त कर लिया।चालक फरार हो गया।मृतक की पहचान मझौलिया बाजार निवासी विनोद पटेल के 24 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया।गुरुवार रात 10 बजे तक रोहित अपनी दुकान के पास था।उसने दोस्तों से कहा कि घूमने चलते हैं।वह एक दोस्त के साथ बाइक से निकला।लौटते समय लालसरैया की ओर से घर आ रहा था,तभी पिकअप से टकरा गया।टक्कर इतनी जोरदार थी कि रोहित का सिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।मौके पर ही उसकी मौत हो गई।रोहित तीन भाइयों में मंझला था।बड़ा भाई विक्की पटेल डिश टीवी लगाने का काम करता है। रोहित घर के सामने बाबा नागेश्वर नाथ मंदिर के पास फुटपाथ पर हार्डवेयर सामान की दुकान लगाकर परिवार चलाता था।डेढ़ साल पहले उसकी शादी हुई थी।पत्नी प्रतिमा देवी गर्भवती है।शव देखते ही पत्नी,मां रीता देवी,पिता विनोद पटेल,भाई विक्की और भाभी बार-बार बेहोश हो रहे थे।आसपास के लोग भी रो पड़े।पिता के कंधे पर दूसरी बार बेटे की अर्थी देख लोग भावुक हो गए। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष विश्व मोहन चौधरी ने बताया कि आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा।पिकअप जब्त कर कार्रवाई की जा रही है।

## कदाचार मुक्त कराई जाएगी कार्यालय परिचारी परीक्षा : जिलाधिकारी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार कर्मचारी चयन आयोग आयोजित कार्यालय परिचारी प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा जिला मुख्यालय अवस्थित 12 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित किया जाएगा। परीक्षा की तैयारी को लेकर आज जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। परीक्षा के सफल संचालन एवं अनुश्रवण हेतु अपर समाहर्ता बिभागीय कुमार रविन्द्र को नोडल तथा वरीय उप समाहर्ता मो0 अहमद अली अंसारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार सिंह, को सहायक नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है।

बैठक में डीएम दिनेश कुमार राय ने कहा कि यह परीक्षा रविवार को एक पाली में 12 बजे अपराह्न से 2:00 बजे से अपराह्न तक होगी। सभी परीक्षा केंद्र पर जैमर लगाया जाएगा एवं सभी परीक्षार्थियों की बायोमैट्रिक कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय कड़ाई से जांच (फ्रिस्किंग) करने का निर्देश दिया गया है। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों का प्रवेश सुबह 09:00 से प्रारंभ हो जाएगा। हर हाल में परीक्षार्थी 11.00 बजे तक परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश कर लेंगे। उसके बाद अर्थात 11:00 बजे के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश वर्जित किया गया है। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर केवल चप्पल पहनकर प्रवेश करेंगे। जूता एवं मोजा को वर्जित किया गया है। इसके साथ-साथ कोई भी परीक्षार्थी पेन पेंसिल लेकर परीक्षा केंद्र का अंदर नहीं जाएंगे।

परीक्षा कक्ष में ही उन्हें आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए बाल पॉइंट पेन का उपयोग करना है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि आयोग के दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन करना है। परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग अच्छे से कर लेंगे। महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला दंडाधिकारी एवं कर्मी ही करेगी। पुलिस अधीक्षक डॉ0 शौर्य सुमन ने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षार्थियों की अच्छे तरीके से फ्रिस्किंग करेंगे, यह बेहद जरूरी है। 11 बजे के बाद परीक्षार्थियों की एंट्री नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में विधि-व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए। विषम परिस्थिति में नजदीकी थाने को तुरंत सूचित करेंगे। नोडल पदाधिकारी कुमार रविन्द्र ने केन्द्राधीक्षक सहित उपस्थित सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों से अवगत कराया गया। इसके साथ ही उनके पृच्छाओं का तत्काल निराकरण किया गया।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, निदेशक, डीआरडीए अरूण प्रकाश, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मनीष कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता, बेबी कुमारी, मो0 अहमद अली अंसारी, निधि राज, वरीय उप समाहर्ता-सह-जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, रोचना माद्री, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सुजीत कुमार सहित अन्य संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती मनाई गई

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485 वीं जयंती शुक्रवार को गंगपुर सिसवन बाजार स्थित महाराणा चौक पर धूमधाम से मनाई गई।इस दौरान लोगों ने महाराणा प्रताप व भामा शाह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। समारोह में वक्ताओं ने उनके वीरता, पराक्रम, त्याग, बलिदान व अदम्य साहस की चर्चा की।



इस अवसर पर उपस्थित पूर्व मंत्री विक्रम कुंवर ने कहा कि भारतीय इतिहास के मध्यकाल में महाराणा प्रताप की भूमिका काफी सक्रिय रही है। उन्होंने केवल दो हजार सैनिकों के साथ हल्दी घाटी के मैदान में मुगल सम्राट अकबर की विशाल सेना के छक्के छुड़ा दिये थे। ऐसे वीर शिरोमणि को याद कर हम भारतीय इतिहास को जीवंत रखने का प्रयास करते है।नवचयनित आईएएस आदित्य कुमार ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी हमें संयम नही खोना चाहिये। पूर्व प्रमुख जगनारायण सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप सिंह ने चित्तौड़ व मेवाड़ की रक्षा के लिए घास की रोटी खाना स्वीकार किया मगर अपने जीते जी अकबर की अधीनता कभी स्वीकार नहीं की। हमें महाराणा प्रताप एवं भामाशाह के जीवन से प्रेरणा लेकर मातृभूमि के लिए सर्वस्व न्यौछावर के लिए तैयार रहना चाहिए।जदयू नेता अजय सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप उदयपुर मेवाड़ में सिसोदिया राजवंश के राजा थे। उनका नाम इतिहास में वीरता और दृढ़ प्रण के लिए अमर है। उन्होंने वर्षो तक मुगल सम्राट अकबर के साथ संघर्ष किया एवं कई बार हराया। महाराणा प्रताप ने मुगलों के खिलाफ हल्दीघाटी का युद्ध लड़ा था। कहा कि अकबर बस इतना ही चाहता था कि एक बार हमसे आकर महाराणाप्रताप मिले लेकिन वे कभी नहीं झुकें।विधायक कर्णजीत सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने इस देश व हिंदुत्व को बचाने के लिए बहुत बड़ा त्याग किया। अपने घोड़ा चेतक, तलवार और भामा शाह के योगदान के बदौलत इस देश पर हुकूमत कर रहे मुगलों को नाको तले चना चबवाने का काम किया। सिसवन की धरती पर महाराणा प्रताप की आदमकद प्रतिमा लगाकर लोगों ने इतिहास बनाने का काम किया है। सुधीर सिंह ने महाराणा के वंशजों को एकजुट होने की जरूरत बताई। समारोह को चन्दन सिंह,पूर्व मुखिया आनंद सिंह,विनय शंकर सिंह, त्रिलोकी सिंह, हरिकिशोर सिंह, गौतम यादव, पूर्व प्रमुख विनय सिंह, प्रमुख सुरेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र साह ने सम्बोधित किया।

## जिलाधिकारी ने की जनता दरबार में 65 मामलों की सुनवाई



**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को समाहरणालय सिवान के सभागार में आयोजित" जिला पदाधिकारी ने जनता दरबार में" अलग अलग विभागों के कुल 65मामलों की सुनवाई की। विभिन्न प्रखंडों से आये कुल-65 आपूर्ति शाखा, अंचल अधिकारी सिवान सदर, हुसैनगंज पचरुखी, दरौंदा, दरौली, गोरियाकोठी, भगवानपुर हाट, महाराजगंज, आंदर व हसनपुरा के कार्यालय से संबंधित के अलावा सिविल सर्जन के कार्यालय से सबंधित, अनुमंडल पदाधिकारी सदर/महाराजगंज के कार्यालय से संबंधित, जिला पंचायती राज शाखा के कार्यालय से संबंधित, प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय से संबंधित जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस के कार्यालय से संबंधित, जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय से संबंधित जिला भू अर्जन पदाधिकारी के कार्यालय से संबंधित, भूमि सुधार उप समाहर्ता महाराजगंज के कार्यालय से संबंधित, बैंकिंग शाखा से संबंधित, बाल संरक्षण पदाधिकारी के कार्यालय से संबंधित, नजारत शाखा से संबंधित, स्थापना शाखा संबंधित आवेदन पत्र / समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए जिला पदाधिकारी सिवान द्वारा उक्त समस्याओं का स-समय नियमानुसार निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यकतानुसार तत्काल दिशा-निर्देश दिया गया।

## योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक व्यक्तियों को दिलाने की हो प्राथमिकता : जिलाधिकारी



**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को जिला पदाधिकारी ने की उद्योग विभाग से संबंधित योजनाएं यथा पीएमजीपी, पीएमएफएमई एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना समीक्षा की। जिसमें महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र सिवान, प्रभारी बैंकिंग शाखा अग्रणी बैंक प्रबंधक, डीडीएम नाबार्ड सिवान, परियोजना प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र सिवान, बैंकों के प्रतिनिधि उद्योग विस्तार पदाधिकारी एवं जिला संसाधन सेवी आदि उपस्थित रहें। जिला पदाधिकारी के द्वारा उपस्थित सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को सम्बोधित करते हुए आग्रह किया गया कि सरकार की इन महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक व्यक्तियों दिलाने की प्राथमिकता दी जाय। सरकार उद्यम लगाने हेतु निरंतर प्रयासरत है ताकि राज्य में अधिक से अधिक रोजगार सृजन हो सके। सीवान जिला एक समृद्ध जिला है और यहाँ उद्यम की असीम संभावनाएँ है। आपके सहयोग से जिले में काफी उद्यम लगें है और मेरा विश्वास है कि इस वर्ष भी काफी उद्योग लगेगे और अधिक से अधिक रोजगार सृजन होगा। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकों को जिला प्रशासन के तरफ से प्रोत्साहित करने की बात कही गयी । साथ ही महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, को निदेशित किया गया कि उद्यमियों के समस्याओं के निदान के लिए त्वरित गति से कार्रवाई करे यदि मेरे सहयोग की आवश्यकता हो तो निश्चित रूप से हमें बताएँ।इसके बाद जिला पदाधिकारी द्वारा ऋण वितरण शिविर वर प्रारम्भ करने हेतु आदेशित किया गया। इस ऋण स्वीकृति एवं वितरण शिविर में ढटऋएए योजनान्तर्गत 05 लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया जिसमें राशि रू० 60.00 (साठ लाख रुपए) मात्र सन्निहित है तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनान्तर्गत 03 लाभुकों को ऋण भुगतान हेतु डमी चेक वितरित किया गया।

## पहली बार प्रमंडल स्तरीय बीएलओ व निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित







के. के. सिंह सेंगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

### योग्य छूटे नहीं, अयोग्य जुटे नहीं : बीएलओ का मूल मंत्र

**छपरा (सारण)।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार छपरा में पहली बार प्रमंडल स्तरीय बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर के प्रेक्षा गृह में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्घाटन संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें बीएलओ प्रतिनिधि को भी आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए आयोग की ओर से प्रतिनियुक्त प्रशिक्षण प्रेक्षक गीता चौबे ने कहा कि बीएलओ ही वह महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जिनके माध्यम से निर्वाचन आयोग आम नागरिकों और मतदाताओं से सीधा संपर्क स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि बीएलओ की नियुक्ति लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13(ख) के तहत होती है। इनकी भूमिका केवल जिला या क्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि ये ईसीआई के नेतृत्वकर्ता होते हैं। हमारा मूल मंत्र है-'योग्य छूटे नहीं, अयोग्य जुटे नहीं'। मुख्य अतिथि एवं प्रमंडलीय आयुक्त गोपाल मीणा ने कहा कि हम सबका सौभाग्य है कि हम लोकतंत्र को जीवित रखने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। अब्राहम लिंकन के कथन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यदि मुझे कोई कार्य करने के लिए छह घंटे दिए जाएं, तो मैं चार घंटे तैयारी में लगाऊंगा। उन्होंने बीएलओ से हमेशा अपडेट रहने और नियमों को गंभीरता से पढ़ने का आह्वान किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अमन समीर ने कहा कि स्वच्छ चुनाव की नींव एक स्वच्छ मतदाता सूची है। उन्होंने बताया कि आयोग इस बार बीएलओ और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दिल्ली बुलाकर प्रशिक्षण दे रहा है, जिससे पारदर्शी निर्वाचन की दिशा में ठोस कदम उठाया जा सके। मुख्य उप निर्वाचन पदाधिकारी अनिल राय ने बीएलओ का उत्साहवर्धन करते हुए प्रशिक्षण में सीखी गई बातों को अपने अन्य सहयोगियों से साझा करने की अपील की। उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद इकबाल ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस सत्र की लाइव स्ट्रीमिंग की जा रही है, जिसे निर्वाचन आयोग स्वयं मॉनिटर कर रहा है। उन्होंने बताया कि सत्र के बाद ऑनलाइन परीक्षा ली जाएगी और प्राप्तांक के आधार पर बीएलओ को ग्रेडिंग दी जाएगी।

# दुर्घटनाओं में चार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिला में शुक्रवार को अलग- अलग स्थानों पर हुए सड़क दुर्घटनओं में एक महिला, एक बच्चा सहित चार लोगों की मौत हो गई।

**रफीगंज संवाददाता के अनुसार**

रफीगंज- शिवगंज मुख्य पथ के चातर पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इलाज के दौरान भांजे की भी मौत हो गई है। घटना रफीगंज शिवगंज मुख्य पथ के चातर पेट्रोल पंप के पास की है। मृतका की पहचान देव थानाक्षेत्र के बनिया गांव निवासी विकास कुमार की पत्नी 23 साल की पिंकी कुमारी के रूप में की गई। बाइक चालक 20 साल का रोहित कुमार थाना क्षेत्र के ही नीमा गांव निवासी मुन्ना सिंह का बेटा था। घटना की जानकारी पर रफीगंज सामुदायिक अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि पिंकी को गिल्टी हो गया था। पिछले कुछ दिनों से रफीगंज से उसका इलाज चल रहा था। दोनों मामी, भांजा बाइक पर सवार होकर इलाज कराने रफीगंज जा रहे थे। इस दौरान अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गए। घटना की जानकारी मिलते ही रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार दलबल के साथ अस्पताल पहुंचे और शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

**औरंगाबाद ब्यूरो के अनुसार**

दाउदनगर थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव के समीप एक पेट्रोल पंप के पास पटना एनएच-139 पर तेज रफ्तार एक बस ने सड़क किनारे खड़े सवारियों से भरे ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें चार साल के एक मासूम बच्चे की मौत हो गई। जबकि छह घायल हो गए। मृतक मासूम की पहचान अरवल जिले के कलेर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलांव गांव निवासी अभिषेक कुमार के 4 वर्षीय पुत्र अनुराग कुमार के रूप में की गई हैं। घटना में कई यात्रियों को गंभीर चोटें भी आई है, जिनका उपचार चल रहा है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क को जमकर आवाजाही बाधित कर दिया जिसके कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। घटना की सूचना पर पहुंची दाउदनगर थाना के पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

वहीं एक अन्य घटना में दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में 23 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्री सीमेंट प्लांट के समीप की है। मृतक की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के खरांटी बिगहा गांव निवासी अरविंद यादव के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक आयुष शहर के ही शाहपुर मुहल्ले का रहने वाला है। बताया जाता है कि इस घटना में बहन की डोली उठने से पहले ही भाई की अर्थी उठ गई। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि अरविंद यादव के घर में शादी समारोह की तैयारी चल रही थी। 11 मई को उसकी बहन सोनी कुमारी का बारात आने वाला था। आठ मई यानी गुरुवार की रात सभी लोग अपने घर से मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पकहा गांव तिलक चढ़ाने के लिए बाइक से निकले थे। इसी दौरान एक अन्य बाइक से दोनों की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि घटनास्थल पर ही अरविंद की मौत हो गई और आयुष गंभीर रूप से घायल हो गया।

## संदेहास्पद स्थिति में मिला व्यक्ति का शव

**गोह (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** उपहारा थाना क्षेत्र के गोरकट्टी नाला के समीप से शुक्रवार की दोपहर एक व्यक्ति का शव संदेहास्पद स्थिति में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची उपहरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के महेश परासी गांव निवासी 50 वर्षीय सूर्य दयाल राम के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक सूर्य दयाल राम मेहनत मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। वे बीते शाम से ही घर से लापता थे। परिजनों द्वारा खोजबीन किया गया लेकिन पता नहीं चल सका। वहीं शुक्रवार की दोपहर राहगीरों ने एक शव को देखा। शव मिलने की सूचना चारों तरफ फैल गई। सूचना पर पहुंचे पर पुलिस ने सबको कब्जे में लिया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि उक्त व्यक्ति की मौत संदेहात्मक स्थिति में हुई है।

# यातयात उल्लंघन में वसूली गयी एक करोड़ 93 लाख शमन राशि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी-सह जिला सड़क सुरक्षा समिति अध्यक्ष श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आहुत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सडक दुर्घटनाओं के आंकड़े का विश्लेषण के क्रम में पाया गया कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत माह अप्रैल 2025 तक कुल मृतकों की संख्या 129 तथा घायलों की संख्या 70 है, जो अत्यंत ही चिंता का विषय है। इस संबंध में सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों के पास साईनेज एवं बोर्ड एवं रम्बल स्ट्रीप आदि लगाना सुनिश्चित करेंगे तथा जिला परिवहन कार्यालय, औरंगाबाद के सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि लगातार दोपहिया वाहन का सघन रूप से हेलमेट का जांच करना सुनिश्चित करेंगे। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि परिवहन विभाग, बिहार पटना से प्राप्त निदेश के आलोक में हेलमेट एवं सीट बेल्ट का विशेष अभियान चलाकर जांच किया जाता है। वर्तमान में भी हेलमेट एवं सीट बेल्ट का विशेष जांच अभियान इस जिला में जारी है। इसके लिए हमारे मोटरयान निरीक्षक, प्रवर्तन अवर निरीक्षक एवं सभी थाना औरंगाबाद जिला द्वारा नियमित रूप से हेलमेट एवं सीट बेल्ट का विशेष अभियान चलाकर जांच किया जाता है तथा जांच में जब्त वाहनों से जुर्माने की राशि वसूली जाती है। यातायात नियमों के उल्लंघन के दौरान अप्रैल 2025 से अब तक जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटरयान निरीक्षक, प्रर्वतन अवर निरीक्षक एवं सभी थाना द्वारा कुल 01 करोड़ 93 लाख रूपये की शमन की राशि वसूल की गई है।

# सूर्यनगरी में धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**देव (औरंगाबाद)।** सूर्यनगरी देव स्थित बगीचा रिसोर्ट में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा महाराणा प्रताप के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। उपस्थितजनों ने वीरता और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित की। समाजसेवियों ने महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि उन्होंने 16वीं शताब्दी में मुगल सम्राट अकबर के विरुद्ध मेवाड़ की स्वतंत्रता की रक्षा हेतु अद्वितीय संघर्ष किया। हल्दीघाटी का युद्ध आज भी उनकी वीरता और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के सहयोगी भामाशाह के योगदान को भी नमन किया, जिन्होंने संकट की घड़ी में सम्पूर्ण धन देकर सेना को बचाया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने वर्तमान समय में पाकिस्तान के विरुद्ध चल रहे 'सिंदूर ऑपरेशन' की चर्चा करते हुए कहा कि आज भी भारतवासियों को महाराणा प्रताप जैसी निष्ठा और देशभक्ति का परिचय देना होगा। जिस प्रकार उन्होंने घास की रोटी खाकर भी स्वतंत्रता का परचम थामे रखा, वैसे ही आज हर भारतीय को देशहित में एकजुट रहना होगा। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के मनोज परमार, नगर अध्यक्ष पिंटू साहिल, बेढ़नी मुखिया मनोज सिंह, सरगांव मुखिया बिनोद सिंह, समाजसेवी उपेंद्र यादव, वीर कुंवर सिंह ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह, निखिल सिंह, राकेश कुमार, दीपक गुप्ता, आचार्य बिनोद सिंह, पवन पांडेय, संदीप दुबे, शिवम गुप्ता समेत कई गणमान्य नागरिक एवं युवा मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने संकल्प लिया कि ''यदि जरूरत पड़ी तो भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने से भी पीछे नहीं हटेंगे'', और ''घास की रोटी खाएंगे पर पराधीनता स्वीकार नहीं करेंगे'' जैसे नारे लगाए, जिससे समारोह स्थल देशभक्ति के भाव से गूंज उठा।

## विशेष सर्वेक्षण कार्य में लाएं तेजी : डीएम

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)** समाहरणालय सभा कक्ष में बिहार विशेष सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षा जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा वर्तमान में एक दिन में आने वाले आवेदनों की संख्या से अवगत हुए। विशेष सर्वेक्षण कानुनगो के द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन लगभग 40 से 50 आवेदन शिविर में प्राप्त होते हैं। जिलाधिकारी द्वारा शिविर में प्राप्त प्रपत्र 2 आवेदन को ऑनलाइन पोर्टल पर शीघ्र अपलोड करने का निर्देश दिया गया। शेष बचे हुए राजस्व ग्राम का प्रपत्र 5 में खेसरों की प्रविष्टि कर शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में बंदोबस्त पदाधिकारी शैलेश कुमार दास, सभी विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी तथा सभी विशेष सर्वेक्षण कानूनगो एवं बंदोबस्त कार्यालय के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# इंडस्ट्रियल विजिट में उद्योग की वास्तविकता से रू-ब-रू हुए पॉलिटेक्निक के छात्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** राजकीय पॉलिटेक्निक औरंगाबाद के छात्रों के लिए गुरुवार को न्यू बिहार सीमेंट प्लांट, औरंगाबाद में एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। यह विजिट ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड के तत्वावधान में आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य छात्रों को उद्योग जगत की गतिविधियों से परिचित कराना और उनमें नवाचार, उद्यमिता तथा विज्ञान की व्यावहारिक समझ विकसित करना था। इस अवसर पर संस्थान के स्टैंडर्ड क्लब मेंटर डॉ. दीपक कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रकार का विजिट छात्रों को उद्योग की वास्तविक परिस्थितियों से परिचित कराने का माध्यम बनती है। इससे उनके व्यावसायिक कौशल में वृद्धि होती है और करियर निर्माण में मदद मिलती है। विजिट के दौरान छात्रों ने न्यू बिहार सीमेंट प्लांट के उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण, मशीन संचालन और सुरक्षा उपायों की बारीकियों को नजदीक से देखा और विशेषज्ञों से संवाद किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. दीपक कुमार सिंह के साथ-साथ प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी माजीद हुसैन, इलेक्ट्रिकल विभागाध्यक्ष श्वेता जमुआर और मीडिया प्रभारी मोहम्मद शाहिद अख्तर की सक्रिय भागीदारी रही। छात्रों ने इस अनुभव को बेहद उपयोगी बताते हुए कहा कि इस विजिट ने उन्हें न केवल तकनीकी समझ दी, बल्कि औद्योगिक वातावरण में काम करने की प्रेरणा भी दी।






# जयंती पर याद किए गए वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** शहर के जसोईया स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद महाराणा प्रताप के शौर्य, बलिदान और राष्ट्रनिष्ठा को विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से स्मरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप ने संघर्षशील मृत्यु को अपमानित जीवन से श्रेष्ठ माना। उनका जीवन हमें सिखाता है कि आत्मसम्मान और देश की स्वतंत्रता सर्वोपरि है। उन्होंने वर्तमान समय में भारत पर पड़ोसी देश पाकिस्तान द्वारा किए जा रहे आतंकी हमलों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय सेना प्रतिदिन दुश्मनों की नापाक मंशा को नाकाम कर रही है, ठीक उसी तरह जैसे महाराणा प्रताप ने मुगलों के आगे झुकने से इंकार कर दिया था। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, मुखिया सुजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। मौके पर मौजूद लोगों ने देश की सुरक्षा में तैनात भारतीय सेना के साहस और समर्पण को भी नमन किया।

## डीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने पांच परिवादियों के फरियाद को सुना गया। इस दौरान परिवादियों द्वारा भूमि विवाद, कब्जा, आवास योजना, वासीगत पर्चा अन्य विभागों से संबंधित मामले लाए गए। जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों के आवेदनों के सुनवाई करते हुए त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों के पास परिवाद पत्र भेजते हुए यथाशीघ्र मामला को निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

# रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सभागार में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मेगा रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। संस्था से जुड़े सदस्यों ने सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरण किया एवं पूरे साल रक्तदान शिविर लगाने वाले संस्था को सम्मानित किया और रेड क्रॉस संस्थापक हेनरी ड्यूनेन्ट के जन्मदिन पर केक काटा। सतीश कुमार सिंह, उदय गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, धीरज अजनबी, सिकंदर हयात, विवेक सिंह समेत 51 लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर सतीश कुमार सिंह, उदय गुप्ता, मरगूब आलम, शिव गुप्ता, सिकंदर हयात, खुर्शीद अहमद, धीरज अजनबी, मनोज कुमार सिंह, मनोज कुमार, पिंटू गुप्ता, मंटू सिसोदिया, शंकर, दीपक कुमार, विवेक सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, अमित गुप्ता, अल्ताफ कुरैशी के साथ अन्य लोग मौजूद थे, इनके अलावे सिविल सर्जन, जेल अधीक्षक, डीपीएम, डीएस मोहम्मद एहसान, डॉ रवि रंजन, डॉ शोभा रानी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# सर्पदंश से किसान की मौत गांव में शोक की लहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर प्रखंड के अरई गांव में खेत में काम कर रहे किसान कंचन राम की सांप काटने से मौत हो गई। घटना सूर्य मंदिर के पास की है, जहां सुबह खेत में काम करते समय उन्हें विषैले सांप ने डस लिया। परिजन आनन-फानन में उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल दाउदनगर लेकर पहुंचे, जहां से बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर किया गया। उपचार के दौरान ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा के जिला प्रवक्ता और ग्रामीण अश्वनी कुमार तिवारी ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों को ढाढ़स बंधाया और आपदा राहत कोष से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग सक्षम पदाधिकारियों से की। कंचन राम अपने पीछे चार पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं। उनके निधन से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। अश्वनी कुमार तिवारी ने बताया कि वे गांव में हर दिल अजीज थे और सभी समुदायों के साथ मिल-जुलकर रहते थे। कंचन राम ने पिछले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अपने वार्ड से लगातार पांच बार जीत दर्ज की थी। उनके निधन को गांव के लोग सामाजिक क्षति मान रहे हैं। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व मुखिया राजकुमार शर्मा, नागेंद्र शर्मा, अमरेंद्र शर्मा, पैक्स अध्यक्ष प्रतिनिधि अजीत कुमार, पैक्स प्रबंधक नारायण पांडे, भोली राम, बैजनाथ राजवंशी सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल हैं।




बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

पशुधन द्वारा
जीवन में गुणात्मक सुधार

## पशुओं में भीषण गर्मी एवं लू लगने के लक्षण एवं उपचार

गर्मी के मौसम में जब बाहरी वातावरण का तापमान अधिक हो जाता है तो वैसी स्थिति में पशु को उच्च तापमान पर ज्यादा देर तक रखने से या गर्म हवा के झोंकों के संपर्क में आने पर लू लगने का डर अधिक होता है जिसे हीट स्ट्रोक अथवा सन स्ट्रोक कहते हैं।

### पशुओं में लू लगने के लक्षण

- तीव्र ज्वर की स्थिति
- मुँह खोलकर जोर–जोर से सांस लेना अर्थात हांफना एवं मुँह से लार गिरना।
- क्रियाशीलता कम हो जाना एवं बेचैनी की स्थिति।
- भूख में कमी एवं पानी अधिक पीना एवं पेशाब कम होना अथवा बंद हो जाना।
- धड़कन तेज होना।
- कभी–कभी अफरा की शिकायत होना आदि।

### पशुओं में लू से बचाव के उपाय

- पशुओं को धूप एवं लू से बचाव हेतु पशुओ को हवादार पशुगृह अथवा छायादार वृक्ष के नीचे रखें जहाँ सूर्य की सीधी किरणें पशुओं पर न पड़े।
- पशुगृह को ठंढ़ा रखने हेतु दीवारों के उपर जूट की टाट लटका कर उसपर थोड़ी–थोड़ी देर पर पानी का छिड़काव करना चाहिए ताकि बाहर से आने वाली हवा में ठंढक बनी रहे।
- पंखे अथवा कूलर का यथासंभव उपयोग करें। पशुओं में पानी एवं लवण की कमी हो जाती है। साथ ही भोजन में अरूची हो जाती है। इन्हें ध्यान में रखकर दिन में कम से कम चार बार साफ, स्वच्छ एवं ठंढा जल उपलब्ध कराना चाहिये। साथ ही संतुलित आहार के साथ–साथ उचित मात्रा में खनिज मिश्रण देना चाहिये। पशुओं खासकर भैंस को दिन में दो–तीन बार नहलाना चाहिए। आहार में संतुलन हेतु एजोला घास का उपयोग किया जा सकता है। साथ ही आहार में गेहूँ का चोकर एवं जौ की मात्रा बढ़ा देनी चाहिए। पशुओं को चराई के लिए सुबह जल्दी/शाम में देर से भेजना चाहिए।

### पशुओं में लू लगने के उपचार

- सर्वप्रथम शरीर के तापमान को नियंत्रित करने के लिए पशु को ठंडे स्थान पर रखना चाहिए।
- पशु को पानी से भरे गढ्ढे में रखना चाहिए अथवा पूरे शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करना चाहिए। सम्भव हो तो बर्फ या अल्कोहल पशुओं के शरीर पर रगड़ना चाहिए।
- ठंडे पानी में तैयार किया हुआ चीनी, भुने हुए जौ का आटा व थोड़ा नमक का घोल बराबर पिलाते रहना चाहिए।
- पशु को पुदीना व प्याज का अर्क बनाकर देना चाहिए।
- शरीर के तापमान को कम करने वाली औषधी का प्रयोग करना चाहिए।
- शरीर में पानी एवं लवणों की कमी को पूरा करने के लिए इलेक्ट्रोलाइट थेरेपी करना चाहिए।
- विषम परिस्थिति में नजदीकी पशु चिकित्सालय से संपर्क करना चाहिए।

PR No.- 002715 (Animal)D. 2025-26

पशुपालन निदेशालय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा जनहित में प्रचारित